आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 15 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 148, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इमरान खान और बुशरा बीबी फिर गिरफ्तार 14

रवि के साथ काम करेंगी उर्वशी 13

अल्काराज फिर बने चैंपियन

लंदन में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को हराकर स्पेन के कार्लोस अल्काराज (बाएं) ने लगातार दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया। ● एजेंसी

चुनावी रैली में ट्रंप की हत्या का प्रयास, मारा गया हमलावर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान जानलेना हमला हुआ। हालांकि पूर्व राष्ट्रपति इस हमले में बाल-बाल बच गए। इस हमले में दर्शक दीर्घा बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई और रिपब्लिकन सांसद के संबंधी समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार ट्रंप पेंसिल्वेनिया के बटलर में शनिवार शाम लगभग सवा छह बजे अज्ञात बंदूकधारी की गोलीबारी में घायल हो गए। उनकी सुरक्षा में तैनात अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में ट्रंप के कान से खून बहता देखा जा सकता है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति सुरक्षित हैं। बटलर काउंटी के जिला अटॉर्नी रिचर्ड गोल्डिंगर ने कहा कि संदिग्ध बंदूकधारी को मार गिराया गया है। सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता एंथनी गुग्लिल्मी ने एक बयान में कहा कि पिट्सबर्ग से लगभग 30 मील उत्तर बटलर में शाम करीब सवा छह रैली स्थल से बाहर ऊंचे स्थान से अचानक गोलियां दागी गयीं। इस दौरान ट्रंप ने अपना हाथ अपने दाहिने कान पर रख लिया और पोडियम पर झुक गए। सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और मंच से नीचे ले गए। पूर्व राष्ट्रपति का चेहरा खून से लथपथ था। हमलावर की पहचान पेंसिल्वेनिया थॉमस मैथ्यू क्रुक्स (20) के रूप की गई है। अमेरिकी प्रतिनिधी सभा के मुख्य जांच बोर्ड ओवरसाइट कमेटी ने पूर्व राष्ट्रपतियों और वर्तमान राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के निदेशक किम्बर्ली चीटल को ट्रंप पर हुए हमले को लेकर को तलब किया है।

हमलावर ने ऊंचे स्थान से चलाई गोलियां, एक व्यक्ति की मौत, रिपब्लिकन सांसद समेत दो घायल

- सुरक्षा में तैनात अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया
- अमेरिकी प्रतिनिधी सभा ने अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के निदेशक चीटल को तलब किया

बाइडेन, मोदी समेत कई हस्तियों ने की निंदा

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत विश्वभर की महत्पूर्ण हस्तियों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। बाइडेन ने कहा है कि यह जानकर उन्हें बहुत अच्छा लगा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जानलेवा हमले में बाल-बाल बच गए और वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए गहरी चिंता जताई। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासिचव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने हमले की कड़ी निंदा की है।

एफबीआई ने शुरू की घटना की जांच

संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। एफबीआई के विशेष एजेंट केविन रोजेक ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि सीक्रेट सर्विस द्वारा मारे जाने से पहले बंदूकधारी मंच पर गोलियां चला चुका था। एफबीआई इस बात की जांच करेगा कि ऐसा कैसे हुआ।

एक नजर

आतंकी लांडा के पांच सहयोगी गिरफ्तार

चंडीगढ़। कनाडा के आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि उनके पास से तीन पिस्तौलें बरामद की गईं। उन्होंने कहा कि लांडा गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों की संख्या अब 13 हो गई है।

सीमा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, तीन आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए सेना ने रविवार को तीन अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर जारी घुसपैठ रोधी अभियान में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। साथ ही हथियार और अन्य युद्ध सामग्री भी बरामद की गई हैं।

जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

जनता दरबार में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने समस्याओं का मौके पर किया निस्तारण

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को जनता दरबार लगाकर प्रदेश भर से आए लोगों की शिकायतों और समस्याओं का निस्तारण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके समक्ष जो भी समस्याएं आती हैं, उनका समयबद्धता से निस्तारण किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में जनता दरबार आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री ने अधिकांश जन समस्याओं और शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। कुछ मामलों में सबंधित विभागों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता में रखा जाए। विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता एवं अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को रखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को सरकारी कार्यालयों में अनावश्यक रूप से न आना पड़े, सरकार द्वारा अधिकांश सेवाएं ऑनलाईन माध्यम से दी जा रही हैं। विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि अपुणि सरकार पोर्टल के माध्यम से दी जा रही विभिन्न ई-सेवाओं का लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को तहसील दिवस और बीडीसी की नियमित बैठकें करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य ब्लॉक, तहसील और जनपद स्तर पर ही जन समस्याओं का समाधान करवाना है। जिलाधिकारी प्रत्येक कार्यदिवस में जनसुनवाई करें।

जनता दरबार में जनसमस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी बने रावल अमरनाथ नंबूदरी

नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी ने संभाला दायित्व। ● अमृत विचार

ब्यूरो, देहरादून

- बदरीनाथ धाम में 250 सालों से चली आ रही रावल परंपरा
- रविवार को विधि विधान से किया गर्भगृह में प्रवेश

अमृत विचार : बदरीनाथ धाम में रावल अमरनाथ नंबूदरी मुख्य पुजारी नियुक्त हो गए हैं। रविवार को उन्होंने विधि विधान के साथ धाम के गर्भगृह में प्रवेश किया। आदिगुरु शंकराचार्य के कालखंड से अभी तक 20 रावल धाम में पूजा-अर्चना का सेवा दायित्व निभा चुके हैं। अब 21वें रावल 30 वर्षीय नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी बदरीनाथ धाम में पूजा पाठ का दायित्व संभालेंगे।

बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने स्वास्थ्य कारणों के चलते हाल ही में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। इसके बाद बदरी-केदार मंदिर समिति ने उनके स्थान पर नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी (30) को प्रभारी रावल नियुक्त किया। अमरनाथ नंबूदरी को दायित्व सौंपने के लिए शनिवार को नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी का तिलपात्र हुआ था। जिसके बाद रविवार को उन्होंने धाम में स्थित पंचधाराओं में जाकर वहां के जल से स्नान किया। अब से मंदिर में होने वाली समस्त पूजाएं नए रावल अमरनाथ नंबूदरी ही करेंगे।

बदरीनाथ धाम में रावल परंपरा करीब 250 सालों से चली आ रही है। दक्षिण भारत के नंबूदरी ब्राह्मण ही मंदिर के रावल नियुक्त किए जाते हैं। बदरीनाथ धाम में मुख्य पुजारी को रावल कहा जाता है। बदरीनाथ के मुख्य पुजारी को यह उपाधि टिहरी नरेश प्रदीप शाह ने दी थी। मंदिर में नियमित पूजा चलती रहे और उसमें कोई व्यवधान न हो इसके लिए यह व्यवस्था बनाई। टिहरी नरेश ने गोपाल नंबूदरी को बदरीनाथ धाम का प्रथम रावल नियुक्त किया। पहले यह व्यवस्था राजपरिवार के पास थी, बाद में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के माध्यम से रावल की तैनाती की जाने लगी।

हरिद्वार में हाईवे से नीचे पार्किंग में गिरी रोडवेज बस

ब्यूरो, हरिद्वार

- मुरादाबाद डिपो की अनियंत्रित बस हाईवे की सुरक्षा दीवार तोड़ नीचे गिरी
- पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद निकाले गए यात्री

<< हाईवे से नीचे गिरी अनियंत्रित रोडवेज बस।

अमृत विचार : देहरादून से आ रही मुरादाबाद डिपो की रोडवेज बस हर की पैड़ी के सामने अनियंत्रित होकर हाईवे की सुरक्षा दीवार तोड़कर नीचे पार्किंग के गेट पर गिर गई। बस के नीचे गिरते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे में करीब 20 यात्री घायल हुए हैं।

मुरादाबाद डिपो की रोडवेज बस देहरादून से आ रही थी। शाम करीब साढ़े पांच बजे हर की पैड़ी के सामने हाईवे पर बस एकाएक अनियंत्रित हो गई और हाईवे की सुरक्षा दीवार को तोड़ते हुए नीचे गिर गई। जिस स्थान पर बस गिरी वह हाईवे की नीचे से दीनदयाल उपाध्याय पार्किंग का एंट्री गेट है। हर की पैड़ी पर आने वाले वाहन हाईवे के अंडरपास से होकर इसी पार्किंग में खड़े होते हैं। बस नीचे गिरते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना होते ही पास ही स्थित पुलिस कंट्रोल रूम से पुलिस जवान व अन्य लोगों ने यात्रियों को बस से निकाला।

कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा के मुताबिक बस में 35 से 40 यात्री सवार थे। इनमें से 20 से 25 यात्री घायल हुए हैं। घायलों को 108 एंबुलेंस व स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया। हादसे में पार्किंग में खड़ी कई कारें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। संयोग से कोई वाहन अंडर पास से नहीं गुजर रहा था वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

कुमाऊं में कमजोर हुआ मानसून, गढ़वाल में जारी है बारिश का कहर

हल्द्वानी, अमृत विचार: मानसून इस समय गढ़वाल मंडल में ज्यादा सक्रिय है। इधर, मैदानी इलाकों में बारिश कम होने से तापमान में फिर से बढ़ोत्तरी हो रही है।



रविवार को पौड़ी में 61 मिमी, लैंसडॉन में 23 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा गढ़वाल के अन्य क्षेत्रों में भी बारिश हुई। गढ़वाल की अपेक्षा कुमाऊं मंडल में मानसून कम सक्रिय है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार मैदानी इलाकों में तापमान में फिर से उछाल आया है। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 36 डिग्री और देहरादून में 34.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। 18 जुलाई तक पूरे उत्तराखंड में भारी का बारिश ओरेंज या रेड अलर्ट नहीं है।

मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला, एक जवान शहीद

इंफाल, एजेंसी

- गोलीबारी में सीआरपीएफ और पुलिस के तीन जवान घायल
- कुकी उग्रवादियों ने एक गांव में भी तीन घंटे तक की फायरिंग

मणिपुर के जिरीबाम जिले के मोंगबुंग गांव में रविवार सुबह संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान शहीद हो गया जबकि सीआरपीएफ का एक जवान और मणिपुर पुलिस के दो जवान घायल हो गए। सभी को जिरीबाम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान बिहार के अजय कुमार झा (43) के रूप में की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि काफिले का वाहन चला रहे जवान के सिर में गोली लगी थी, अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

सूत्रो के मुताबिक सेइजांग कुकी गांव के भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने रविवार की सुबह मैतेई गांव और सुरक्षा कर्मियों के काफिले पर हमला किया। उन्होंने तीन घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी की। जिरीबाम के एक निवासी ने कहा कि जिस सटीकता से हमले किए गए, उससे पता चलता है कि आतंकवादी अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे थे।

बड़ी सफलता, तीन इनामी सहित 11 नक्सली गिरफ्तार

जगदलपुर, एजेंसी

- हथियारों और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा जिलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षा बल के जवानों को रविवार को बड़ी सफलता मिली जब जवानों ने तीन इनामी सहित 11 कुख्यात नक्सलियों को गिरफ्तार किया। साथ ही गिरफ्तार नक्सलियों के पास से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा भी बरामद किया। बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत छुटवाई के जंगल से दो इनामी माओवादी समेत सात नक्सलियों को पकड़ा है। पकड़े गए माओवादियों में मिलट्री प्लाटून नंबर 9 का सदस्य, जिस पर दो लाख का इनाम था और केएएमएस की अध्यक्ष पर एक लाख का इनाम था। सातों नक्सली लंबे समय से सक्रिय थे। सुकमा में गिरफ्तार किए गए चारों नक्सली जवानों को रेकी कर बड़े हमले के फिराक में थे। नक्सली हत्या, लूट सहित कई मामलों में वांछित थे। अभियान के दौरान ग्राम सिंगाराम पास सादे वेश-भूषा धारण किए कुछ संदिग्ध लोग पुलिस पार्टी को अपने ओर आते देखकर भागने लगे, जिनमें से घेराबंदी कर चार संदिग्ध लोगों को पकड़ा गया।

जीटीबी अस्पताल में गोली मारकर मरीज की हत्या

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में गोली मारकर एक मरीज की हत्या कर दी गई। रियाजुद्दीन (23) को 23 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वार्ड नंबर 24 में उसका पेट में संक्रमण का उपचार किया जा रहा था। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि वार्ड नंबर 24 में शाम को करीब 4 बजे 18 वर्षीय एक युवक आया था और रियाजुद्दीन पर गोली चला दी। डीसीपी ने कहा कि मामला दर्ज किया जा रहा है और हमलावर को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई हैं। प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश का लग रहा है।

46 साल बाद खोला गया पुरी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार

भुवनेश्वर, एजेंसी

आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत के लिए खोला गया

- उड़ीसा हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश समेत 11 लोगों की देखरेख में पूरी होगी प्रक्रिया

ओडिशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 46 साल बाद रविवार दोपहर को फिर से खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत करने के लिए रत्न भंडार को खोला गया है। इसके पहले 1978 में इसे खोला गया था। राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में प्रवेश किया और अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार पुनः खोला गया। ओडिशा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में रत्न भंडार को पुनः खोलना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा था।

जगन्नाथ मंदिर में रत्न भंडार खोले जाने पर जमा श्रद्धालु।

रत्न भंडार को दोपहर 1:28 बजे शुभ घड़ी में खोला गया। खोलते समय 11 लोग मौजूद थे, जिसमें उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, एएसआई के अधीक्षक डीबी गड़नायक और पुरी के नाममात्र राजा के एक प्रतिनिधि शामिल थे।

संदूकों में भरकर रखे जाएंगे रत्न

पाधी ने बताया कि रत्न भंडार के बाहरी कक्ष की तीन चाबियां उपलब्ध थीं जिनमें से एक गजपति महाराज के पास, दूसरी एसजेटीए के पास और तीसरी एक सेवक के पास थी। उन्होंने बताया कि आंतरिक कक्ष की चाबी गायब है, हालांकि उसे नई चाबी से खोलने के बाद सील कर दिया जाएगा तथा जिलाधिकारी की निगरानी में नई चाबी को जिला कोषागार में रखा जाएगा। रत्न भंडार में रखे गए कीमती सामान को ले जाने के लिए लकड़ी के छह संदूक मंदिर में लाए गए हैं। सागवान की लकड़ी से बने ये संदूकें 4.5 फुट लंबी, 2.5 फुट ऊंची और 2.5 फुट चौड़ी हैं, अंदरूनी हिस्से में पीतल लगा है।

बहुमूल्य वस्तुओं की बनेगी डिजिटल सूची

मंदिर के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने बताया कि तीन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की गई हैं जिसमें से एक रत्न भंडार को फिर से खोलने से संबंधित है, दूसरा अस्थायी रत्न भंडार के प्रबंधन के लिए है और तीसरा कीमती सामान की सूची से संबंधित है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सरकार ने रत्न भंडार में मौजूद बहुमूल्य वस्तुओं की डिजिटल सूची तैयार करने का निर्णय लिया है, जिसमें उनके वजन और निर्माण आदि का विवरण दिया जाएगा।

सार-संक्षेप

पौधरोपण करते भीमताल में भीमेश्वर महादेव समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

समिति ने लिया पेड़ों को बचाने का संकल्प

भीमताल : भीमेश्वर महादेव समिति ने कॉम्बी फैक्ट्री के पास की कॉलोनी में नीम, आंवला, नींबू और झिझरी क्रियाशाला में पीपल का पौधा लगाया। साथ ही लगाये गये सभी पौधे के संरक्षण का संकल्प लिया। संस्था के अध्यक्ष शरद पांडे ने बताया कि समिति का लक्ष्य इस बार तीन सौ पौधे लगाना है। कार्यक्रम में सचिव सुनीता पांडे, उप सचिव रवि टम्टा, उपाध्यक्ष ईशु राठौर, सदस्य रेखा गुणवंत, संजय पलड़िया, मंजू जोशी मौजूद रहे।

पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद क्लब की महिलाएं। ● अमृत विचार

लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने किया पौधरोपण

नैनीताल : लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने हरेला महोत्सव के तहत नैनीताल और मेहरागांव में वृहद पौधरोपण किया। क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल ने बताया कि क्लब ने इस वर्ष जिले में पूलम, नाशपती, माल्टा, नींबू सहित शमी, पीपल आदि के 50-50 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। पौधरोपण के दौरान महिलाओं ने पौधों की देखकर का संकल्प भी लिया। इस मौके पर सचिव दीपा पांडे, प्रगति जैन, नीलम गुप्ता, गीता साह, रानी साह, जीवन्ती भट्ट, अमिता शाह, मीनू बुधलाकोटी, कंचन जोशी, तन्नू सिंह, सोनू साह, संतोष साह, राजकुमार गुप्ता, डॉ. हिमांशु पांडे मौजूद रहे।

मेडल के साथ हल्द्वानी निवासी नीति पांडे। ● अमृत विचार

हल्द्वानी की नीति ने महिला वुशु लीग में जीता रजत

हल्द्वानी : खेलो इंडिया महिला वुशु लीग नॉर्थ जोन का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला में 9 से 12 जुलाई तक किया गया। जिसमें हल्द्वानी की नीति पांडे ने अंडर-14 के 42 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। कोच अंकित बिष्ट ने बताया कि नीति को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने तीन हजार रुपये की स्कॉलरशिप भी प्रदान की है। उसकी इस उपलब्धि से माता बीना पांडेय सहित परिवार के सभी सदस्यों में खुशी का माहौल है। इस मौके पर रोहित यादव, प्रशिक्षक महेंद्र सिंह भाकुनी, विक्रम सिंह खनी, लक्ष्मी दत्त भट्ट, रेनू बोरा ने नीति को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

भीमताल में हरेला मेले का शुभारंभ कल

भीमताल : भीमताल में हरेला मेले को लेकर तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई हैं। मेले का आगाज 16 जुलाई को किया जाएगा। मेले के लिए करीब 350 दुकानें तैयार की गई हैं। इन दुकानों के लिए बरेली, पीलीभीत, हल्द्वानी और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से लोग यहां पहुंच रहे हैं। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी उदय वीर सिंह ने बताया कि मेले में दिन के समय होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भव्य बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस बार मेले में 24 सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों के बच्चे भी प्रत्येक दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे।

भवाली में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कांग्रेसियों ने उपचुनाव में जीत पर बांटी मिठाई

भवाली : कांग्रेस नगर अध्यक्ष कंचन सुयाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंगलौर व बद्रीनाथ उपचुनाव में हुई जीत पर मिष्ठान वितरण किया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा ने धर्म के नाम पर राजनीति की है, जिसका परिणाम भाजपा के सामने आ रहा है। वहीं राहुल गांधी ने हमेशा गरीब की आवाज उठाई है। जनता अब समझ गई है कि मुफ्त राशन से कुछ नहीं होगा। महंगाई व बेरोजगारी ने लोगों की कमर तोड़ी है। युवा भी भाजपा को नकार रहे हैं। भाजपा की राजनीति हिन्दू-मुस्लिम वाली है। कांग्रेस लोगों को जोड़कर आगे बढ़ती है। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष कंचन सुयाल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष दयाल आर्या, सुजान सिंह रजवार, हरेंद्र आर्या, रमेश चन्द्र, लोकेश जोशी, शांति तिवारी, प्रेमा पाण्डे, दीपा पाण्डे, संगीता कांडपाल, जया कपिल, शुमन आर्य मौजूद थे।

पानी नहीं आने से ग्रामीणों में आक्रोश

भीमताल : ओखलकांडा मल्ला में पिछले दिनों हुई बारिश से पेयजल लाइन के टूटने से ग्रामीणों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी दीपक बर्गली ने बताया कि ग्रामीणों को पानी के लिए जलस्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। टूटी हुई पेयजल लाइनों को विभाग को सूचना देने के बावजूद जल संस्थान ठीक नहीं करा सका है। जल्द ही जल संस्थान के अधिकारियों का घेराव किया जाएगा।

घर में घुसकर पर्स चुराते हुए युवक को पकड़ा

रामनगर : एक युवक को घर में घुसकर पर्स से 60 रुपए चुराते हुए घर वालों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। मनोज कुमार पांडेय निवासी एलआईसी रोड पैठपड़ाव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार की दोपहर उनके घर में एक अनजान व्यक्ति कमरे के अन्दर घुस गया। खटर पटर की आवाज होने पर उन्होंने व उनकी पत्नी ने कमरे में जाकर देखा तो एक युवक घर में रखे पर्स से पैसे निकाल रहा था। युवक भागने का प्रयास करने लगा जिस पर उन्होंने युवक को पकड़ लिया। युवक के दाहिने हाथ में 20-20 रुपए के तीन नोट (60 रुपए) थे। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अर्जुन आर्य पुत्र प्रकाश चन्द्र आर्या (उम्र 23) निवासी ग्राम टेड़ा रोड रामनगर बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बारिश से तापमान में गिरावट, मौसम हुआ सुहावना

सरोवर नगरी में रविवार को 40 मिनट तक हुई तेज बारिश, बारिश के बाद नैनी झील और पहाड़ियों पर छाया घना कोहरा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : करीब चार दिन बाद रविवार को सरोवर नगरी में 40 मिनट तक तेज बारिश हुई। जिससे मौसम सुहावना हो गया। बारिश के बाद नैनी झील और पहाड़ियों पर घना कोहरा छा गया। हालांकि पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आपदा का डर अभी भी सता रहा है।

रविवार को सुबह से नगर में गुनगुनी धूप खिली रही। दोपहर में अचनाक मौसम ने करवट बदली और करीब 40 मिनट तक तेज बारिश हुई। बारिश का सिलसिला थमने के बाद नैनीताल में सैलानियों की आमद बढ़ने लगी थी। रविवार को नैनीताल पहुंचे सैलानियों ने बारिश में भीगते हुए नगर की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाया। इधर, मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार नगर का अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

भोटिया बाजार में बारिश के बीच जाते सैलानी। ● अमृत विचार

बिरसिंग्या में फसल को हुए नुकसान का जायजा लेते कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख।

19 जुलाई से फिर सक्रिय होगा मानसून

हल्द्वानी, अमृत विचार : जुलाई माह में मानसून की शुरुआत जोरदार हुई थी। अब मानसून कमजोर पड़ गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार कुछ दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश रहेगी। बाद में मानसून फिर से सक्रिय होगा। लोगों को उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ सकती है।

हल्द्वानी में शनिवार की रात बारिश हुई। रविवार की सुबह कहीं-कहीं बादल छाए रहे। धूप निकलने के साथ ही उमस भरी गर्मी पड़ने लगी। लोग गर्मी से काफी परेशान रहे। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 18 जुलाई तक नैनीताल जिले में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। गुरुवार तक तेज धूप भी निकल सकती है। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ेगी। 19 जुलाई से एक बार फिर मानसून सक्रिय हो सकता है। उसके बाद भारी से बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। इधर, हल्द्वानी में रविवार को अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा। 9 जुलाई से तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया है।

बिरसिंग्या गांव में बारिश से फसलों को हुआ नुकसान

भीमताल, अमृत विचार : कनिष्ठ प्रमुख धारी कृपाल सिंह मेहता ने बबियाड़ के तोक बिरसिंग्या गांव में बारिश से फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि नुकसान के बारे में राजस्व विभाग को सूचना दे दी गई है। उन्होंने अपने मद से गांव के मंदिर में हो रहे टिन शेड निर्माण का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि तोक में सड़क व आंगनबाड़ी का न होना मुख्य समस्या है। कनिष्ठ प्रमुख ने बताया कि मार्ग के लिए प्रथम चरण की स्वीकृति मिल चुकी है। कुछ दिनों में लोक निर्माण विभाग को भूमि हस्तांतरित हो जाएगी। उसके बाद द्वितीय चरण की स्वीकृति मिलेगी। मिनी आंगनवाड़ी के लिए भी जल्द से जल्द जिलाधिकारी से मुलाकात की जाएगी।

केएमवीएन कर्मियों ने मांगों को लेकर किया पौधरोपण

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : कुमाऊं मंडल विकास निगम कर्मचारी महासंघ से जुड़े कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर अनूठा प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सूखाताल झील परिसर में पौधरोपण कर सरकार से शीघ्र मांग पूरी करने की मांग की।

प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि महासंघ ने हरेला सप्ताह के तहत सूखाताल झील परिसर में वृहद स्तर पर विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे लगाए। कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य में अनूठा आंदोलन चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में कंचन चंदोला, रमेश कपकोटी, पदम सिंह, गणेश चनियाल, वेद प्रकाश, बलवंत सिंह, सोनू बोरा, होशियार सिंह, त्रिभुवन पुनेठा, महेश कुमार, नरेंद्र थापा, नरेंद्र सिंह शामिल रहे।

अनूठा प्रदर्शन

- कुमाऊं मंडल विकास निगम के कर्मचारियों का अनूठा प्रदर्शन
- शीघ्र कर्मचारियों को नियमित करने की मांग उठाई

बीडी पांडे अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

नैनीताल, अमृत विचार : नगर के बीडी पांडे अस्पताल में इन दिनों मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। यहां रोजाना मलेरिया और त्वचा रोग से पीड़ित मरीज इलाज कराने आ रहे हैं। अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एमएस दुग्ताल ने बताया कि नगर व आसपास के क्षेत्रों से मलेरिया के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। हालांकि अभी स्थिति गंभीर नहीं हैं। सभी को घरों के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखने कोकहा जा रहा है। बताया कि मानसून में लोग त्वचा का लाल होना, पपड़ी बनना, दाने होना, खुजली आदि से परेशान रहते हैं। कहा कि अगर किसी को भी बुखार या अन्य कोई परेशानी हो तो तुरंत चिकित्सक को दिखाएं।

शहर में आज बदला रहेगा यातायात

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रोडवेज बस अड्डे से लेकर सरस मार्केट तक सड़क चौड़ीकरण के लिए बिजली के पोलों को शिफ्ट किया जाना है। साथ ही पेड़ों का कटान भी होना है। इसको लेकर सोमवार को शहर में यातायात रूट डायवर्ट रहेगा।

पुलिस के अनुसार बरेली रोड से आने वाले सभी बड़े वाहन तीनपानी बाईपास तिराहा से होते हुए गौला बाईपास से काठगोदाम की ओर जाएंगे। रामपुर रोड से आने वाले एवं पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले सभी बड़े वाहन शीतल होटल से डायवर्ट होकर बरेली रोड से तीनपानी बाईपास तिराहा से गौला बाईपास होते हुये काठगोदाम जाएंगे। बरेली रोड से आने वाली रोडवेज बसें तीनपानी बाईपास तिराहे से डायवर्ट होकर गौला रोड होते हुये ताज चौराहा होते हुए रोडवेज बस अड्डे आयेंगी।

निजी बसें तीनपानी बाईपास से होते हुये काठगोदाम को जाएंगी। रामपुर रोड से आने वाली रोडवेज की बसें शीतल होटल तिराहा से डायवर्ट होकर बरेली रोड से तीनपानी बाईपास तिराहा से गौलापुल से ताज चौराहा होते हुए रोडवेज जायेंगे। बरेली और रामपुर रोड की ओर जाने वाली सभी रोडवेज बसें सिंधी चौराहा, मंगलपड़ाव होते हुये जाएंगी। सितारगंज और चोरगलिया रोड से आने समस्त बड़े यात्री वाहन गौलापुल, ताज चौराहा, रोडवेज पूर्वी गेट होते हुये स्टेशन पर जायेंगे।

छोटे वाहनों का डायवर्जन प्लान

हल्द्वानी : बरेली रोड से आने वाले और पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले समस्त छोटे वाहनों को तीनपानी तिराहा से डायवर्ट कर गौला बाईपास से नरीमन तिराहा काठगोदाम की ओर भेजा जाएगा। अन्य छोटे वाहनों को गांधी इंटर कॉलेज से डायवर्ट करके आईटीआई से क्रियाशाला होते हुए मुखानी चौराहा भेजा जाएगा। रामपुर रोड की ओर से आने वाले एवं पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले समस्त छोटे वाहनों को आईटीआई तिराहे से डायवर्ट करके भेजा जाएगा। कालाढूंगी रोड की ओर से आने वाले एवं पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले छोटे वाहन लालडांठ, मुखानी चौराहा, अल्मोड़ा अर्बन बैक तिराहे से डायवर्ट होकर नैनीताल रोड से आगे जाएंगे।

साह चौधरी समाज ने बच्चों, वृद्धों को किया सम्मानित

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : साह चौधरी समाज ने एक कार्यक्रम के दौरान समाज सुधार में योगदान देने वाले वृद्धों, परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने वाले छात्रों और अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया।

मल्लीताल के गोवर्धन हॉल में साह चौधरी समाज ने पीढ़ी से पीढ़ी तक सम्मान समारोह-2024 का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कुर्मांचल बैंक के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार साह ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभा के अध्यक्ष सुरेश लाल साह और सचिव सुरेंद्र चंद्र चौधरी ने विशिष्ठ अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया। समाज ने बुजुर्गों को महत्व देते हुए नैनीताल निवासी जगदीश प्रसाद साह, अंबिका प्रसाद साह, पदमा देवी साह, हरी प्रिया साह, जगदीश लाल साह, महेश चंद्र साह, देवी लाल साह, निर्मला साह, बसंती साह, हल्द्वानी निवासी हरीश चंद्र साह, आनंदी चौधरी को ऐपण प्रदान किया। वहीं नैनीताल में समाज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए स्व. नवीन चंद्र साह, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फोटोग्राफी के माध्यम से अपनी पहचान बनाते हुए समाज को गौरवान्वित करने के लिए स्व. अमित साह के परिजनों को विशेष सम्मान प्रदान किया। आयोजकों ने 10वीं और 12वीं में अच्छे नंबर प्राप्त करने के लिए वैष्णवी साह, अस्मिता साह, तेजस साह, अश्लेषा साह, यशस्वी साह, आस्था साह, मान्यता साह, शांभवी साह, उत्कर्ष साह, प्रियांशी साह, श्रेयस साह, शौर्य साह गंगोला को पुरस्कार दिया। पत्रकारिता के क्षेत्र में अंजू साह जगाती, अंतराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच अभिषेक साह, फिल्म मेकिंग में दिवा साह, फोटोग्राफी में उदित साह, साहसिक खेल युवा उत्कृष्टता के लिए श्रीनेक साह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आलोक साह, वेद साह, शरद साह, घनश्याम लाल साह, मयंक साह, हर्ष साह, मंनोज साह, सुरेश लाल साह, अखिल साह, मोहन लाल साह, भारती साह, शोभा साह, किशन लाल साह, शैलेन्द्र साह, दीपा चौधरी, डा.किरन साह, प्रेमा साह आदि मौजूद रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

स्कूटी की टक्कर से मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में वह बुरी तरह घायल हुआ और घटना को अंजाम देने के बाद चालक स्कूटी समेत मौके से फरार हो गया। उपचार के लिए बरेली ले जाते समय घायल की मौत हो गई। पुलिस ने स्कूटी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में बरेली रोड स्थित शमा डीलक्स के पास रहने वाले नाजिम ने लिखा कि बीती 8 जुलाई की रात करीब 8 बजे उसके पिता रईस अहमद पुत्र नजीर अहमद खाना खाने के लिए होटल जा रहे थे। तभी होंडा शोरूम के पास सड़क पार करते वक्त तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। उनके सिर में गंभीर चोट आई और स्कूटी चालक मौके से फरार हो गया। आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

हालत नाजुक होने पर 11 जुलाई को परिजन रईस को उपचार के लिए बरेली ले जा रहे थे तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई। नाजिम की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

हादसा

- बरेली रोड पर होंडा शोरूम के पास हुई थी घटना
- उपचार के लिए बरेली ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

आज से शाम 5 बजे तक खुलेगा आरक्षण काउंटर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ऑनलाइन टिकट बुक करने के चलते यात्री आरक्षण काउंटर पर अधिक टिकट बनवाने पहुंच रहे हैं। इसको देखते हुए रेलवे प्रशासन ने आरक्षण काउंटर का समय कम कर दिया हैं। इज्जतनगर मंडल के हल्द्वानी और रुद्रपुर रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर पर अब शाम पांच बजे तक ही टिकट बनने समेत अन्य कार्य होंगे।

इज्जतनगर मंडल के कई स्टेशनों में आरक्षण काउंटर के समय में परिवर्तन किया गया है। अब 12 घंटे की जगह 9 घंटे ही आरक्षण खिड़की खोली जाएगी। स्टेशन पर पहुंचने वाले यात्रियों के टिकट बनने और रद करने के कार्य शाम पांच बजे तक ही होंगे। हालांकि काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर समय पुराना वाला ही है। ऐसे में हल्द्वानी के किसी यात्री को विंडो टिकट कराने के लिए काठगोदाम स्टेशन जाना पड़ेगा। रेलवे के मंडल वाणिज्य निरीक्षक सत्यवान ने बताया कि रेलवे प्रशासन की ओर से मंडल के रिजर्वेशन काउंटरों पर यात्री भार समेत अन्य कार्य का विश्लेषण किया गया।

इस दौरान हल्द्वानी और रुद्रपुर समेत छह स्टेशनों पर पाया गया कि ऑनलाइन प्रणाली से आरक्षण टिकट जारी होने की संख्या में वृद्धि है। साथ ही रेलवे आरक्षण काउंटरों पर तय मानकों से काफी कम संख्या में आरक्षित टिकट बन रहे हैं। डिजिटल भारत मिशन के अंतर्गत करीब 85 प्रतिशत यात्री आईआरसीटीसी से ऑनलाइन टिकट बुक कर रहे हैं। जबकि 15 प्रतिशत यात्री ही विंडो से टिकट बुक कर रहे हैं। इसको देखते हुए रेलवे प्रशासन ने एक शिफ्ट कम करते हुए काउंटर चलाने का निर्णय लिया है। अब आरक्षण काउंटर सुबह 8 बजे से 5 बजे तक खुलेगा।

कंचन सुयाल भवाली के नगर अध्यक्ष बने

हल्द्वानी : देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने कंचन सुयाल को भवाली का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है।

प्रदेश कार्यालय गुरुनानक मार्केट में कंचन को नगर अध्यक्ष मनोनित करते हुए कुंवर ने कहा कि भवाली के नगर अध्यक्ष सूरज मेहरा के सरकारी सेवा में जाने के बाद उनका इस्तीफा प्रदेश संगठन को मिला था, जिसे स्वीकार कर कंचन की नियुक्ति भवाली के आम व्यापारियों की सहमति से की गई है। संगठन के आम चुनाव होने तक यह पुरानी कार्यकारणी के साथ काम करेंगे। कंचन के मनोनयन पर अनिल खंडेलवाल, जगमोहन चिलवाल, राजकुमार केसरवानी, आफताब हुसैन, जगजीत सिंह चड्ढा, बालम सिंह बिष्ट, रमेश जोशी, अजय कृष्ण गोयल, संदीप पांडेय, बालम सिंह बोरा, हर्ष जलाल, राजेंद्र सिंह बिष्ट ने बधाई दी है। भवाली नगर महामंत्री कमलेश बिष्ट ने बताया कि शीघ्र नगर की बैठक की जाएगी।

ब्याज पर पैसे लेकर किया कार्य पेमेंट के लिए लगाई मंत्री से गुहार

नाराजगी

- पुराने बिलों का भुगतान न होने से ठेकेदार संघ नाराज
- कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज से की भुगतान की मांग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कर्ज लिया और सरकार का काम कर दिया, लेकिन जब भुगतान का नंबर आया तो अधिकारी इधर से उधर टरकाने लगे। मजबूर होकर सिंचाई विभाग का काम करने वाले ठेकेदारों को मंत्री से गुहार लगानी पड़ी। ठेकेदारों ने कैबिनेट मंत्री सतपाल महराज से भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों की शिकायत भी की है।

कॉन्ट्रैक्टर वैलफेयर सोसायटी के 15 सदस्यीय दल ने मंत्री को बताया कि उन्हें सिंचाई विभाग के जरिये गौला नदी में बाढ़ सुरक्षा कार्य, ओखलकांडा में नहरों के पुनरोद्धार कार्य, गौलापार नहर की मरम्मत और गौला नदी का सुरक्षा कार्य मिला था और 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं, लेकिन पूर्व अधिशासी अभियंता ने इन कार्यों के भुगतान के लिए शासन व विभाग से बजट की मांग ही नहीं की। जब अधिशासी अभियंता से कहा गया तो उन्होंने बजट ही बना कर दिया। ठेकेदारों का कहना है कि शिकायत पर मंत्री ने तुरंत सचिव को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

इधर, ठेकेदार दिशांत पलड़िया, सुरेश मेहरा, संजय पांडे, लाल सिंह पंवार, उमेश पनेरू, मुकेश जोशी, नरेश पनेरू, धनश्याम तिवारी आदि ने नए अधिशासी अभियंता का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि अब उनके भुगतान नहीं रुकेंगे। साथ ही बताया कि ठेकेदारों का भुगतान एक-एक साल से नहीं किया गया।

सतपाल महाराज से मुलाकात करते कॉन्ट्रैक्टर वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारी।

आज का मौसम

बीच-बीच में बारिश होने की संभावना है

32.0°	27.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.19	सूर्यास्त 07.15

एक नजर

टीपीनगर व देवलचौड़ में आज गुल रहेगी बिजली

हल्द्वानी : टीपीनगर और देवलचौड़ बिजली उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में सोमवार को 7 घंटे बिजली कटौती रहेगी। पेड़ों की लॉपिंग के चलते सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दोनों बिजली उपकेंद्रों से शटडाउन लिया जाएगा। बिजली विभाग के ग्रामीण विद्युत वितरण खंड के ईई डीडी पांगती ने बताया कि विभाग की ओर से पूर्व में कटौती को लेकर रोस्टर जारी किया गया है।

गौला नदी का जलस्तर 1,374 क्यूसेक रिकॉर्ड

हल्द्वानी : रविवार को गौला नदी का जलस्तर 1,374 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया। पिछले दिनों हुई बादिश से नदी का जलस्तर 37 हजार क्यूसेक पहुंच गया था। बारिश थमने के बाद नदी का जलस्तर अब तक के सबसे निम्नतम स्तर पर रहा। गौला बैराज के इंचार्ज मनोज तिवारी के अनुसार शीशमहल फिल्टर प्लांट को पानी की आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। जबकि नहरों में देर रात पानी छोड़ा गया।

गुरु ग्रंथ साहिब के साथ हुई घटना की निंदा

हल्द्वानी : गुरु सिंह सभा हल्द्वानी में रविवार को एक बैठक हुई, जिसमें गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा व अन्य गुरुद्वारा साहिब के पदाधिकारी व कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में कुछ दिन पहले ऊधमसिंह नगर के सितारगंज क्षेत्र के गोठा गांव में स्थित गुरद्वारे में गुरु ग्रंथ साहिब के साथ हुई अपमानजनक घटना की निंदा की गई। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब पूरी दुनिया के गुरु हैं। कोई व्यक्ति कैसे उनका अपमान कर सकता है। ऐसा कृत्य करने वाले समाज के विरोधी हैं, जिनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान सभी गुरुद्वारा कमेटियों को गुरुद्वारा साहिब में निगरानी व सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता करने की अपील की गई, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

चौथे दिन भी नहीं मिला आकाश, एक और किशोर गौला नदी में बहा

नहर का अब तक 30 किलोमीटर से अधिक हिस्सा खंगाल चुकी है एनडीआरएफ, धैर्य खो रहे परिजन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : देवखड़ी नाले के उफान में बहा आकाश अभी भी लापता है। पिछले चार दिन से उसकी तलाश चल रही है और हर गुजरते दिन के साथ परिजनों की उम्मीद भी टूट रही है। आकाश की तलाश में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें अब तक करीब 30 किलोमीटर लंबी नहर का हिस्सा खंगाल चुकी हैं। तलाश में दिक्कतें वहां आ रही हैं, जहां नहरें कर्वड हैं। रविवार को टीमों ने नवाबी रोड से लेकर डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) तक नहर में उसकी तलाश की, लेकिन कामयाबी हाथ नहीं लगी।

मूलरूप से सुभाषनगर चौपुला ओवरब्रिज बरेली उत्तर प्रदेश निवासी आकाश उर्फ नरपाल सिंह (40 वर्ष) नैनीताल रोड स्थित एक पेट्रोल पंप में काम करता था और दमुवाढूंगा में पत्नी, तीन बेटियों और बहन के साथ रहता था। भारी बारिश के चलते 11 जुलाई की रात आकाश बाइक समेत देवखड़ी नाले में बह गया था। तीन से लगातार तलाश के बाद चौथे दिन रविवार को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों ने नवाबी रोड और डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के पास नहर को खंगाला। एसटीएच तक पूरी नहर कर्वड है और इस पर यातायात का संचालन होता है। बीच-बीच में बने चैंबर को खोल कर एसडीआरएफ के जवान ऑक्सीजन मास्क के साथ नहर में उतरे। हालांकि इसके बाद भी आकाश का पता नहीं चला। वहीं चार दिन से आकाश के न मिलने पर उसके परिनजों धैर्य खोते जा रहे हैं। आकाश के पिता हरि सिंह ने पुलिस को आकाश की तलाश के लिए तहरीर दी है।

आकाश के परिजनों को समझाते सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी। ● अमृत विचार

टीमें लगातार जुटी हुई हैं, लेकिन अभी तक आकाश का कुछ भी पता नहीं चला है। हम अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं।
–**नितिन लोहनी**, सीओ हल्द्वानी

बचाव दल के साथ नहर में उतरने की जिद पकड़ी

हल्द्वानी : जिस दिन से आकाश लापता है, परिजन उसी दिन से तलाश में जुटी टीमों के साथ-साथ हैं। टीमें तलाश करती हैं और परिजन वहीं बैठ कर इंतजार करते हैं, लेकिन रविवार को परिजनों के सब्र का बांध टूट गया। नवाबी रोड से एसटीएच तक तलाश के दौरान जब टीम नहर में उतरने की तैयारी करने लगी तो परिजन भी साथ नहर में उतरने की जिद पकड़ बैठे। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और एसआई फिरोज आलम के समझाने पर परिजन शांत हुए।

- ढक चुकी नहरों में ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर उतरे जवान
- नवाबी रोड से एसटीएच तक नहर में की गई तलाश

आज से नहरों में छोड़ा जाएगा पानी

देवखड़ी नाले में बहे आकाश की तलाश के लिए पिछले दो दिन से काठगोदाम गौला बैराज से नहरों में पानी की आपूर्ति ठप थी, जो सोमवार से सुचारू हो जाएगी। आकाश की तलाश के चलते गौला बैराज से नहरों के साथ ही फिल्टर प्लांट को मिलने वाले पानी की सप्लाई भी ठप थी। जिसके चलते शहर में पेयजल आपूर्ति की समस्या खड़ी हो गई। प्रशासन की ओर से सिंचाई विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि अब गौला बैराज से नहरों में पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाए। गौला बैराज के इंजार्ज मनोज तिवारी ने बताया कि आकाश के सर्च अभियान के चलते बैराज से पानी की सप्लाई बाधित थी जो सोमवार से सुचारू कर दी जाएगी।

घटना शाम 4 बजे की और अधिकारी पहुंचे रात 8 बजे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दोस्तों के साथ खेल रहा किशोर गौला नदी में बह गया। शाम चार बजे की घटना के चार घंटे बाद अधिकारी रात 8 बजे मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू शुरू हुआ, लेकिन अंधेरा होने से ज्यादा देर चल नहीं सका। अब सोमवार सुबह किशोर की तलाश होगी। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है और वह खुद बच्चे की तलाश में जुटे हैं।

भीमताल ब्लॉक के भोड़िया तोक गांव निवासी पूरन चंद का 14 वर्षीय बेटा मोहित जूनियर हाईस्कूल भोड़िया में कक्षा छह का छात्र है। रविवार शाम करीब चार बजे वह तीन दोस्तों के साथ गौला नदी के किनारे खेल रहा था। मोहित नदी में डूबा तो साथ खेल रहे तीन बच्चों ने गांव में सूचना पहुंचाई। ग्रामीणों और परिजनों ने भरसक मशक्कत की, लेकिन पता नहीं लगा। ग्राम प्रधान मुन्नी पलड़िया ने आनन-फानन में प्रशासन को सूचना दी, लेकिन रात आठ बजे तक भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच पाए। बताया कि मोहित की एक छोटी बहन व भाई है। मां गीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

वहीं एसडीएम नैनीताल प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना की सूचना शाम करीब साढ़े छह बजे मिली। टीम को मौके पर भेज कर रेस्क्यू शुरू कराया गया। अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू रोकना पड़ा। सोमवार सुबह दोबारा रेस्क्यू शुरू कराया जाएगा। सूचना पर काठगोदाम पुलिस ने अपने क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया।इधर, पदमपुरी मार्ग स्थित बमेटा गांव के पुल के पास गधेरे में बहे फौजी हिमांशु दफौटिया का भी अब तक पता नहीं लग पाया है।

लापरवाही

- भीमताल ब्लॉक के भोड़िया तोक की घटना
- शाम साढ़े 6 बजे मिली प्रशासन को सूचना, कुछ देर चला रेस्क्यू

पीड़िता व आरोपी डॉक्टर का वीडियो हुआ वायरल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

मामला

- वायरल वीडियो में पीड़िता का फोन छीनता दिख रहा डॉक्टर
- रिपोर्ट में भी इस वीडियो का जिक्र किया है पीड़िता ने

अमृत विचार : विवेकानंद अस्पताल के मालिक डॉ. महेश शर्मा और पीड़िता युवती का वीडियो वायरल हुआ है। ये वही वीडियो है, जिसका जिक्र पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में किया है। वीडियो में डॉ. महेश शर्मा पीड़िता का फोन छीनते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही डॉक्टर के कुछ और चैट भी सामने आए हैं।

मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बीती 12 जुलाई को डॉ. महेश शर्मा के खिलाफ मुखानी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज मुकदमे में युवती का आरोप है कि एक रात डॉक्टर उसके घर में घुस आया। उसने वीडियो बनाना शुरू किया तो डॉक्टर ने उसका फोन छीन लिया। अब ये वीडियो सामने आ चुका है। 40 सेंकेड के वीडियो में डॉक्टर को साफ देखा जा सकता है।

वहीं इस मामले से जुड़ा एक और चैट वायरल हो रहा है। चैट में ऊपर डॉक्टर की फोटो और उसका नाम लिखा है। चैट में पीड़िता को धमकाया जा रहा है। लिखा है 'मैं तुझे बहुत प्यार करता हूं, तू अगर मेरे से दूर गई तो मैं भी तुझे जीने नहीं दूंगा और मुझे ये भी पता है कि तू मेरे लिए कुछ नहीं कर सकती, क्योंकि न मार्केट में तेरा नाम है न तेरा बिजनेस है।

बनभूलपुरा से एक और नाबालिग गुम

हल्द्वानी, अमृत विचार : बनभूलपुरा क्षेत्र से एक और नाबालिग लड़की लापता हो गई है। लड़की के पिता ने एक युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए बनभूलपुरा पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

पप्पू का बगीचा बनभूलपुरा निवासी शमशाद पुत्र स्व. अब्दुल गफ्फार ने पुलिस को बताया कि बीती 12 जुलाई की सुबह करीब 4 बजे वह मंडी जाने के लिए उठा तो उसकी 17 वर्षीय बेटी इलमा घर में नहीं थी, घर का दरवाजा खुला था। उनका कहना है कि इलमा को करीब डेढ़ वर्ष पहले गुलफाम पुत्र भोला शादी का झांसा देकर भगा ले गया था। आरोप है कि सेजना किच्छा ऊधमसिंह नगर निवासी गुलफाम ही उसे भगा ले गया है। 15 दिन पहले गुलफाम का उनके मोबाइल पर फोन आया था।

चैनलाइजेशन कार्य पूरा, अब बनाए जा रहे स्पर

निरीक्षण

- सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता ने मौके पर पहुंच कर किया चैनलाइजेशन और स्पर कार्य का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

चैनलाइजेशन कार्य का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता संजय शुक्ल।

पोकलैंड से नदी में चैनलाइजेशन करते कर्मी।

अमृत विचार : इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम की दीवार को बचाने के लिए किए जा रहे चैनलाइजेशन के कार्य के साथ अब सिंचाई विभाग स्पर बनाने का कार्य भी कर रहा है। चैनलाइजेशन नदी के बहाव को रोकेगा और स्पर स्टेडियम की दीवार की सुरक्षा करेगी। गौला नदी में चल रहे कार्य का निरीक्षण करने के लिए रविवार को मुख्य अभियंता संजय शुक्ल मौके पर पहुंचे और अधीनस्थों को निर्देश दिए।

पिछले दिनों भारी बारिश से गौला नदी उफान पर आ गई थी, जिससे अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम खतरे में पड़ गया था। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 8 जुलाई को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और स्टेडियम की सुरक्षा के निर्देश दिए। उसी दिन से सिंचाई विभाग ने चैनलाइजेशन का कार्य शुरू किया। 14 जुलाई तक सिंचाई विभाग ने 310 मीटर चैनलाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया। अभी करीब 50 मीटर का कार्य और बाकी है। इसके साथ ही विभाग नदी में स्पर बनाने का कार्य कर रहा है। स्पर नदी के बहाव को स्टेडियम की दीवार तक पहुंचने से रोकेगा। रविवार को सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ल खुद मौके पर कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिशासी अभियंता दिनेश सिंह रावत, अधीक्षण अभियंता महेश खरे, एई सुभाष जोशी और जेई सुनील कुमार को कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही चल रहे कार्य पर संतुष्टि जताई।

> नदी के बहाव को स्टेडियम की दीवार से 20 मीटर नदी की ओर शिफ्ट कर दिया गया है। स्पर का कार्य भी 30 प्रतिशत पूरा हो चुका है। अगर मौसम ने साथ दिया तो चार दिनों के भीतर बाकी बचा कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा।
> – **संजय शुक्ल**, मुख्य अभियंता सिंचाई

बाथरूम में पड़ा मिला वृद्ध दुकानदार का शव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

दुखद

- शनिवार रात दुकान से नहीं लौटे तो परिजनों ने शुरू की तलाश
- आरटीओ कार्यालय के पास है दुकान पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम

अमृत विचार : बुजुर्ग दुकानदार की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। रात वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

मूलरूप से सचगोड़ी रानीखेत अल्मोड़ा निवासी शंकर सिंह बिष्ट (62 वर्ष) यहां परिवार के साथ आरटीओ कार्यालय के पास रहते थे और दुकान चलाते थे। बताया जाता है कि रोज की तरह शनिवार को भी वह दुकान गए थे, लेकिन रात को घर नहीं आए। परिजन तलाश करते हुए दुकान पहुंचे, जहां वह बाथरूम में बेजान पड़े थे। अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगी। वहीं शंकर के पड़ोसियों के मुताबिक शनिवार दोपहर शंकर की तबीयत बिगड़ गई थी, लेकिन कुछ देर बाद वह ठीक लग रहे थे।

एनसीआईटी कर्मी की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

घटना

- किराये के आवास में बाथरूम में नग्न अवस्था में मिला शव
- ऋषिकेश का था युवक पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

अमृत विचार : परीक्षा कराने वाली एनसीआईटी कंपनी में काम करने वाले युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सुबह साथी उसके कमरे में पहुंचे तो उसका शव बाथरूम में नग्न अवस्था में पड़ा था।

कीर्ति विहार गली नंबर 9 श्यामपुर ऋषिकेश निवासी ईशान तिवारी (36) काठगोदाम में किराए के कमरे में रहता था। 10 मई को ईशान की नियुक्ति कंपनी के काठगोदाम स्थित कार्यालय में असिस्टेंट टैक्स एडमिस्ट्रेटर के पद पर हुई थी। शनिवार को वह ऑफिस नहीं आया तो उसे कॉल और मैसेज किए, लेकिन जबाव नहीं मिला। इस पर दोस्त वीरेंद्र उसके कमरे में पहुंचा। देखा तो ईशान बाथरूम में नग्न अवस्था में पड़ा था। पुलिस ने उसे एसटीएच भेजा। जहां चिकित्सकों उसे मृत घोषित कर दिया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया गया।

अनदेखी

गुस्साए ग्रामीणों ने प्रशासन पर लगाया मार्ग को नहीं खोलने का आरोप

हरीशताल मार्ग 10 दिन से बंद, लोग परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

हरीशताल मार्ग की जर्जर स्थिति। ● अमृत विचार

अमृत विचार : ओखलकांडा ब्लॉक में हरीशताल मार्ग बीती छह जुलाई से बंद है। भूस्खलन और मलबा आने की वजह से मार्ग कई जगह धंस गया है। जिससे ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाना भी मुमकिन नहीं हो रहा है।

क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि कौंता से हरीशताल मार्ग में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग, प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग को सूचित करने के बाद भी काम ठीक तरह से नहीं किया जा रहा है। मार्ग बंद होने की वजह से आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। स्थानीय निवासी व पूर्व प्रधान अंजू बिष्ट ने बताया कि उन्होंने पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता और अवर अभियंता को कई बार सूचित किया, उसके बाद भी सड़क से मलबा हटाने के लिए जेसीबी नहीं भेजी गई। गांव में कई लोग बीमार हैं, जिन्हें उपचार के लिए शहर जाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि जेसीबी वाले ने ग्रामीणों का फोन तक उठाना बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क पर यातायात सुचारू नहीं किया गया तो वह आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

आपदा में भी फोन नहीं उठा रहे अधिकारी

हल्द्वानी : एक तरफ जिले में आपदा की वजह से कई मार्ग बंद हैं, वहीं संबंधित अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। रविवार को जब हरीशताल मार्ग की स्थिति को जानने के लिए पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता और अवर अभियंता को फोन लगाया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

मोटर मार्ग शीघ्र ठीक करने की मांग

भीमताल : स्थानीय लोगों ने नगर के बाईपास मार्ग और भवाली-भीमताल मोटर मार्ग की दशा सुधारने की मांग उठाई है। पहली बरसात में लोक निर्माण विभाग की ओर से बनाई गई सड़क का डामर उखड़ गया था। अब हालात यह हैं कि दो पहिया वाहनों का इन मोटर मार्ग में चलना भी मुश्किल हो गया है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारयों से हरेले मेले को देखते हुए शीघ्र मोटर मार्ग की मरम्मत की मांग की है।

YTDO नैनीताल आयोजित करता है
8 दिवसीय श्रीलंका टूर
28 अगस्त से 4 सितंबर 2024

मुख्य आकर्षण :- कोलम्बो, कैंडी, नुवारा इलिया एवं वेंटोटा एवं अन्य कई चाय बागान, धार्मिक स्थल और वन्य क्षेत्रों के साथ
दिल्ली-कोलम्बो-दिल्ली के मध्य हवाई यात्रा। सुबह का नाश्ता एवं भारतीय रात्रि भोज टूर में सम्मिलित है। आवास व्यवस्था आधुनिक सुविधापूर्ण होटलों में प्रदान की जायेगी।
YTDO Tour & Travels The Mall, Nainital. Ph. 05942-235557
VMS Khati - 9412085088
Umesh Rautela - M.9411197147, Ramesh Tiwari - 9411197085
श्री विनय बिष्ट, शांति टावर, दुकान नंबर -2,
दुर्गा सिटी सेंटर, हल्द्वानी। 9412086566,9759237565

नए कानूनों में पुलिस को असीमित अधिकार से जनता की बढ़ेंगी मुश्किलें

साइंस फॉर सोसाइटी ने पालिका सभागार में की तीन नए कानूनों को लेकर कार्यशाला

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : साइंस फॉर सोसाइटी की ओर से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने नए कानूनों में पुलिस को असीमित अधिकार देने और इससे आम जनता को होनी वाली मुश्किलों पर अपने विचार रखे।

रविवार को पालिका सभागार में उषा पटवाल के संचालन में हुई कार्यशाला में एडवोकेट मदन मेहता ने कहा कि नए कानूनों में पुलिस के लिए असीमित अधिकार होने के कारण आम जनता को न्याय पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। मुख्य अतिथि दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश कुमार ने नए कानूनों को पुराने कानूनों के नंबर में ही बदलाव बताते हुए कहा कि नाम बदलकर केवल भारतीयता का पुट डालने की कोशिश की गई है। इस कोशिश में दंडात्मक प्रक्रिया को न्यायिक प्रक्रिया में बदलने के जो दावे किए गए हैं, वह नहीं दिखते हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के अधिवक्ता कमलेश ने कहा कि मामूली अपराधों के लिए एक नई चीज कम्यूनिटी सर्विस नामक सजा का जिक्र है, लेकिन इसकी भी परिभाषा स्पष्ट नहीं है। जुर्माना राशि को असीमित किया गया है।

बताया कि जनांदोलनों की कमर तोड़ने के लिए उसे संगठित अपराध के दायरे में लाना आसान होगा। आतंकवाद से जुड़े मामलों की जांच रेगुलर पुलिस के निचले अधिकारियों के हाथ में होने के कारण इस कानून का व्यापक पैमाने पर दुरुपयोग होगा। उन्होंने बताया कि तीन से सात वर्ष सजा के मुकदमे पुलिस थानों में आसानी से दर्ज नहीं किए जाएंगे। इन्हें दर्ज करने से पहले पुलिस अधिकारी को मामले की 14 दिन जांच करने का समय दिया गया है। पुलिस की इस अड़ंगेबाजी के चलते प्रभावशाली तबका इसका लाभ उठाएगा, जबकि गरीबों को मुकदमा तक दर्ज करवाने के लिए अपनी एड़ियां घिसने पर मजबूर होना पड़ेगा।

सोसाइटी के प्रवक्ता गिरीश चंद्र आर्य ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सोसायटी समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाती रहेगी। इस दौरान एडवोकेट रवि मेहता, एडवोकेट प्रभात ध्यानी, एडवोकेट विक्रम मावड़ी, भास्कर पपनै, रजनी, लक्ष्मी, ममता, मंजू नेगी, वीर सिंह, हेम चंद्र आर्य, विद्यासागर, अंजली जोशी, भूपेंद्र कुमार मौजूद रहे।

नए कानूनों को लेकर हुई कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

निहाल नाले से धापला गांव का संपर्क मार्ग बहा

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : विकासखंड कोटाबाग के दूरस्थ गांव में विगत दिनों हुई मूसलाधार बारिश से धापला गांव-कालाढूंगी का संपर्क मार्ग कट गया। वहीं पेयजल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर निहाल नदी पार करनी पड़ रही है।

धापला के ग्रामीणों को कालाढूंगी नगर आठ किलोमीटर दूरी पार कर आना होता है। पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश होने से नदी कभी भी उफान पर आ जाती है। ग्राम प्रधान दयानंद ने बताया कि निहाल नदी का कटाव गांव की ओर हो गया है। प्रधान दयानंद ने बताया कि विगत दिन हुई अत्यधिक बारिश के चलते नदी के उफान पर आने से संपर्क मार्ग बह गया। जल जीवन मिशन के तहत अम्मा गैर स्रोत से बिछाई गई पेयजल लाइन भी बह गयी है। प्रशासनिक अधिकारियों व जलसंस्थान को अवगत करा दिया गया है। कई बार सड़क व नदी में पुल बनाने की मांग की गई पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द कुमार ने कहा कि सरकार को गांव को पर्यटन से जोड़कर पुल व सड़क का निर्माण कराना चाहिए।

जान जोखिम में डालकर निहाल नदी को पार करता ग्रामीण। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

कॉर्बेट के जंगलों में गश्त करते वन कर्मचारी। ● अमृत विचार

वन्यजीव सुरक्षा को पांच टीमों ने की गश्त

रामनगर : वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग की पांच टीमों ने अलग-अलग जंगलों में गश्त की। सर्पदुली रेंज, धनगढ़ी, बफर बीट, धनगढ़ी पार्क पूर्वी व पश्चिमी बीट रामनगर वन प्रभाग कोसी रेंज, कालागढ़ टाइगर रिजर्व से मोहान व पूर्वी दुगलगढ़ में गश्त के लिए टीमों का गठन किया गया था। सुबह 7 बजे सभी टीमें अपने-अपने गश्त क्षेत्र के लिए रवाना हुईं और दोपहर एक बजे धनगढ़ी परिसर चौकी पहुंची। गश्त के दौरान टाइगर के पदचिन्ह, स्कैट, खरोंच, चीतल सहित फायर लाइन में घुरड़ भी देखे गए। किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि देखने को नहीं मिली। टीमों में वन क्षेत्राधिकारियों सहित 45 कर्मचारी शामिल रहे। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी उमेश चन्द्र आर्या, जितेन्द्र सिंह नेगी, धर्मपाल सिंह नेगी, प्रताप सिंह, चन्दन सिंह मौजूद रहे।

कर्मकांड, कर्म योग और ज्ञान योग की जानकारी दी

रामनगर : इस्कॉन रामनगर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में रामनगर प्रमुख मधुहा हरिदास ब्रह्मचारी ने कर्मकांड, कर्म योग, ज्ञान योग, अष्टांग योग और सर्वश्रेष्ठ भक्ति योग के विषय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी शास्त्रों का सार हरे कृष्णा महामंत्र जप करने व अवांछित इच्छा पर नियंत्रण रखने व भक्ति योग में कैसे आगे बढ़े उस पर विस्तार से चर्चा की। हरी संकीर्तन, महाआरती, भोजन व महाप्रसाद का आयोजन भी इस्कॉन ने किया। कार्यक्रम में वॉलीवुड के बाल कलाकार व रामनगर के निवर्तमान सभासद भुवन डंगवाल के पुत्र मास्टर सोमांश डंगवाल को मधुहा हरिदास ने फूलों की माला पहनाकर श्रीमद्भगवद्गीता उपहार में दी। इस दौरान आशीष वर्मा, सौरभ प्रभु, शौर्य गर्ग, मदन प्रभु, पीयूष प्रभु, कुणाल प्रभु, सोनिया सत्यावली, तृप्ति वर्मा, तृषा, तान्या, सपना, यशिका, अनन्या मौजूद रहे।

इस्कॉन सेंटर में बाल कलाकार सोमांस का स्वागत करते मधुहा हरिदास। ● अमृत विचार

धरा को हरा-भरा करने के लिए लगाएं अधिकाधिक पौधे: बिष्ट

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि धरा को हर-भर बनाने के लिए सभी का दायित्व है कि पौधरोपण कार्यक्रम जगह-जगह करें। साथ ही रोपित किये गए पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करें। विधायक बिष्ट ने हरेला कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया।

प्रगतिशील पर्वतीय सांस्कृतिक समिति के मंच पर महिला प्रतिभा मंच व आयुष म्युजिक व डॉस एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित हरेला कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे बच्चों ने लोक गीत, लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। एकेडमी की डायरेक्टर नीमा मठपाल की अध्यक्षता व डॉ. जफर सैफी के संचालन में हुए कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, सांसद प्रतिनिधि इन्दर रावत, भाजपा नेता दिनेश मेहरा, निवर्तमान सभासद भुवन डंगवाल, निवर्तमान सभासद रूबीना सैफी ने हरेला पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रदेश में हरित क्रांति लाकर प्रदेश को तरक्की की ओर ले जाने की कामना की।

मुम्बई से अपने घर आये लिटिल मास्टर सोमांश डंगवाल ने बच्चों को डांस व एक्टिंग के टिप्स दिये। कार्यक्रम में मदन जोशी, अतुल मेहरोत्रा, वीर सिंह रावत, प्रकाश कोटवाल, माया रावत, दीपा कोटिया, अंजु अग्रवाल, ममता गर्ग, पुष्पा बलोदी, भावना भट्ट, विनीता कश्यप, रंजना भट्ट, संजना भट्ट, कल्पना शर्मा, उर्बशी मौजूद रहे।

हरेला महोत्सव में अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

रामनगर चारधाम यात्रा का सिर्फ अतिरिक्त मार्ग: डीएम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल डीएम वंदना सिंह ने कहा कि रामनगर से चारधाम के लिए रूट का अर्थ यह नहीं है कि चारधाम के परंपरागत मार्गों से यात्रा नहीं होगी। न ही रामनगर से यात्रा का मुख्य मार्ग बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति यह है कि रामनगर गढ़वाल और कुमाऊं को जोड़ने वाला एक मुख्य नगर है।

यहां कॉर्बेट पार्क समेत अन्य पर्यटक स्थल होने से हर वर्ष भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। यहां से कुमाऊं और गढ़वाल के विभिन्न जनपदों के आवागमन के पुराने वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हैं, जिनकी स्थिति अच्छी नहीं है। इस वजह से उन मार्गों से यात्रा करने वाले यात्रियों को असुविधा होती है। हां जो लोग कुमाऊं के जनपदों से चारधाम दर्शन के लिए जाते हैं, वो पहले से ही इन मार्गों का सीमित रूप से प्रयोग करते आ रहे हैं।

वैकल्पिक रूट के सर्वे का उद्देश्य है कि दिल्ली और अन्य शहरों से सीधे रामनगर होते हुए और कुमाऊं के अन्य जनपदों से चारधाम यात्रा को जाने वाले श्रद्धालुओं को पहले से उपलब्ध वैकल्पिक मार्गों पर अधिक सुविधाएं दी जा सकें। इसे चारधाम यात्रा के परंपरागत मार्गों के विकल्प के रूप में न देखकर अतिरिक्त मार्ग के रूप देखा जाना चाहिए।

विद्यार्थी परिषद ने 120 मेधावियों को किया सम्मानित

रामनगर, अमृत विचार : पीएनजी डिग्री कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें 120 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि बच्चे जब शिक्षा और अन्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो राज्य गौरवान्वित होता है।

प्राचार्य एमसी पांडे ने मेधावी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान संगठन मंत्री केशव, दीपेंद्र, करन, हीरा सिंह भंडारी, छात्र महासंघ अध्यक्ष पीयूष जोशी, मनमोहन सिंह बिष्ट, नितेश शर्मा, नीरज कंडारी, मदन जोशी, भावना भट्ट, सत्यप्रकाश शर्मा, दिनेश मेहरा, तारा चन्द्र घिल्डियाल, भूपेंद्र खाती, अमित कुमार, चंदन बिष्ट, रोहित मेहरा मौजूद रहे।

हथियारों का प्रशिक्षण ले रहे एनसीसी कैडेट्स


एनसीसी शिविर में प्रशिक्षण लेते कैडेट्स। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ओल्ड सीएमपी एरिया रानीबाग में 525 कैडेट्स हथियार चलाने समेत अन्य प्रशिक्षण ले रहे हैं। एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण 77 यूके बटालियन अल्मोड़ा के तत्वावधान में 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आठ जुलाई से बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल जितेंद्र शर्मा के निर्देशन में कैंप के छठवें दिन कैडेट्स को ड्रिल का अभ्यास, मैप रीडिंग, टेंट पीचिंग और क्वाटरगार्ड का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप के दौरान कैडेट्स को सुबह से शाम तक ड्रिल, हथियारों का प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग कम्पास, एसएलआर और डीलक्स राइफल फायरिंग के बुनियादी उसूलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही हेल्थ हाईजिन, आपदा प्रबंधन, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, डिजिटल इंडिया, साइबर क्राइम और यातायात नियमों से परिचित कराया जा रहा है। कैडेट्स के बीच खेल भावना को विकसित करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं।

कमान अधिकारी कर्नल शर्मा ने कैडेट्स को जीवन में अनुशासन के प्रति सजग रहने को कहा। साथ ही अपने जीवन के लक्ष्य को निर्धारित कर परिश्रम से उसे प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। ले. कर्नल नंदा, सूबेदार मेजर जगदीप मेहता, कैप्टन विनोद कुमार, एनसी अधिकारी ले. शिवराज सिंह, ले.गणेस शर्मा, ले.हरीश नाथ, ले.राजेंद्र राणा आदि लोग कैडेट्स को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

कमेटिया नाले से लोगों में दहशत

बैठक

- खुली बैठक कर बनाई आंदोलन की रणनीति
- सोमवार से मांगों को लेकर आंदोलन का लिया निर्णय

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बिठौरिया क्षेत्र में कमेटिया नाले से हो रही तबाही को लेकर लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने खुली बैठक कर सिंचाई विभाग और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। कहा कि सोमवार से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे।

बैठक में विजय कुमार ने कहा कि सिंचाई विभाग के ईई से लेकर प्रशासन के बड़े अधिकारी यहां आकर स्थलीय निरीक्षण कर चुके हैं। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के निर्देश पर 12 जुलाई को सिंचाई विभाग ने जेसीबी से नाले के भीतर खुदाई कर मलबा किनारे लगा दिया था। अब बारिश के समय में यह मलबा पानी के साथ लोगों के घरों में घुसेगा। रमेश चन्द्र पांडे ने कहा कि जहां एक ओर लोग अपने घरों की खुशहाली के लिए हरेला मनाने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जलभराव से प्रभावित लोग आन्दोलन की तैयारी कर रहे हैं। 15 जुलाई से आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान नरेन्द्र कुमार, गंगा प्रसाद, हरीश चन्द्र आर्या, बहादुर सिंह हरडिया, नवीन जोशी, तारा कांडपाल, डीएस बिष्ट, धनी राम, गीता देवी, रघुवीर सिंह सिराड़ी, त्रिलोक सिंह, नंदनन सिंह थे।

दमुवाढूंगा स्थित वन चौकी के पास बैठक के लिए पहुंचे लोग।

कालाढूंगी रोड पर जर्जर हुआ पेड़, हादसे का डर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कालाढूंगी रोड पर अब्दुल्ला पेट्रोल पंप व आरके टेंट रोड के मध्य एक पेड़ जर्जर हालत में है। पेड़ पूरी तरह से सूख चुका है। बारिश के समय में पेड़ के गिरने का खतरा बना हुआ है। कालाढूंगी रोड शहर की व्यस्तम रोड है। इस रोड पर अब्दुल्ला पेट्रोल पंप के पास एक बड़ा सूखा पेड़ है। इसके समीप ही एक स्कूल भी है। रोजाना कई बच्चों व राहगीरों का यहां से आना-जाना लगा रहता है। राहगीर लक्ष्मी ने बताया कि पेड़ के नीचे से निकलते समय डर लगता है।

स्थानीय निवासी योगेश जोशी ने जिला प्रशासन व वन विभाग से जर्जर हो चुके पेड़ को काटने की मांग की है। इधर, बेस अस्पताल में भी रामलीला ग्राउंड की तरफ जाने वाली रोड से सटी दीवार पर एक पेड़ पूरी तरह से झुक कर दीवार पर आ गया है। पेड़ के वजन से दीवार को भी नुकसान हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम बेलवाल ने कहा कि इस पेड़ की छंटाई करनी चाहिए, अन्यथा किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

कालाढूंगी रोड पर जर्जर अवस्था में पेड़।

सड़क व स्ट्रीट लाइट ठीक करने की मांग को लेकर नारेबाजी करते लोग।

बदहाल सड़कों को लेकर भड़के लोग

रामनगर, अमृत विचार : भरतपूरी व दुर्गापूरी क्षेत्र के लोगों ने सड़कों के गड्ढों एवं स्ट्रीट लाइट की खराब व्यवस्था के विरोध में भरतपुरी मंदिर के सामने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बैठक में निवर्तमान सभासद कमला डोंडियाल ने कहा कि नगर पालिका की सड़कों में जगह-जगह पड़े गड्ढों एवं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुधारने को लेकर कई बार पालिका अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। भरतपुरी मंदिर समिति की अध्यक्ष सतेश्ववरी रावत ने एचपी गैस पाइप लाइन के ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया कि कहा कि खोदी गई सड़क पर जगह-जगह बरसात में गड्ढे हो गये है, जिससे मंदिर समिति के भवन में बरसात का पानी आ रहा है। पूर्व छात्र संघ सचिव नवीन सुनेजा ने कहा कि यदि 48 घंटे में गड्ढों का भरान नहीं किया गया तो नगर पालिका के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान संजय बिष्ट, कमला डोंडियाल, सुनीता रावत, प्रभा घुगतियाल, प्रशंसा पोखरियाल मौजूद रहे।

समस्या गंगापुर कबड़वाल में बनाई गई सरकारी गौशाला से क्षेत्र के किसान परेशान

आवारा पशुओं से कब मिलेगा छुटकारा!

गौतम भट्ट, हल्दूचौड़

अमृत विचार : नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम ने हल्दूचौड़ के गंगापुर कबड़वाल में करीब 70 बीघा में सरकारी गौशाला बनाई है, मगर हालात देखकर लगता है कि इस गौशाला के सहारे गोवंश संवर्धन कभी नहीं हो सकता है। वर्तमान में गौशाला में रखे पशु क्षेत्र के किसानों के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं।

तराई केंद्रीय वन प्रभाग के जंगल से सटी उक्त ग्राम पंचायत के किसान पहले से ही जंगली हाथियों, जंगल सूअर, नीलगाय और बंदरों के आतंक से परेशान हैं। ऐसे में अब गौशाला में रखे गए आवारा पशुओं के रात भर खेतों में आवाजाही करने से किसान फसल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करने वाले सरकारी नुमाइंदों को इस विषय पर गंभीरतापूर्वक सोचने की जरूरत है। पिछले चार-पांच वर्षों में आवारा पशुओं की संख्या बढ़ने के कारण किसानों का जीना दुश्वार हो गया है। आवारा पशुओं से किसानों को छुटकारा दिलाने के लिए जगह-जगह गौशालाओं की स्थापना भले ही की जा रही हो, लेकिन गौशाला खोलने के जो परिणाम अभी तक सामने आए हैं वह भयावह हैं। सरकारी गौशालाओं में पशुओं की जो दुर्दशा है, वह किसी से छिपी नहीं है। इन गौशालाओं में न तो ठीक से कोई शेड की व्यवस्था है और न ही चारे-पानी की। अधिकांश गौशालाओं में देखा जाए तो यह पशुओं के लिए कठोर यातना गृह बन कर रह गई हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि गौशालाओं के नाम पर केवल सरकारी धन की बंदरबांट हो रही है। पशु संरक्षण के लिए सरकार की ओर से गौशालाओं का निर्माण कराना और आवारा पशुओं से किसानों को छुटकारा दिलाने की बात महज एक दिव्यस्वप्न के रूप में दिखाई दे रही है। अहम सवाल है कि किसानों को इस समस्या से मुक्ति कैसे मिलेगी ? सरकार को इस बारे में धरातल पर यथार्थ रूप से सोचना होगा।

किसान के बगीचे में आराम फरमाते आवारा पशु। ● अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

सार-संक्षेप

शुभानु अस्पताल में लगे निशुल्क शिविर में उपस्थित चिकित्सक। ● अमृत विचार

शिविर में 106 लोगों ने कराई आंखों की जांच

हल्द्वानी : गौजाजाली उत्तर में स्थित शुभानु अस्पताल में रविवार को दांतों और आंखों की जांच के लिए निशुल्क शिविर लगाया गया। जिसमें 106 लोगों की आंखों की जांच की गई। साथ ही 6 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। वहीं 30 लोगों ने दांतों की जांच कराई। शिविर का आयोजन निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डु ने किया। इस मौके पर मोतियाबिंद विशेषज्ञ डॉ. शुभा पांगती, आंखों के विशेषज्ञ डॉ. भानु पांगती, दंत चिकित्सक इमरान सिद्दीकी उपस्थित रहे।

एमबीपीजी में आज से नियमित चलेगा सत्र

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज में शिक्षण सत्र शुरू हो गया है। पूर्व में जारी आदेश के अनुसार 18 जुलाई से सत्र नियमित किया जाना था, लेकिन बाद में आदेश संशोधित कर दिया गया। जिसके बाद शनिवार से ही सत्र को नियमित कर दिया गया था। सोमवार से कॉलेज में नियमित शिक्षण सत्र चलेगा। जिसमें बीए, बीएससी और बीकॉम की कक्षाएं चलेंगी। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने नियमित सत्र को सुचारू चलाने के लिए सभी विभागों के प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। संबंधित विभाग प्रभारी नए प्रवेशित छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करेंगे और उनकी पढ़ाई सुनिश्चित करेंगे।

कांग्रेस नेत्री के पुत्र के निधन पर जताया शोक

हल्द्वानी : हरिद्वार निवासी कांग्रेस नेत्री व कांग्रेस सेवादल की पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री पूनम भगत के युवा पुत्र शिवम भगत का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने शोक जताया। शोक जताने वालों में उत्तर भारत जोन प्रभारी डॉ. अमरजीत सिंह, प्रदेशाध्यक्ष हेमा पुरोहित, उपाध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्र दुर्गापाल, मनमोहन शर्मा, दिनेश ममगाई, शोभा जोशी, जगदीश चन्द्र भट्ट, भगवती बिष्ट, मनोज दानू, इंद्र सिंह बिष्ट, ललित मोहन आर्य, असलम, कमर खां शामिल थे।

उत्थान मंच में मॉनिटर लिजर्ड दिखने से हड़कंप

हल्द्वानी : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में रविवार की दोपहर अचानक दुर्लभ किस्म की जंगली छिपकली (मॉनिटर लिजर्ड) के आने से लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगली छिपकली को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। मंच परिसर में करीब एक मीटर लंबी जंगली छिपकली दिखी। गनीमन रही कि छिपकली ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। वन विभाग के हल्द्वानी रेंज के रेंजर आनंद कुमार ने बताया कि मॉनिटर लिजर्ड उत्तराखंड में कई स्थानों में पाई जाती है। दुर्लभ प्रजाति में आने वाली इस छिपकली को मारने पर प्रतिबंध है। वन विभाग के दैनिक श्रमिक सुभाष चंद्रा व रोहित कुमार ने मॉनिटर लिजर्ड को रेस्क्यू कर बेलबाबा के जंगल में छोड़ दिया।

जंगली छिपकली को रेस्क्यू करते वन विभाग के दैनिक कर्मचारी।

बुद्धपार्क में हरीश पनेरू के साथ धरने पर बैठे लोग।

बीएसएनएल के टावर शुरू करने को दिया धरना

हल्द्वानी : भीमताल विधानसभा के लोगों ने क्षेत्र में संचार व्यवस्था ठीक करने की मांग को लेकर रविवार को तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में धरना दिया। उन्होंने शीघ्र समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरू के नेतृत्व में धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि कई गांवों में संचार व्यवस्था ठीक नहीं है। बीएसएनएल के जो टावर लगाए गए थे उन्हें बंद कर दिया गया है। ऐसे में लोगों को निजी कंपनी का सहारा लेना पड़ रहा है। उनके टैरिफ महंगे होने से लोग परेशान हैं। उन्होंने निजी कंपनियों के टैरिफ वाउचर के दाम कम करने और बीएसएनएल के टावरों को फिर से चालू करने की मांग की। इस दौरान एनएस बर्गली, निखिल कुमार, भुवन पनेरू, पूरन परगाई, प्रकाश पनेरू, सुंदर कुमार, हरीश परगाई, सुरेश परगाई, मुकेश कुमार मौजूद रहे।

मानव उत्थान सेवा समिति ने मनाया गुरु पूजा महोत्सव

हल्द्वानी : कुसुमखेड़ा स्थित मानव उत्थान सेवा समिति सतपाल महाराज आश्रम में गुरु पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में समिति के राष्ट्रीय संगठन सचिव महात्मा सत्यबोधानंद ने शिष्य-गुरु के संबंध के बारे में बताया। कहा कि शिष्य का जीवन तब तक अपूर्ण माना जाता है जब तक कि उसके जीवन में गुरु का सानिध्य नहीं होता है। उन्होंने अनेक प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से गुरु महिमा का वर्णन किया। इस दौरान समिति ने पौधरोपण पखवाड़ा मनाते हुए आश्रम के नजदीक पार्क में फलदार और छायादार पौधे लगाए और श्रद्धालुओं को निशुल्क पौधे भी वितरित किये। इस मौके पर महात्मा प्रचारिका बाई, प्रभाकरानंद, महात्मा आलोकनंद, महात्मा मानसानंद, पूर्व अपर सचिव लोकायुक्त जीवन चंद्र उप्रेती, घनश्याम रस्तोगी, ज्वाला दत्त पाठक, भुवन चंद भट्ट, श्वेता शर्मा, रानी शर्मा, महेश चंद्र पांडे, डॉ. आरपी श्रीवास्तव, अजय उप्रेती आदि उपस्थित रहे।

हरेला पर्व में रंगारंग कार्यक्रमों की मची धूम, जमकर झूमे लोग

तीसरे दिन लोकगायक राकेश खनवाल और जगदीश कांडपाल ने सुरीले गीतों से बांधा समा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में चल रहे हरेले पर्व के तीसरे दिन रविवार को सांस्कृतिक संध्या में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही। लोकगायक राकेश खनवाल ने क्रीम पौडरा घिसने किले ने...गीत की प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

उन्होंने हिमुली हौलदार की चेली हिमुली..., चौखुटिया मासी बाजरा... और गंगा साली... आदि गीत भी गाए। वहीं गायक जगदीश कांडपाल ने मेकप जो चै तु लैटर पैड में ले..., हाथ दातुली बांधी कमर ज्यौड़ी..., धुर जंगल बांज काटन ने गे..., देहरादून की बौजी तु ज्वाना नी... गीत से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि व्यापारी नेता नवीन वर्मा, मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, गोपाल बिष्ट, यूसी जोशी, शोभा, पुष्पा संभल, त्रिलोक बनोली, देवेंद्र तोलिया, कमल किशोर, संदीप भैसोड़ा, मंजू दानू, चंद्र शेखर परगाई, धर्म सिंह बिष्ट, हेम भट्ट, रितिक आर्य, ललित सिंह बिष्ट, नीरज बगड़वाल, ललित कांडपाल, यशपाल मौजूद रहे।

हरेला पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं कलाकार। ● अमृत विचार

लोगों को पसंद आ रहे विभिन्न उत्पाद

हरेला पर्व में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही लोग मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों से जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। मेले में बांस से बने उत्पादों के अलावा आयुर्वेदिक दवाइयों, सूती कपड़े, होम मेड अचार, साड़ी, हिमांचली टोपी और जूट के बैग, उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के स्टॉल लगे हैं। जिनमें रखे विभिन्न प्रकार के उत्पाद लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं।

राकेश खनवाल। जगदीश कांडपाल।

प्रतियोगिताओं में बच्चों महिलाओं ने दिखाया दम

हरेला पर्व के तीसरे दिन बालिका सीनियर वर्ग में चम्मच दौड़ प्रतियोगिता हुई। जिसमें उन्नति सनवाल प्रथम, काव्या सनवाल द्वितीय, बबीता तिवारी तृतीय रहीं। चम्मच दौड़ महिला ओपन प्रतियोगिता में बेबी अधिकारी प्रथम, हिमानी पाठक द्वितीय, रेखा पाठक तृतीय रहीं। फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता में वेदिका पंत प्रथम, परिधि जैन द्वितीय, स्तुति पाठक तृतीय रहीं। चम्मच दौड़ बालक जूनियर वर्ग में कान्हा आर्य प्रथम, पवन तिवारी द्वितीय और ओम आर्य तृतीय रहे। बालक सीनियर वर्ग में वेद सिंह प्रथम, लक्ष्य ढैला द्वितीय, लक्ष्य जोशी तृतीय रहे। बालिका जूनियर वर्ग में तान्या आर्य प्रथम, दृष्टि आर्य द्वितीय और कनक आर्य तृतीय स्थान पर रहे।

लीगेसी वेस्ट प्लांट का मामला फाइलों में अटका

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौला रोखड़ में बने ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ा निस्तारण की समस्या अभी भी बनी हुई है। समस्या के समाधान के लिए लीगेसी वेस्ट प्लांट बनाया जाना था, लेकिन अभी तक अनुबंध नहीं हुआ है। अनुबंध का मामला पिछले सात माह से अटका है। जिस वजह से बारिश के दिनों में गौला रोखड़ में पड़ा कूड़ा सड़कर बीमारी और दुर्गंध फैला रहा है।

ट्रंचिंग ग्राउंड में नैनीताल, भवाली, रामनगर और हल्द्वानी का कूड़ा डाला जाता है। जिससे यहां कूड़े का ढेर लग गया है। ग्राउंड में रोजाना 400 मीट्रिक टन कचरा पहुंचता है। कूड़ा निस्तारण के लिए यहां लीगेसी वेस्ट प्लांट बनाया जाना प्रस्तावित है। जिसके टेंडर की प्रक्रिया दिसंबर 2023 से चल रही है। जनवरी में नगर निगम ने टेंडर खोल दिए थे और फाइनल रिपोर्ट बनाने की बात कही थी। उसके बाद हल्द्वानी में बनभूलपुरा में हिंसा भड़क गई। जिसमें नगर निगम को भी करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। तब यह मामला अटक गया और अभी तक टेंडर की प्रक्रिया अधूरी ही पड़ी है। गौला रोखड़ में दूसरी बार लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंटी प्लांट लगाए जाया जा रहा है।

यहां पूर्व में लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया था। नवंबर 2022 में कंपनी ने काम करना भी शुरू कर दिया था, लेकिन बाद में कंपनी ने मानकों के अनुसार काम नहीं किया। जिस वजह से नगर निगम ने पिछले साल कंपनी के साथ अनुबंध तोड़ लिया था। नगर निगम ने उस कंपनी को कई बार नोटिस भी दिया था।

स्वच्छता रैंकिंग में उछाल के बाद फिर से कवायद तेज

हल्द्वानी : नगर निगम के प्रयासों से स्वच्छता रैंकिंग में नगर निगम ने 71 अंकों का उछाल लिया और पूरे देश में 211वां नंबर हासिल किया। अगर नगर निगम ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ा निस्तारण की समस्या को सुलझा लेता है तो उसे और भी बेहतर अंक मिलने की संभावना है।

> लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की टेंडर प्रक्रिया पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शीघ्र ही प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।
> –**डॉ. मनोज कांडपाल**, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी, हल्द्वानी

डिग्री कॉलेजों में प्रवेश के लिए अंतिम मौका आज

काम की खबर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज और राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में सोमवार से पीजी कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मेरिट जारी करने के बाद छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा।

पीजी कक्षाओं में तय सीट होने की वजह से विषयों में प्रवेश को लेकर छात्रों को काफी परेशानी होती है। एमबीपीजी कॉलेज की प्रवेश समिति के प्रभारी डॉ. अमित सचदेव ने बताया कि समर्थ पोर्टल में आवेदन करने वाले छात्रों की मेरिट सोमवार को जारी की जाएगी। वहीं, महिला डिग्री कॉलेज की प्रवेश प्रभारी डॉ. सरस्वती ने बताया कि सोमवार दोपहर तक पीजी कक्षाओं के लिए मेरिट तैयार कर जारी की जाएगी। इधर, एमबीपीजी कॉलेज, महिला डिग्री कॉलेज और हल्द्वानी शहर गौलापार डिग्री कॉलेज में बीए, बीकॉम और बीएससी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं के लिए आज अंतिम मौका है।

सोमवार शाम 4 बजे बाद छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। डॉ. सचदेव ने बताया कि शासन ने प्रवेश के लिए सोमवार तक की तिथि निर्धारित की है। शुल्क जमा करने के लिए 20 जुलाई तक का समय दिया जाएगा।

आंचल ने लॉन्च किया छह लीटर पॉलीपैक दूध

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : आंचल ने छह लीटर पॉलीपैक में स्टैंडर्ड और फुल क्रीम दूध लांच किया है। साथ ही लीची, बबूल, वन तुलसी और फॉरेस्ट फ्लेवर में शहद भी बाजार में उतारा है। नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड लालकुआं ने रविवार को रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता में दूध और शहद की लॉन्चिंग की।

इस दौरान दुग्ध संघ व उत्तराखंड डेरी फेडरेशन के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने बताया कि होटल, रेस्टोरेंट, मिष्ठान्न भंडार व कैटरर्स की मांग पर आंचल 6 लीटर पॉलीपैक में दूध उपलब्ध कराने जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को प्रति पैक 6 रुपए की बचत होगी और पॉलीथिन का कम उपयोग होने से पर्यावरण प्रदूषण पर रोक लगेगी।

छह लीटर पॉलीपैक दूध की लॉन्चिंग करते मुकेश बोरा व अन्य। ● अमृत विचार

कहा कि प्रदेश के दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा लगातार दुग्ध उत्पादकों के हितों के लिये कार्य कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष में 12 रुपये प्रति लीटर दूध की दरों में वृद्धि की गयी है। साथ ही आंचल टेट्रा पैक दूध, क्रीम, लस्सी, छांछ, फ्लेवर्ड मिल्क, आइसक्रीम और आंचल फ्लैक्सी पाउच दूध बाजार में उतारा है। अब आंचल शहद भी बाजार में उतारा जा रहा है, जो ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों की ओर से तैयार किया जा रहा है। जिससे कृषकों की आय में वृद्धि होगी और आंचल ब्रांड मजबूती के साथ बाजार में अन्य कंपनियों से प्रतिस्पर्धा कर सकेगा। सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा ने बताया कि भविष्य में आंचल की ब्रांडिंग अन्य प्राइवेट दुग्ध कंपनियों की तरह कर बिक्री बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संचालन प्रभारी विपणन व प्रशासन संजय भाकुनी ने किया। इस दौरान उत्तराखंड वन एवं पर्यावरण परामर्श समिति के उपाध्यक्ष दीपक मेहरा, कृषि उत्पादन व विपणन बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट, उत्तराखंड राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला, गजराज बिष्ट, विधायक प्रतिनिधि विकास भगत , शशांक रावत, किशन बिष्ट, कृष्ण कुमार शर्मा, गोविंद मेहता, हेमा देवी, प्रदीप जनौटी, राजेंद्र नेगी, प्रमोद बोरा, कुलदीप कुल्याल, अमित बिष्ट मौजूद थे।

इंदु अध्यक्ष, निवेदिता बनीं सचिव

इनरव्हील क्लब ऑफ हल्द्वानी के कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : इनरव्हील क्लब ऑफ हल्द्वानी ने रामपुर रोड स्थित एक होटल में इंस्टॉलेशन समारोह मनाया। जिसमें वर्ष 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी घोषित की गई। इस दौरान इंदु पांडे अध्यक्ष, कुसुम कुंजवाल उपाध्यक्ष, निवेदिता पांडे सचिव, अमिता पांडे संयुक्त सचिव, सुनीति कपूर संपादक, रमा पांडे कोषाध्यक्ष, नीरजा बोरा सीजीआर, शशि सीएलसीसी मनोनीत हुईं। इसके अलावा जिले में क्लब से दीपा तिवारी, मधुर अग्रवाल और नीरजा बोरा चयनित हुए हैं।

निर्देशक लिली सिंह, अमिता मेहरा, मधुर अग्रवाल, रेणु शारदा और दीपा तिवारी को टीम के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारी सदस्य रश्मि, कल्पना, शशि, सुनीता, पुष्पा भट्ट, शोभा क्लब के कामकाज को सुचारू संचालन में मदद करेंगे। इस अवसर पर राइजिंग क्लब की अध्यक्ष मीना रावत, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अनिल कर्नाटक, उपाध्यक्ष ललित मोहन भट्ट, मीना वार्ष्णेय, विनीता, रश्मि, चंपा, अलका, रेणु, कल्पना, अमिता, शोभा, निशा, पुष्पा, पूनम पूर्णिमा, कल्पना, प्रतिभा, रितु, नीलम, प्रीति आदि उपस्थित रहे।

कार्यान्वयन टीमों का गठन किया

हल्द्वानी, अमृत विचार : वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पारित हुए। प्रमुख तौर पर समिति में कार्यान्वयन टीमों का गठन किया गया। पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय भवन में आयोजित बैठक में तय हुआ कि कार्यकारिणी के सभी सदस्य प्रतिवर्ष कम से कम दो नए सदस्य समिति में सम्मिलित करेंगे।

त्वरित कार्यवाही टीम में दया किशन बलूल्टिया, दिनेश चंद्र पंतोला, विपिन चंद्र बिष्ट और आनंद सिंह भाकुनी को शामिल किया गया। कार्यक्रम क्रियान्वन टीम में मोहन चंद्र बुड़लाकोटी, पदमा दत्त पांडे, भगवती बिष्ट और नीरू धवन को शामिल किया। इस दौरान भुवन भास्कर पांडे, डीके पांडे, इंद्र सिंह निगल्टिया, दया कृष्ण पंत, प्रताप सिंह जंतवाल, विष्णु सिंह आदि रहे।

गोकुलधाम कॉलोनी में आयोजित कवि सम्मेलन में मौजूद कवि। ● अमृत विचार

सावन और हरेला पर्व पर हुआ काव्य पाठ

हल्द्वानी, अमृत विचार : साहित्य सृजन संस्था की ओर से आरटीओ रोड स्थित गोकुलधाम कॉलोनी देवी मन्दिर परिसर में हरेला पर्व और मनभावन सावन अभिनन्दन समारोह के तहत कवि सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में वरिष्ठ और कनिष्ठ कवियों ने कविता का पाठ किया। शैलेश मटियाली पुरस्कार प्राप्त डॉ. प्रदीप उपाध्याय ने सम्मेलन का संचालन किया। कवियों में इन्द्रा तिवारी इन्दु, सुन्दर लाल मदन, डॉ. भूपेन्द्र, पूरन चन्द्र भट्ट, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बिपिन चन्द्र पांडे, भूपाल बिष्ट कलयुगी, अमृता पांडे, रमेश चन्द्र द्विवेदी, योगेश बहुगुणा योगी, डीएन कांडपाल, धर्मेन्द्र पांडे, मोहन जोशी मोहनदा, गोविन्द कश्यप ने कविता सुनाई। साथ ही छात्र कवियों में हर्षित जोशी, निरंजन राउत, दीपक चौहान, गर्वित तिवारी, लता आदि ने सावन और हरेला पर्व पर काव्य पाठ किया। इस दौरान आयोजक व संस्था अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता जोशी पुष्पांजलि, गिरीश बेलवाल, उमेश सुयाल, हंसा जोशी, मोहन भट्ट, हरीश कनवाल, नवीन बोरा आदि थे।

परीक्षा | सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा की हुई प्रारंभिक परीक्षा, हल्द्वानी में 48 और रामनगर में बने थे छह केंद्र

सही आया पेपर, अब अच्छे नतीजे आने का इंतजार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को पूरे जिले में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। प्रारंभिक परीक्षा में सबसे ज्यादा केंद्र हल्द्वानी में बनाए गए थे। प्रथम चरण की परीक्षा के देने के बाद भी कई परीक्षार्थी दूसरे चरण की परीक्षा देने नहीं पहुंचे। कई परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर ज्यादा कठिन नहीं आया था।

हल्द्वानी में प्रारंभिक परीक्षा के लिए 48 और रामनगर में छह केंद्र बनाए गए थे। हल्द्वानी में एक केंद्र पर पहले चरण की परीक्षा देने के बाद परीक्षार्थियों ने बताया कि सामान्य ज्ञान की परीक्षा में ज्यादातर प्रश्न 11वीं और 12वीं कक्षा के स्तर के थे। जिन लोगों ने बारीकी के साथ अध्ययन किया होगा, उनके लिए परीक्षा आसान रही होगी। कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर न तो ज्यादा कठिन था और न ही ज्यादा आसान था। इस वजह से परीक्षा में सफल होने के लिए अच्छे नंबर की जरूरत होगी, क्योंकि अनुमान है कि मेरिट ऊंची जा सकती है।

इधर, अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा के प्रथम चरण में कुल 21,300 में से 10,900 परीक्षार्थी उपस्थित और 10,400 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय चरण में कुल 21,300 में से 10,718 परीक्षार्थी उपस्थित और 10,582 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम चरण की परीक्षा देने के बाद 272 परीक्षार्थी ऐसे थे, जिन्होंने दूसरे चरण की परीक्षा नहीं दी। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा को देखते हुए सभी केंद्रों में पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे।

जीजीआईसी से पीसीएस प्री की परिक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

मैं नैनीताल से परीक्षा देने आया हूं। मैंने काफी तैयारी भी की है। पेपर भी अच्छे गए हैं। अब अच्छे नतीजे का इंतजार है। –**हर्षित जोशी**

हल्द्वानी में ही रहता हूं। पेपर तो ज्यादा कठिन नहीं था। जिन्होंने अच्छी तैयारी की है, उनके लिए पास होने की संभावना काफी है। –**विकास**

कोलकाता से परीक्षा देने के लिए हल्द्वानी आया हूं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं। पेपर ज्यादा कठिन नहीं थे। –**रोहित लोहमी**

विज्ञान के प्रश्न इंटरमीडिएट स्तर के आए थे। मैं दूसरी बार परीक्षा दे रहा हूं। पिछली बार कुछ ही अंकों से रह गया था। –**संयोग**

लगेज कैरियर पर नहीं होगा चालान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : महासंघ टैक्सी यूनियन कुमाऊं मंडल के पदाधिकारियों ने रविवार को देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। यूनियन के अध्यक्ष ठाकुर सिंह बिष्ट, महासचिव नवल किशोर और गणेशगंज थापा ने टैक्सी संचालन में आ रही समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को बताया।

जिस पर मुख्यमंत्री ने परिवहन सचिव को आदेश दिए कि एक राज्य में एक ही कानून लागू होना चाहिए। वाहन लगेज कैरियर पहले की तरह लगे रहेंगे जब तक कोई शासनादेश जारी नहीं होगा। तब तक किसी भी वाहन का लगेज कैरियर पर चालान नहीं किया जाएगा, लेकिन लगेज कैरियर के ऊपर सवारी या ओवरलोडिंग सामान व कैरियर के साथ सीढ़ी पाई गई तो वाहन का परमिट निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही चालक का लाइसेंस आजीवन निरस्त कर दिया जाएगा।

उन्होंने वाहन फिटनेस की समस्या के संबंध में भी परिवहन सचिव को आदेश दिया, जिसमें यूनियन के प्रतिनिधि परिवहन सचिव के साथ बैठक करेंगे। यूनियन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अन्य समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया, जिस पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान रानीखेत विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल, विधायक कपकोट सुरेश गड़िया, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना शिव सिंह बिष्ट और अनिल शाही उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करते महासंघ टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी व विधायक।

एक नजर

रजपुरा और जोगीपुरा के ग्रामीणों ने की तेंदुआ पकड़ने की मांग

बाजपुर : तेंदुआ की लगातार मौजूदगी से ग्राम रजपुरा नंबर-दो व जोगीपुरा के ग्रामीण खासे परेशान हैं। तेंदुआ गांव में कई पालतू कुत्तों को अपना निवाला बना चुका है। दहशतजदा ग्रामीणों ने वन क्षेत्राधिकारी बन्नाखेड़ा को ज्ञापन प्रेषित कर इन वन्य जीवों से निजात दिलाने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी वन क्षेत्र बन्नाखेड़ा को प्रेषित ज्ञापन में कहा है कि 12 जुलाई की रात ग्राम जोगीपुरा निवासी सतवीर कंबोज पुत्र निर्मल चंद के घर के आंगन से पालतू कुत्ते को वन्य संरक्षित जीव तेंदुआ उठाकर ले गया, जहां पर कुत्ते का क्षत-विक्षत शव गन्ने के खेत में मिला है। तेंदुए के दो शावक भी हर समय उसके साथ में नजर आते हैं।

दो चेक लेने वालों के विरुद्ध होगी एफआईआर

खटीमा : पिछले दिनों बाढ़ आने पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक पीड़ित परिवार को 5000 रुपये का चेक वितरित किए जा रहे हैं। कुछ स्थानों पर एक ही परिवार में दो या इससे अधिक चेक लेने की शिकायतें प्रशासन को मिल रही हैं। इन शिकायतों को लेकर प्रशासन गंभीर हो गया है। एसडीएम रविन्द्र बिष्ट और तहसीलदार हिमांशु जोशी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने तथ्य छुपा कर एक से अधिक चेक प्राप्त किए हैं तो वह खटीमा तहसील में स्वयं ही चेक जमा कर दे। अन्यथा जांच में यह तथ्य सामने आने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया जाएगा। जिसका उत्तरदायित्व परिवार के मुखिया पर होगा।

दो पालियों में 16071 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

राज्य सिविल और प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में बनाये गये थे 37 परीक्षा केंद्र

परीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित राज्य सिविल व प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से दो पालियों में संपन्न हो गयी है। पहली पाली में पंजीकृत 13594 अभ्यर्थियों में से 8089 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 5505 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली में 7982 ने परीक्षा दी, जबकि 5612 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

रविवार को राज्य सिविल व प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा जनपद के 37 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई। पहली पाली में परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित हुई, जबकि द्वितीय पाली में परीक्षा दोपहर 2 से 4 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा-144 लागू की गयी थी। सुबह से परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। मुख्य गेट पर चैकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को अंदर जाने की इजाजत दी गयी। परीक्षा के नोडल अधिकारी व अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों के साथ ही सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को सख्त निर्देश दिए गये थे। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात किये गये थे।

रुद्रपुर में आर्य कन्या इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

काशीपुर में 3528 परीक्षार्थियों ने छोड़ी पीसीएस प्री की परीक्षा

काशीपुर : रविवार को जिले में पीसीएस प्री की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। इस दौरान काशीपुर में परीक्षा देने के लिए 12 केंद्र बनाए गए। इन परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने के लिए पंजीकृत नौ हजार से अधिक परीक्षार्थी को आमंत्रित किया गया था। इसमें 6192 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 3528 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस प्री) की रविवार को परीक्षा कराई गई। इस दौरान 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए। परीक्षा को दो पाली में कराया गया। इसमें पहली पाली में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा सम्पन्न कराई गई, जबकि दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक परीक्षा को सम्पन्न कराया गया। इस दौरान पहली पाली में कुल 4680 में से 3117 परीक्षार्थियों न परीक्षा दी। जबकि 1743 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही दूसरी पाली में कुल 4860 में से 3075 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 1785 अनुपस्थित पाए गए।

इन 12 केंद्रों पर हुई परीक्षा

काशीपुर : तुलाराम राजाराम काशीपुर, शिवालिक होली माउंट स्कूल, श्री गुरुनानक, सेम फोर्ड स्कूल, सदाशिव एएनएम स्कूल, उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज, पं गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, डीडीएमडीएवी स्कूल, तारावती सरोजनी देवी बालिका विद्या मंदिर, श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज, श्री गुरु नानक पक्काकोट शामिल रहे।

सड़क किनारे ठेले व दुकानें आगे बढ़ाने से लग रहा जाम

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: काशीपुर की कई मुख्य सड़कों व बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे सड़क पर दुकानों से बाहर दो से तीन फुट पर सामान लगाकर अतिक्रमण किया है। इसके चलते बाजार में जगह-जगह जाम लगने की स्थिति बनी रहती है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

आपको बता दें कि शहर के रोड की पटरियों पर ठेले वालों ने अपना सामान जमा रखा है। इसके चलते लगने वाले जाम में राहगीरों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहर के बाहर सड़कों के किनारे ठेले वालों ने अतिक्रमण कर पूरे फुटपाथ समाप्त कर चुके हैं। वहीं नगर निगम की तरफ से बने फुटपाथ पर फल सब्जी फूड स्टालों का अवैध कब्जा किया हुआ है। ठेला लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे मार्ग छोटा हो गया है और जाम लग रहा है।

अतिक्रमण

- दुकानदारों ने आधी सड़कों को घेरकर किया अतिक्रमण
- पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा

सड़क पर अतिक्रमण किए हुए हैं दुकानदार। ● अमृत विचार

बाजपुर से अरदास के बाद गुरुद्वारा हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के लिए रवाना होते सेवादार। ● अमृत विचार

गुरुद्वारा हजूर साहिब नांदेड़ के लिए सेवादार रवाना

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला बाजपुर से सावन माह की लंगर सेवा के लिए गुरुद्वारा हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के लिए तीन वाहनों पर रसद व बड़ी संख्या में सेवादार विधि-विधान के साथ अरदास कर रवाना हो गए।

गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष तख्त श्री हजूर साहिब में गेट नंबर-3 पर पूरा सावन माह लंगर की सेवा गुरुद्वारा नानकसर ठाठ गजरौला के सौजन्य से संगत के सहयोग से चलाई जाती है। क्षेत्रभर की संगत द्वारा एकत्र कर आज तीन वाहनों पर आटा, चावल, दाल, तेल आदि खाद्य सामग्री व 170 महिला पुरुष सेवादारों का जत्था गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मुख अरदास कर रवाना किया गया है। यह जत्था 16 जुलाई से 16 अगस्त तक हजूर साहिब महाराष्ट्र में संगत के लिए लंगर का प्रबंध करेगा। उन्होंने बताया कि सेवादारों व रसद के जाने की सूचना स्थानीय प्रशासन तहसीलदार बाजपुर अक्षय भट्ट व कोतवाली बाजपुर को भी दी गई है। इस मौके पर किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, भाकियू कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, व्यापारी नेता दर्शन लाल गोयल, बलदेव सिंह, देवेंद्र सिंह, अनमोल सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरमुख सिंह, सतनाम सिंह, हरजिंदर सिंह, कुलदीप सिंह, रवि सिंह, अजमेर सिंह, बबली सिंह, जसविंदर सिंह, मलकीत सिंह, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

अघोषित बिजली कटौती से परेशानी

बाजपुर : भीषण गर्मी के बीच हो रही अघोषित बिजली कटौती आमजन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

विद्युत ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने के कारण नगर पंचायत केलाखेड़ा के मंसूरनगर क्षेत्र में पिछले 48 घंटों से बिजली की आंख-मिचोली जारी है जिससे कालोनी के लोग खासे परेशान हैं जिसके चलते लोगों में ऊर्जा निगम के विरुद्ध रोष पनप रहा है।क्षेत्र में एक तरफ भीषण गर्मी का क्रम जारी है तो वहीं अघोषित बिजली कटौती एवं लो बोल्टेज ने भी आमजन की परेशानियों को बढ़ा रखा है। दिन-रात रुक-रुक कर बिजली गुल होने से लोगों की रात की नींद तो खराब हो ही रही है, वहीं दिन के समय में भी बिजली से संचालित रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों ने विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों से व्यवस्था सुचारु करने की मांग की है।

किसानों की उपेक्षा पड़ेगी भारी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर बाजपुर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को 350 दिन हो गए।

भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि जिस तरह से भाजपा सरकार किसानों मजदूरों व्यापारियों की उपेक्षा कर रही है आने वाले समय में सरकार को भारी पड़ेगा। उत्तराखंड की दो सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम इसका जीता जागता उदाहरण हैं। कुछ ही दिन पूर्व लोकसभा की पांचों सीटों पर कब्जा करने वाली भाजपा उपचुनाव में विधानसभा की दोनों सीटें हार गई जो भाजपा के लिए खतरे का बड़ा संकेत है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन देने के बावजूद किसान मजदूर व्यापारी अपने भूमिधरी अधिकारों के लिए लंबे समय से सरकार की बाट जोह रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कहा कि यदि सरकार का रवैया इसी तरह उपेक्षापूर्ण रहा तो आने वाले समय में प्रदेश के मजदूर, किसान व व्यापारी भाजपा को सबक सिखाएंगे। आगामी समय में जिलेभर के किसान संगठनों की बैठक कर आंदोलन की आगामी रणनीति बनाई जाएगी। इस मौके पर जगजीत सिंह, सनी निज्जर, पाल सिंह, दिलबाग सिंह, देवेश प्रताप सिंह, मनजीत सिंह, मुरारी लाल, राज किशोर सिंह, गुड्डू, जोगिंदर सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं भूमि बचाओ आंदोलन के 350 में दिन आज सिकंदर सिंह, हरदेव सिंह, रंजीत सिंह शौकर, सुखजीत सिंह निज्जर व हरदीप सिंह को भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा व किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने माल्यार्पण कर बैठाया।

बाजपुर में क्रमिक अनशन के दौरान प्रदर्शन कर नारेबाजी करते आंदोलनकारी।

सीएम धामी के समक्ष उठाईं मांगें

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: अपनी मांगों को लेकर आज काशीपुर बार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिला।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से काशीपुर बार एसोसिएशन नें जानकारी देते हुए बताया कि एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उप-सचिव सूरज कुमार, ऑडिटर हिमांशु विश्नोई ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास देहरादून में पहुंचकर मुलाक़ात कर काशीपुर के आसपास के वादकारियो के लिए सुलभ एवं सस्ता न्याय के संदर्भ मे एवं अधिवक्तागणों की समस्याओ के सम्बन्ध मे कई मुद्दों पर वार्ताकर एक मांगपत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। जिस पर उन्होंने जल्द ही उक्त मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। एसोसिएशन के सदस्यों नें उसके बाद भाजपा के प्रदेश कार्यालय में भाजपा के प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत गुप्ता व उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन (कैबिनेट मंत्री) उत्तराखंड सरकार विनय कुमार रुहेला से भी भेंट की।

देहरादून में सीएम धामी को मांगपत्र सौंपते काशीपुर बार एसोसिएशन के सदस्य।

आय बढ़ाने को नगर निगम लगाएगा फिलिंग स्टेशन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : अपने राजस्व में वृद्धि करने के लिए काशीपुर नगर निगम प्रशासन ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। नगर निगम ढेला नदी के पास स्थित ट्रचिंग ग्राउंड की भूमि पर स्वयं का पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और चार्जिंग स्टेशन लगाने जा रहा है। इसके लिए इंडियन ऑयल के साथ पत्राचार शुरू किया गया है। एडीएम ने भी काशीपुर पहुंचकर पंप के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया।

नगरआयुक्त विवेक राय ने बताया कि आय के स्रोत बढ़ाने की दिशा में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और चार्जिंग स्टेशन बनाने की प्रकिया शुरू की गई है। अक्तूबर, 2023 में हुई नगर निगम बोर्ड बैठक में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया गया। बोर्ड से स्वीकृति मिलने पर निगम ने ढेला पुल के पास खाली पड़ी भूमि पर पंप लगाने के लिए इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के साथ प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। वहां पंप स्थापित होने से निगम की आय का स्रोत बढ़ जाएगा और क्षेत्र के विकास कार्यों को गति मिलेगी। नगर आयुक्त राय ने बताया फीलिंग स्टेशन के लिए पूर्व में दो-तीन स्थानों पर भूमि का चयन किया जा चुका है। जहां स्टेशन स्थापित किया जा सकता है। इसकी भी संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। नगरायुक्त ने बताया कि निगम अपनी आय बढ़ाने के लिए दूसरे विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहा है। नगरनिगम के जीर्णशीर्ण आवासीय परिसर को ध्वस्त करके वहां दुकानें, पार्किंग और रेस्टोरेंट का निर्माण कराने के प्रस्ताव पर विचार चल रहा है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

योजना | 80 फीसदी सब्सिडी दी जा रही, डीजल के खर्च में होगी प्रतिवर्ष 50 हजार तक की बचत

किसानों को सोलर पंप लगाने के लिए कर रहे प्रेरित

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचार : ऊधमसिंह नगर के किसानों को अब डीजल पम्प की जगह सोलर पम्प के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम योजना) शुरू की गयी है। इस योजना के तहत सोलर पम्प लगाने के लिए किसानों को 80 फीसदी तक सब्सिडी दी जा रही है। वहीं सोलर पम्प लगने के बाद किसानों की डीजल में प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये तक बचत होगी।

यहां बता दें कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सिंचाई और डीजलीकरण के स्रोत प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने ने मार्च 2019 में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान शुरू की थी। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को खेती के लिए सोलर सिंचाई पंप लगाना होगा। तीन हॉर्स पॉवर से 10 हॉर्स पावर के सोलर पंप लगाने के लिए सरकार किसानों को 80 फीसदी तक सब्सिडी दे रही है। इसके लिए किसान की स्वयं की बोरिंग होना जरूरी है। लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार सोलर पम्प के लिए किसान के पास 300 फीट का बोर होना अनिवार्य है। किसान जिस स्थान पर सोलर पम्प स्थापित करेगा उसे दूसरे स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। वरना अनुदान की धनराशि किसान से वसूल की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों को योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जा रहा है। योजना का लाभ लेने के बाद किसानों को पम्प में डीजल भरने की समस्या से निजात मिल जाएगी। इससे किसानों का काफी आर्थिक लाभ होगा।

> जनपद में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सिंचाई और डीजलीकरण के स्रोत प्रदान करने के लिए पीएम कुसुम योजना शुरू की गयी है। इसके तहत किसानों को डीजल पम्प की जगह सोलर पम्प लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि किसानों के आय बढ़ सके और प्रतिवर्ष डीजल में होने वाले खर्च करीब 50 हजार की बचत हो सके। किसानों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर योजना का लाभ दिया जा रहा है।
> **-सुशील कुमार**, अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, ऊधमसिंह नगर

केलाखेड़ा के लोग पीने के पानी के लिए परेशान

बाजपुर : पाइप लाइन में लीकेज के चलते केलाखेड़ा के वार्ड नंबर-6 व 8 के लोग पिछले करीब एक सप्ताह से पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे। निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम पठान ने जल संस्थान के कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर समस्या के समाधान करने की मांग की। वहीं कर्मचारियों ने देर सायं तक लीकेज सही कर पेयजल आपूर्ति सुचारु करने की बात कही। नगर पंचायत केलाखेड़ा में नेशनल हाइवे-74 किनारे जुम्मा बाजार क्षेत्र में पिछले करीब एक सप्ताह से पेयजल पाइप लाइन में लीकेज की वजह से मोहल्ला रत्ना मडैया व फिदानगर की पेयजल सप्लाई बाधित हो गई और भीषण गर्मी के बीच सैकड़ों परिवार पीने के पानी के लिए तरस गए। उनका कहना था कि पानी की सप्लाई न मिलने के कारण उनकें रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो गए हैं। पीने के साथ ही खाना बनाने, नहाने एवं कपड़े धोने आदि के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं समस्या सामने आने पर निवर्तमान चेयरमेन अकरम पठान मौके पर पहुंच गए। साथ ही जल संस्थान के स्थानीय अधिकारियों को भी मामले की लिखित जानकारी उपलब्ध करवाई जिसके चलते दोपहर बाद मौके पर पहुंचे जल संस्थान के कर्मचारियों ने काम शुरू कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

रामनगर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस एक माह अंबाला तक ही संचालित की जाएगी

काशीपुर : चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर विकास कार्य होने के चलते रामनगर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस आगामी करीब एक महीने अंबाला तक ही संचालित होगी। इज्जतनगरमंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि 12 जुलाई से नौ अगस्त तक चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर बुनियादी ढांचे के लिए पुनर्विकास कार्य होंगे। सप्ताह में एक बार चलने वाली गाड़ी संख्या 12527 रामनगर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस का 15 जुलाई, 22 जुलाई, 29 जुलाई और पांच अगस्त तक अंबाला छावनी से संचालन किया जाएगा। वहीं गाड़ी संख्या 12528 रामनगर चंडीगढ़ एक्सप्रेस 15 जुलाई, 22 जुलाई, 29 जुलाई और पांच अगस्त तक अंबाला छावनी तक जाएगी।

खोए मोबाइल ढूंढकर पुलिस ने लौटाई खुशी

काशीपुर : गुम हुए मोबाइल फोनों में से पुलिस ने दो और मोबाइल को बरामद कर उनके स्वामियों को देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाई है। थाना क्षेत्र में गुम होने वाले मोबाइल फोन को सीईआईआर पोर्टल से बरामद करने सम्बन्धी निर्देश दिये गये थे। उक्त आदेश के अनुपालन में सीईआईआर पोर्टल से गुम हुए मोबाइल फोन का डाटा अपलोड कर पोर्टल पर निगरानी रखी गई। जिसके क्रम में टेडा रोड, रामनगर निवासी दानवती पत्नी महेन्द्र व मुरादाबाद रोड, साकेत नगर, काशीपुर निवासी युगल राज के पूर्व में गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद किया। जिसे पुलिस ने उनके स्वामियों के सुपुर्द किया। फोन प्राप्तकर्ताओं ने पुलिस को आभार जताया। फोन ढूंढने में महिला कांस्टेबल प्रियंका कम्बोज व ऋचा तिवारी का सहयोग रहा।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

बाजपुर : संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की बतियत खराब होने से मौत हो गई। ग्राम कनौरा निवासी रोशन जहां (45) पत्नी शाकिर हुसैन की शनिवार को तबियत खराब होने पर स्वजन नगर के एक निजी चिकित्सालय ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा था। बताया जाता है कि तबियत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक ने जवाब दे दिया जिसके चलते परिवार के लोग शनिवार-रविवार की रात करीब एक बजे उसे अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

छत से गिरा किशोर, गंभीर

बाजपुर : छत पर चढ़ा किशोर असंतुलित होकर नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम हजीरा निवासी सतपाल (13) पुत्र भजन सिंह घर की छत पर किसी कार्य से चढ़ा था। बताया जाता है कि रविवार की सुबह वह अचानक असंतुलित होकर छत से नीचे गिर गया और बेहोश हो गया। परिजन आनन-फानन किशोर को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

घर में घुसकर मारपीट

बाजपुर : पड़ोसियों में मारपीट होने पर एक पक्ष ने घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट कर युवक को घायल कर दिया। वार्ड नंबर-9 मोहल्ला मझरा बक्श निवासी अनिल पुत्र हरिराम ने पुलिस को बताया कि उसकी अपने पड़ोसी किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही थी जिसे कुछ गणमान्य लोगों ने बीच में पड़कर निपटा दिया था। आरोप है कि 11 जुलाई की देर रात पड़ोस में रहने वाले दो भाई अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके घर में घुस गए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध किया तो आरोपी हमलावर हो गए जिसमें वह घायल हुआ है।

गुलजारपुर लोअरकोसी बीट में अवैध रूप से काटे खैर के कई पेड़, गिल्टों को यूपी व अन्य राज्यों में भेजा जा रहा

तराई के खैर से पनप रहे यूपी के लकड़ी तस्कर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : तराई के जंगलों से खैर की लकड़ी की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। तराई पश्चिमी वनप्रभाग की दक्षिणी लोअरकोसी बीट से बड़ी संख्या में खैर का अवैध कटान कर गिल्टों को यूपी समेत अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है। तस्करों ने खैर काटकर जंगल का बड़ा हिस्सा साफ कर दिया है। वहीं कटान के पूरे मामले में वनकर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध है। जिसको लेकर डीएफओ ने कई वनकर्मियों को अपने रडार पर रखा है।

तराई पश्चिमी वनप्रभाग की रामनगर रेंज की दक्षिणी लोअरकोसी बीट में बड़ी संख्या में खैर के पेड़ों कटान करने का मामला सामने आया है। वहीं खैर के कटान को देखते हुए उच्चाधिकारियों ने जांच के लिए कॉम्बिंग कराने के निर्देश रेंजर को दिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रामनगर रेंज की दक्षिणी लोअरकोसी बीट से बड़ी संख्या में अवैध रूप से खैर के कई पेड़ों का कटान किया गया है। जिसकी जड़ें अभी भी क्षेत्र में मौजूद हैं। वहीं काटे गए खैर को तस्करों द्वारा काशीपुर होते हुए यूपी के कई स्थानों पर भेजा गया है।

बीते दिन गुलजापुर से खैर की जड़ें मिलने से वनकर्मियों और तस्करों में हड़कंप मच गया है। इसे देखते हुए तस्कर दक्षिणी लोअरकासी बीट में कटे पेड़ों पर पुराने एचटू नंबर लिखने के लिए जंगल में पेंट लेकर घूम रहे हैं। मामले की सूचना तराई के डीएफओ को मिलते ही चार वनकर्मियों को डीएफओ ने रडार पर रखा है। जल्द ही इन वनकर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है।

रामनगर रेंज में काटे खैर के पेड़।

20 से अधिक जड़ें गुलजापुर से बरामद

काशीपुर : शनिवार को गुलजापुर स्थित एक धार्मिक स्थल के पास खैर की जड़ों को छिपाने का वीडियो वनाधिकारियों को मिला था। जिसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने 20 से अधिक खैर की जड़ों को बरामद किया। बताया जा रहा है कि जड़ों को दक्षिणी लोअर कोसी बीट से हटाया गया है। वहीं इस मामले में तराई पश्चिमी के डीएफओ ने जांच के आदेश दिए हैं।

दक्षिणी लोअरकोसी बीट में पेंट लेकर जड़ों में एचटू नंबर लिखने की जानकारी संज्ञान में है। चार वनकर्मियों को रडार पर रखा है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दक्षिणी लोअरकोसी में कॉम्बिंग के लिए एक फिर से आदेश जारी किया जाएगा। **-पीसी आर्या**, डीएफओ, तराई पश्चिमी वनप्रभाग।

तराई पश्चिमी में कॉम्बिंग कराने के निर्देश अधीनस्थों को दिए गए हैं। जांच के रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
-डॉ विनय भार्गव, वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी

मौत से पूर्व एटीसी इंचार्ज ने निकाले थे 45 हजार रुपये

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: एयरपोर्ट परिसर के आवास में 24 जून को एटीसी इंचार्ज आशीष चैसाली महिला के गेटअप में फंदे से लटके मिले थे। मामले में मृतक के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर आत्महत्या में साजिश का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है, क्योंकि मौत से पूर्व उन्होंने 45 हजार रुपये निकाले थे।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज किया है। रई पुल के पास धनौरा पिथौरागढ़ निवासी संदीप चैसाली पुत्र स्व. श्री खीमानंद चैसाली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके बड़े भाई आशीष चैसाली पंतनगर एयरपोर्ट में एटीसी ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। 24 जून की सुबह वह सरकारी आवास में फांसी पर लटके मिले थे। उनके साथ आवास में हल्द्वानी निवासी आकाश व भरत नेगी भी थे। आशीष से घटना की रात लगभग 9.30 बजे तक परिजनों से अनुकूल वातावरण में बातचीत भी हुई थी। ऐसे व्यक्ति से आत्महत्या जैसा दुस्साहस करने की उम्मीद नहीं है। वहीं घटना से लगभग 10 दिन पूर्व देहरादून भी गए थे। उनके बचत खाते से आठ जून को एक हजार और नौ जून को 44 हजार रुपये लगभग निकाले गए हैं।

जांच की मांग

- एयरपोर्ट आवास में महिला के गेटअप में फंदे से लटके मिले थे

चेक वितरण में भेदभाव का आरोप भाजपा व कांग्रेस नेता में मारपीट

कांग्रेस नेता के खिलाफ केस दर्ज होने पर कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर कोतवाल का घेराव किया

विवाद

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : गोटिया में बाढ़ पीड़ितों को अहेतुक राशि के चेक वितरण के दौरान चेक वितरण में भेदभाव और राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस और भाजपा नेता में कहासुनी और मारपीट हो गई। पुलिस ने भाजपा नेता की तहरीर पर कांग्रेस नेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली, जिसके विरोध में कांग्रेस के दोनों विधायकों सहित कांग्रेसियों ने कोतवाली में हंगामा काटा और कोतवाल को घेरा।

वार्ड संख्या दो निवासी 15 सूत्रीय कार्यक्रम समिति सदस्य व भाजपा नेता तारिक मालिक ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि विगत दिनों क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री द्वारा घोषित सहायता राशि के वितरण के लिए तहसील के कर्मी चेक बांटने के लिए वार्ड संख्या छह गौटिया में पहुंचे। जहां गौटिया निवासी कांग्रेस नेता राशिद अंसारी, परवेज, आमिर अंसारी, तारीक खान आदि तहसील कर्मचारियों के साथ जाने लगे, जिसका यह कहते हुए विरोध किया कि प्रशासन अपना काम कर रहा है उसे करने दो। यह कहने पर चारों व्यक्ति उससे उलझ गये और गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगे। वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने इस मामले में वार्ड संख्या 6 गौटिया निवासी राशिद अंसारी, परवेज, आमिर अंसारी, तारिक खान के खिलाफ धारा 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इधर रविवार को कांग्रेस नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के विरोध में कांग्रेस के उप नेता प्रतिपक्ष व विधायक भुवन कापड़ी, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा दर्जनों कांग्रेसियों के साथ कोतवाल का घेराव किया। उन्होंने कांग्रेस नेता राशिद अंसारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इस दौरान कोतवाली में पुलिस और कांग्रेसियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कांग्रेसी पुलिस को भाजपा के एजेंट के रूप में काम करनें का आरोप लगाया। विधायक भुवन कापड़ी ने कहा कि मामला इतना बड़ा नही था की पुलिस मुकदमा दर्ज करे। पुलिस भाजपा के दबाव में कांग्रेसियों का उत्पीड़न कर रही है। कोतवाल ने कांग्रेसियों की तहरीर रिसीव कर जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

खटीमा कोतवाली में हंगामा कर कोतवाल का घेराव करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

नदी किनारे बसे लोगों को नोटिस

लोगों से मुलाकात कर जानकारी लेते कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : कल्याणी नदी किनारे बसे लोगों को जिला प्रशासन के आदेश पर चिह्नित किया जा रहा है। वहीं गड्ढा कॉलोनी के लोगों को नोटिस मिलने और चिह्नित लोगों से मिलने कांग्रेस नेता पहुंचे, जहां उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन से वार्ता कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

बताते चलें कि भगवानपुर कुलड़िया में जिस प्रकार प्रशासन द्वारा बलपूर्वक हटाए जाने के बाद अब कल्याणी नदी के किनारे बसे लोग भयभीत होने लगे हैं। रविवार को गड्ढा कॉलोनी कल्याणी नदी किनारे बसे लोगों को नोटिस मिलने की सूचना के बाद कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा और महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा लोगों से मिलने पहुंची। इस दौरान लोगों का कहना था कि पिछले कई वर्षों से कच्चे मकान बनाकर रह रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से प्रशासन के आदेश पर नगर निगम की टीम मकानों पर लाल निशान लगा रही है और नोटिस देकर खाली करने का आदेश जारी कर रही है। जिस पर कांग्रेस नेताओं ने आश्वासन दिया कि प्रशासन से वार्ता कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। बावजूद प्रशासन ने समाधान नहीं निकला तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर मोनु निषाद, रणजीत सिंह राणा, रामाधारी गंगवार, अनिल शर्मा, दिनेश मौर्य, कांति कटिहार, श्याम लाल गंगवार, महेश कुमार, प्रसादी लाल, मनोहर लाल, मुन्नी देवी, शांति देवी, मुन्नी देवी, सीमा, चांदनी, सुमन, कैलाश आदि मौजूद रहे।

चिंतित

- कल्याणी नदी किनारे बसे लोगों का है मामला
- कांग्रेस नेता ने मौके पर पहुंचकर जाना पीड़ितों का हालचाल

स्वामित्व खतौनी जारी होनी चाहिए

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जमीनों के नियमितीकरण के लिए संगठित होकर उत्तर प्रदेश सरकार पर दबाव बनाकर मालिकाना हक लेने हेतु आह्वान किया गया।

रविवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल की बैठक बाबा भूमण शाह डेरा बेवकता गदरपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता किसान गुरबख्श सिंह ने की। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर विचार वर्ष किया गया। बैठक में उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित गांव पदमपुर से लेकर आरसल पार्सल तक काबिज किसान जिनको पूर्व में भी सरकार की तरफ से खाली करने के नोटिस आ चुके हैं और पूर्व में कई बार जेसीबी से सरकार द्वारा कब्जा लेने की कोशिश की जा चुकी है। किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सरदार सलविंदर सिंह कलसी ने उत्तराखंड में छूट गए गृह स्वामियों की स्वामित्व खतौनी जारी करने की मांग की गई। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए सतपाल सिंह निवासी बेरिया को बाजपुर का ब्लॉक अध्यक्ष कुलवंत दास को ग्राम अब्दुला नगर का ग्राम अध्यक्ष और रमेश चंद को ग्राम झूनी मजरा का ग्राम सचिव का पद दिया गया। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र काम्बोज, ग्राम प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी सुदेश डग, मंडल महासचिव सुखविंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र ढिल्लो, साहब सिंह, गुरबक्श सिंह, सविंदर सिंह, किशन चन्द, टेक चन्द, प्रीतम काम्बोज, रमन मैनी आदि किसान मौजूद थे।

गदरपुर के ग्राम बेवक्ता स्थित बाबा भूमणशाह डेरे पर बैठक करते किसान।

कार चालक की गिरफ्तारी नहीं होने पर रोष

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: एक पखवाड़ा पहले तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौत का शिकार हुए युवक के परिजन व मोहल्लेवासियों ने कोतवाली पहुंचकर फरार आरोपी अज्ञात वाहन चालक को गिरफ्तार करने की मांग की।

मृतक के पिता मोहल्ला मझरा-प्रभु वार्ड नंबर-एक निवासी इशरार अहमद पुत्र जलालुद्दीन ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि एक जुलाई की मध्य रात्रि करीब 12:20 बजे उनका बेटा गुड्डू (21) रामराज रोड पर स्थित पावर स्पेक फैक्ट्री विक्रमपुर इंडस्ट्रियल एरिया बाजपुर से ड्यूटी करके साइकिल पर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह रामराज रोड पर स्थित एक हास्पिटल के पास पहुंचा तभी किसी अज्ञात चार पहिया वाहन चालक ने बड़ी तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से गुड्डू को काफी गंभीर चोटें आईं। कुछ लोगों द्वारा उसे घायलावस्था में अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया, जहां से उसे रेफर करने पर परिजन काशीपुर ले गए, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जिसमें पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं रविवार को कोतवाली पहुंचे मृतक के परिजनों व मोहल्लेवासियों ने मौके पर मौजूद एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी का घेराव कर आरोपित अज्ञात चालक पर को पकड़ने की मांग की। साथ ही समय रहते कार्रवाई न होने की दशा में आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर कांग्रेस के प्रभारी नगराध्यक्ष रेशम यादव, देवांचल शर्मा, आदित्य चानना, दीपांशु कुमार कश्यप, रोहित कश्यप, अभिषेक सागर, लियाकत, लईक, मोहन, राहुल, शंकर आदि मौजूद रहे।

बाजपुर कोतवाली में एसआई का घेराव कर कार्रवाई की मांग करते मृतक के स्वजन।

व्यापार मंडल का चुनाव | प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकारी महामंत्री ने इसे व्यापारियों के संघर्ष के बाद सत्य की जीत बताया

बायलॉज तलब करने से मामला डीएम दरबार में पहुंचा

राजेंद्र सहगल राजू, किच्छा

अमृत विचार: प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर चल रही प्रक्रिया पर प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद ग्रहण लगता नजर आ रहा है। सदस्यता अभियान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पहली मतदाता सूची जारी होने से पहले ही व्यापार मंडल का चुनाव खटाई में पड़ गया है।

प्रशासन द्वारा चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर व्यापार मंडल के बायलॉज एवं अन्य दस्तावेज तलब करने से पूरा मामला जिलाधिकारी के दरबार में पहुंच गया है। वहीं प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकारी महामंत्री विजय अरोड़ा ने कहा कि व्यापारियों के संघर्ष के बाद सत्य की जीत हुई है, क्योंकि चुनाव कमेटी को लगातार सदस्यता अभियान में बायलॉज की अनदेखी कर नियमों की अवहेलना किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। मुख्य बाजार स्थित एक होटल में मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा से पूर्व व्यापार मंडल की वर्तमान कमेटी के साथ कोई राय शुमारी नहीं की गई और एकाएक बिना पूर्व सूचना के चुनाव संचालन समिति ने सदस्यता अभियान शुरू करने की घोषणा कर दी।

उन्होंने आरोप लगाया कि बायलॉज के अनुसार 3 वर्षीय सदस्यता शुल्क 300 रुपये वसूला जाना चाहिए, लेकिन अध्यक्ष पद के एक दावेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से समिति ने मात्र डेढ़ सौ रुपये शुल्क वसूल कर करीब 2700 लोगों को संगठन में मतदाता बना दिया। कहा कि प्रशासन को अवगत कराए जाने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाकर प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया है और व्यापारियों को उम्मीद जगी है कि नई व्यवस्था बनाकर प्रशासन द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ व्यापार मंडल के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय में शरण लेने के लिए भी पूरी तैयारी कर ली गई है यदि जरूरत पड़ी तो न्यायालय में व्यापार मंडल चुनाव की प्रक्रिया को चुनौती दी जाएगी।

मौके पर कार्यकारी कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, वरिष्ठ व्यापारी नेता संजीव कुमार सिंह, प्रमोद ठुकराल, हर्ष खुराना आदि मौजूद रहे।

किच्छा में जानकारी देते व्यापारी नेता विजय अरोड़ा, नितिन फुटेला एवं अन्य व्यापारी।

प्रशासन ने संज्ञान लेकर सभी दस्तावेज तलब किए

किच्छा : प्रेस वार्ता के दौरान उपस्थित वरिष्ठ व्यापारी नेता संजीव कुमार सिंह ने चुनाव प्रक्रिया पर प्रशासन द्वारा रोक लगाए जाने पर आभार जताते हुए कहा कि व्यापार मंडल के चुनाव में किसी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने चुनाव संचालन समिति पर एक तरफा निर्णय लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे मामले को लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त था तथा प्रशासन ने संज्ञान लेकर सभी दस्तावेज तलब किए हैं। उन्होंने सदस्यता अभियान में फर्जी वोट बनाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से अपनी देखरेख में कैंप लगाकर वोट बनाने की प्रक्रिया नए सिरे से शुरू करने की भी मांग की।

शारीरिक संबंध बना हड़पे नौ लाख रुपये

रुद्रपुर : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक विवाहिता ने युवक पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने और लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। एक विवाहिता ने बताया कि दो साल पहले उसकी मुलाकात एक युवक से हुई। वह अपने घर से सारा जेवरात लेकर उसके साथ आ गई और किराए के मकान में आरोपी के साथ रहने लगी। आरोप था कि युवक ने कई बार उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर अभद्रता व मारपीट भी की। डरा-धमका कर सोने के जेवरात और जमा नौ लाख रुपये भी हड़प लिए। जब उसने साथ रहने से इंकार कर दिया तो आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर, थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि तहरीर आने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आरोपों की पुष्टि होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अकार्यकरणाद् भीत : कार्याणान्च विवर्जनात्।
अकाले मन्त्रभेदाच्च येन माद्देन्न तत् पिबेत्॥

व्यक्ति को नशीला पेय नहीं पीना चाहिए ,आयोग्य कार्य नहीं करना चाहिए। योग्य कार्य करने में आलस्य नहीं करना चाहिए तथा कार्य सिद्ध होने से पहले उद्घाटित करने से बचना चाहिए।

संपादकीय

लोकतंत्र के लिए खतरा

अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को पेंसिल्वेनिया के बटलर फार्म शो की रैली में कई गोलियां दागी गईं। एक गोली पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के दाहिने कान को भेदती निकल गई। पूर्व राष्ट्रपति पर हमले की इस घटना से पूरा विश्व हैरान है। हमले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो चुका है। दुनिया भर के नेताओं ने डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की निंदा की है। अमेरिकन सीक्रेट सर्विस ने एक बयान में कहा कि रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप पर हमला करने वाला मारा गया। दूसरे व्यक्ति की फायरिंग में मौत हो गई, दो अन्य दर्शक घायल हो गए। हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रुक्स पेंसिल्वेनिया का ही था, जिसकी उम्र 20 साल थी। एफबीआई उसका विवरण और हमले का मकसद पता कर रही है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि हमें सभ्य तरीके से व्यवहार बनाए रखना चाहिए। हिंसा का कोई स्थान नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

वास्तव में ऐसी हिंसक घटनाएं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। राजनीतिक हिंसा कभी भी स्वीकार्य नहीं है। जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने कहा कि यह अमेरिकी लोकतंत्र के लिए काला दिन है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हिंसा और बढ़ने का डर जताया है। किसी भी तरह की राजनीतिक हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। लोकतंत्र को चुनौती देने वाली किसी भी तरह की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। ज्यादातर नेताओं ने कहा-चुनावी रंजिश में नफरत इतनी ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले से पहले अमेरिका में राष्ट्रपतियों, पूर्व राष्ट्रपतियों और प्रमुख दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को निशाना बनाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। हमले के बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस पर भी सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञ इसे सुरक्षा में बड़ी चूक मान रहे हैं। सुरक्षा अधिकारियों की मौजूदगी में एक कड़ी सुरक्षा वाले क्षेत्र में यह हमलावर एक ऐसी बंदूक लेकर गया जिसे छिपाया नहीं जा सकता और फिर भी सीक्रेट सर्विस हमले को न रोक पाई। नवंबर में अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इन चुनावों में बाइडेन की फिटनेस पर लगातार उठते सवालों के बीच ट्रंप को बढ़त मिलने की उम्मीद है। क्या ट्रंप पर हुआ यह हमला उन्हें और भी ज्यादा मजबूत स्थिति में पहुंचा देता है। आने वाले दिनों में इस घटना का अमेरिका के चुनाव में क्या प्रभाव पड़ेगा देखने वाली बात होगी।

जाति व्यवस्था का औपचारिक-अनौपचारिक विमर्श

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

औद्योगिक क्रांति के बाद दास से भूदास बने गांवों के किसान भरभरा कर शहरों की ओर भागे और वहां कारखानों में मजदूरी करने लगे। मार्क्सवाद में उन्हें सर्वहारा कहा गया, क्योंकि उनके पास शरीर के सिवा कुछ भी नहीं था और जीवित रहने की न्यूनतम सुविधाओं के मूल्य (वेतन) पर उसे पूंजीपतियों को बेचने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं था।

जाति व्यवस्था को लेकर औपचारिक-अनौपचारिक विमर्श निरंतर जारी है। इस समय जातीय जनगणना हवा में कुलांचें भर रही है। चुनावों के समय, खासकर उत्तर भारत में, सामान्यजन में अस्मिता बोध और पीड़ित मानसिकता जगाने का यह एक बना-बनाया और बार-बार आजमाया गया औजार है। इस बोध और मानसिकता का येन केन प्रकारेण दोहन करने की प्रवृत्ति आम है, जो हिंदू समाज के विद्वेषपूर्ण विखंडन को बल देती है।

लिहाजा, मौजूदा परिदृश्य में हिंदू समाज के इस कलंक को समाप्त करने में खांटी रुचि किसी की नहीं दिखती। इसके विपरीत इसे समाप्त करने के विरुद्ध निहित स्वार्थ अधिक सक्रिय नजर आते हैं। जाति व्यवस्था के राजनीतिक विमर्श में कोई पक्ष लेने के बजाय, इसकी उत्पत्ति, स्वरूप और परिणति का यथासंभव तटस्थ ऐतिहासिक और अकादमिक लेखा-जोखा प्रस्तुत करने की प्रासंगिकता अभी निःशेष नहीं हुई है। यह एक चौंकाने वाला किंतु कटु सत्य है कि प्रायः सभी उन्नत सभ्यताएं समाज के एक बड़े वर्ग के शोषण पर फल-फूलकर ही उन्नत हुई थीं। सभ्यता और संस्कृति की ऊंचाइयां छूने के लिए उस वर्ग को इतिहास में अनाम और अदृश्य रहकर चुपचाप अपने को होम कर देना पड़ा था। वर्तमान औद्योगिक सभ्यता में भी इस तत्व के अवशेष देखे जा सकते हैं। उपनिवेशवाद के बिना औद्योगिक क्रांति की संभावना बहुत न्यून थी और उपनिवेशवाद उपनिवेशों के शोषण का एक सुदृढ़ संस्थागत स्वरूप था। उपनिवेशों और उपनिवेशक देशों के भीतर चले आ रहे पारंपरिक शोषण के समांतर।

यूनानी सभ्यता में दासों की स्थिति पर कोई चिंतन नहीं मिलता, क्योंकि वे नगर राज्यों के नागरिकों में शामिल ही नहीं थे, जिन्हें प्लेटो ने शासक, सैनिक और उत्पादक की तीन श्रेणियों में बांटा है। मुख्यतः दासों के श्रम की बदौलत ही बौद्धिक वर्ग को जीविकोपार्जन की चिंताओं से मुक्त, चिंतन-मनन के लिए वह बहुमूल्य चीज मिलती थी, जिसे प्राचीन यूनान में 'अवकाश' कहा जाता था और जिसे एक चिंतनशील, सार्थक नागरिक जीवन जीने के लिए अनिवार्य बताया गया था। प्लेटो ने तो दासों पर कोई विचार ही नहीं किया और अरस्तू ने उन्हें जीवित औजार कहकर टाल दिया। रोमन साम्राज्य के युग में दासों की संख्या में विपुल विस्तार हुआ। रोमन भी यूनानियों की तरह विदेशियों को (भारतीयों के 'म्लेच्छ' की तर्ज पर) बर्बर समझते थे। साम्राज्य निर्माण और विस्तार की प्रक्रिया में युद्ध में विजित सेना के बंदी सैनिकों को दास बनाने की प्रथा आम थी। कभी-कभी तो विजित प्रदेश के सारे निवासियों को दास बना लिया जाता था। यही दास मनोरंजन के लिए स्टेडियम में ग्लेटियेटर के रूप में, दो में से एक की मौत तक, आपस में लड़ाए जाते थे, जिसकी क्रूरता का आख्यान हॉवर्ड फास्ट के प्रसिद्ध उपन्यास स्पार्टकस में वर्णित है। एक विडंबना के तौर पर, साम्राज्य विस्तार के साथ रोमन सेना में 'बर्बर' सैनिकों की वृद्धि ही रोमन साम्राज्य के पतन का प्रमुख कारण बनी, इन सैनिकों में रोमन सम्राट के प्रति स्वामिभक्ति के अभाव के चलते जर्मन, गोथ, बंडल एवं हूण कबीलों के भीषण आक्रमण के सामने रोमन साम्राज्य ताश के पत्ते की तरह ढह गया। दास प्रथा यूरोप के मध्ययुग से होते हुए आधुनिक युग की प्रारंभिक शताब्दियों तक निर्बाध चलती रही। दास प्रथा के खात्मे के बाद यही दास भूदासों में अंतरित हो गए, जो सामंतों की जायदाद में बंधुआ मजदूर की तरह काम करते थे और एक सामंत की जायदाद छोड़कर दूसरे के यहां नहीं जा सकते थे। आए दिन कोड़े खाना उनकी सामान्य नियति थी। अफ्रीका के स्वतंत्र लोगों को हठात घेरकर उन्हें पकड़ने और जबरन दास बनाकर, जहाजों में ठूंसकर, अन्य महाद्वीपों में ले जाकर उन्हें पशुवत बेच देने की प्रथा अमेरिकी गृहयुद्ध (1861-1865) तक चलती रही जब उत्तर के उद्योग प्रधान राज्यों के संयुक्त मोर्चे ने कृषि प्रधान दक्षिणी राज्यों के संघ को पराजित कर दास प्रथा के उन्मूलन का मार्ग प्रशस्त किया। इसका मूल्य इस अभियान के नायक राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को अपने जीवन का बलिदान देकर चुकाना पड़ा।

> दास प्रथा यूरोप के मध्ययुग से होते हुए आधुनिक युग की प्रारंभिक शताब्दियों तक निर्बाध चलती रही। दास प्रथा के खात्मे के बाद यही दास भूदासों में अंतरित हो गए, जो सामंतों की जायदाद में बंधुआ मजदूर की तरह काम करते थे और एक सामंत की जायदाद छोड़कर दूसरे के यहां नहीं जा सकते थे। आए दिन कोड़े खाना उनकी सामान्य नियति थी। अफ्रीका के स्वतंत्र लोगों को हठात घेरकर उन्हें पकड़ने और जबरन दास बनाकर, जहाजों में ठूंसकर, अन्य महाद्वीपों में ले जाकर उन्हें पशुवत बेच देने की प्रथा अमेरिकी गृहयुद्ध (1861-1865) तक चलती रही जब उत्तर के उद्योग प्रधान राज्यों के संयुक्त मोर्चे ने कृषि प्रधान दक्षिणी राज्यों के संघ को पराजित कर दास प्रथा के उन्मूलन का मार्ग प्रशस्त किया।

औद्योगिक क्रांति के बाद दास से भूदास बने गांवों के किसान भरभरा कर शहरों की ओर भागे और वहां कारखानों में मजदूरी करने लगे। मार्क्सवाद में उन्हें सर्वहारा कहा गया, क्योंकि उनके पास शरीर के सिवा कुछ भी नहीं था और जीवित रहने की न्यूनतम सुविधाओं के मूल्य (वेतन) पर उसे पूंजीपतियों को बेचने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं था। पूंजीपति उन्हें उतना ही देता था, जितने से वे काम करने लायक बने रहें और अपने परिवार को बनाए रखें ताकि अगली पीढ़ी को भी मजदूर मिलते रहें। लंदन में ये टेम्स के किनारे झुग्गियों में रहते थे, जहां दुर्गंध भरे कचरे की भरमार होती थी। फिर भी ये सर्वहारा भूदासों से बेहतर स्थिति में थे, क्योंकि ये अपने वेतन को जैसे चाहें खर्च करने के लिए स्वतंत्र थे और एक पूंजीपति को छोड़कर दूसरे के कारखाने में काम करने जा सकते थे। यही कारण है कि इस दौर में गांवों से शहरों की ओर पलायन इतनी तेजी से हुआ कि औद्योगिक क्रांति में अग्रणी इंग्लैंड जैसे देशों के कई निर्वाचन क्षेत्रों में बहुत थोड़े मतदाता रह गए, जिनका मत खरीदकर कोई भी साधन संपन्न व्यक्ति संसद सदस्य बन सकता था, इसीलिए इन क्षेत्रों को पॉकेटबरो या रॉटेनबरो कहा गया। यह इस बात का प्रमाण है कि सर्वहारा की स्थिति कितनी भी दयनीय रही हो, वह भूदासों से बेहतर थी। उसी तरह भूदासों की स्थिति दासों से बेहतर थी। इससे यूरोप में दासों की क्या स्थिति थी, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। श्रम-कल्याण के कानूनों से धीरे-धीरे मजदूरों की दशा में सुधार हुआ, किंतु सामंतयुग के अवशेष सामान्यजन और भद्रपुरुष के बीच की ठोस दीवार बहुत बाद तक कायम रही। उपनिवेशों सहित सभी जगह प्रशासनिक अधिकारी और सेना के कमीशन प्राप्त अधिकारी भद्रवर्ग के (पूर्व सामंती खानदान के कुलीन) लोग ही होते रहे। भारत का औद्योगीकरण मजदूरों की हालत में काफी सुधार हो चुकने के बाद शुरू हुआ। इसलिए यहां न ही कभी 'औद्योगिक क्रांति' हुई, न सर्वहारा का उदय। भारत में पश्चिम की तरह की दास प्रथा भी नहीं रही, न भूदासों पर निर्भर वहां की तरह का लॉर्ड और वासल के पिरामिड वाला सामंतवाद। खेती के साथ उन्नत हस्तशिल्प के सहारे (जिसके उच्च कोटि के उत्पाद की विश्वबाजार में जबरदस्त मांग थी) लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी होती रहीं। जैसा कि फाहियान (327-422 ई.) और ह्वेनसांग (602-664 ई.) के निष्पक्ष वर्णनों से पता चलता है, प्राचीन भारत में सामान्य जनता अमूमन खुशहाल रही। डॉ. आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'हू वर द शुद्र' (1946) में वर्ण व्यवस्था की उत्पत्ति की विवेचना ऋग्वेद के पुरुष सूक्त की इस ऋचा से शुरू की है-ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः। ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रोऽजायत।। (10.90.12) अर्थात् ब्राह्मण उसका मुख था, बांहों से क्षत्रिय की रचना की गई, वैश्य उसकी जंघा थी, शूद्र उसके पैरों से उत्पन्न हुआ।

पुरुष सूक्त की सोलह ऋचाएं सृष्टि का काव्यात्मक रूपक खड़ा करती है, जिसमें यज्ञ पुरुष (या विराट पुरुष) के भिन्न-भिन्न अंगों से सृष्टि के भिन्न-भिन्न उपादानों की रचना का आख्यान है, किंतु ऋग्वेद की ही क ऋचाएं हैं, जो मनुष्य मात्र की उत्पत्ति मनु से प्रतिपादित करती हैं। मनु के आदिपुरुष होने की यह धारणा इतनी मूलभूत है कि पुराण, स्मृति तथा धर्मसूत्र बार-बार इसका उल्लेख करते हैं। अंतर्विरोध स्पष्ट है। या तो मानव मात्र के पूर्वज एक ही (मनु) थे या वे यज्ञ पुरुष के चार भिन्न अंगों से उद्भूत चार भिन्न पुरुष थे। ऋग्वेद की एक ऋचा (9.112.3) का ऋषि घोषित करता है कि मैं बढ़ई हूं, मेरे पिता वैद्य हैं और मेरी मां उपले बनाती हैं (कारुरहं ततो भिषक् उपलपृक्षिणी नना)। पुरुष सूक्त को छोड़कर ऋग्वेद में अन्यत्र कहीं चार वर्णों का उल्लेख नहीं मिलता।

प्रसंगवश

जल अपराध



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जल जीवन है। जीवन के लिए अपरिहार्य है। अब यह भारत के लोकमानस की पद्धति है कि उसने जल को देवता के रूप में स्वीकार कर लिया और पवित्रता के भाव से जोड़ लिया। उसे तीर्थ माना गया। जलाशय के पास जूते पहनकर नहीं जाना, वहां कोई जूठी चीज नहीं छोड़नी, वहां थूकना मत, वहां कुल्ला मत करना आदि आदि पाप की श्रेणी में मान लिए गए। कितने ही लोग थे, जो पवित्र भाव से घाटों की सफाई करते थे, लेकिन समय बदला। वर्जनाएं टूटी।

सामाजिक दृष्टि धीरे-धीरे व्यक्ति लाभ में परिवर्तित होने लगी। तर्क निकला पाप क्या होता है? लोकदृष्टि की अवमानना हुई, लोग बेवकूफ हैं, अपढ़ हैं, अंधविश्वासी हैं। हम पढ़े लिखे हैं, तर्कशील हैं। तर्क की ओट में व्यक्ति स्वार्थ को छिपने की जगह मिल गई थी। गंगा-यमुना के घाट कुंआ-तालाब, कुंड-सरोवर, पोखर, जो अब तक सार्वजनिक पवित्रता के केन्द्र थे। निजी संपत्ति में तब्दील हुए। (निजीकरण के समर्थक इस तथ्य को ध्यान से समझें) उद्योगों का जाल बिछा, जरूरी था, किंतु लाभ की तात्कालिक दृष्टि ने समष्टिभाव को आहत किया। छिन्न-विच्छिन्न किया। उद्योगों का प्रदूषण धरती पर बिखरा और बिखरता गया, हवा में गया और बिना परवाह के जाता ही रहा, उद्योगों का प्रदूषण जल स्रोतों में गया और बेखटके जाता रहा। जनता के बीच आवाजें उठीं, किन्तु व्यक्ति स्वार्थ ने, जो भ्रष्टाचार के साथ एकाकार हो चुका था, उस आवाज को कुचल दिया। प्रत्येक शहर के साथ यह हुआ और आज भी हो रहा है।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पानीपत के तीन उद्योगों पर छापा मारा ,देखा कि उनका कैमिकल वाला पानी भूजल को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषित कर रहा है। अब जो भी कुछ होगा, वह सामने आएगा, किंतु यह कोई नई बात तो है नहीं, अनेक उद्योग इस प्रकार के पानी को बोरिंग करके भूगर्भ में डालते रहे हैं। कई साल पहले जब पानीपत में पीलिया फैल गया था, ऐसी केंद्रीय टीम आई थी। कुछ दिनों धर-पकड़ हुई फिर ढाक के तीन पात। मूल बात है भ्रष्टाचार। व्यक्ति स्वार्थ।

समस्याओं पर ध्यान लगा व्यापक सुधार लाएं



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

> इसमें कोई शक नहीं कि आपातकाल में बहुत अधिक अवैध गिरफ्तारियां हुईं और उसी का दंड जनता ने 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी को हराकर दे दिया।

25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा कर विरोधी दल के नेताओं, कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों को गिरफ्तार करा दिया था तथा खबरों पर सेंसरशिप लगा दी थी। उस दिन को याद करने हेतु 12 जुलाई को केंद्रीय सरकार ने घोषित किया है कि अब प्रत्येक 25 जून को "संविधान हत्या दिवस" मनाया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि तत्कालीन सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया, लोगों पर ज्यादती और अत्याचार किए गए। गृह मंत्री ने एक्स पर लिखा कि इस दिन इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोट दिया था। लाखों लोगों को जेल में डाल दिया गया एवं मीडिया की आवाज दबा दी गई।

इसमें कोई शक नहीं कि आपातकाल में बहुत अधिक अवैध गिरफ्तारियां हुईं और उसी का दंड जनता ने 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी को हराकर दे दिया। कांग्रेस उत्तर भारत में, खासकर हिंदी बेल्ट में हारीं थी, दक्षिण भारत में उसे पर्याप्त सीटें मिली थीं। तात्पर्य यह कि दक्षिण भारत ने आपातकाल को संविधान की हत्या नहीं मानी और रायबरेली की हार का बदला चिकमगलूर से इंदिरा गांधी को संसद भेजकर दिया। उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय ने आपातकाल की घोषणा को संविधान का हनन माना था, ऐसी कोई जानकारी मुझे नहीं है। आपातकाल का प्रावधान संविधान में है इसलिए आपातकाल की घोषणा संविधान की हत्या नहीं माना जा सकता। विरोधियों की गिरफ्तारी, मौलिक अधिकारों का निलंबन प्रजातंत्र की हत्या कहीं जा सकती है। आपातकाल लागू होने के 50 वर्ष बाद 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने का औचित्य समझ में नहीं आया। वर्ष 1977 से 1980 तक के तीन वर्ष की जनता सरकार ने यह घोषणा नहीं की जबकि सर्वाधिक महत्वपूर्ण बंदी उस संसद में थे। बाद में भाजपा के सहयोग से कई प्रधानमंत्री बने। अटल बिहारी वाजपेई पांच वर्ष तथा मोदी जी भी लगातार 10 वर्ष से प्रधानमंत्री व अमित शाह मंत्री हैं। आज यकायक संविधान हत्या की याद कहां से आ गई? पिछले माह ही 25 जून था, तब आपात काल की भर्त्सना तो की गई, लेकिन इस दिवस की घोषणा नहीं की गई।

गुजरात तथा बिहार के छात्र आंदोलनों का हो रहा विस्तार, जार्ज फर्नांडिस की रेलवे तथा अन्य हड़तालों से देश में अनुशासन समाप्त हो रहा था, विद्यालय बंद थे, जेपी सेनाओं को भी विद्रोह हेतु उकसा रहे थे, चुनी हुई सरकार को भंगकर पुनः चुनाव की मांग की जा रही थी। ऐसी स्थिति में देश में आपातकाल लागू किया गया था, जिसका प्रावधान संविधान में है। आपातकाल लागू होने के बाद अधिकारियों का समय से कार्यालय आकर कार्य करना, ट्रेनों का समय से चलना, विद्यालयों में पढ़ाई होना, आंदोलनों के समाप्त होने जैसे बहुत से अच्छे कार्य भी हुए। प्रधानमंत्री के 10 सूत्री कार्यक्रम तथा संजय गांधी के चार सूत्री कार्यक्रम (बलात नसबंदी को छोड़कर) का लाभ देश को मिला। विनोबा भावे ने इसे अनुशासन पर्व कहा था। यदि जनता इसे संविधान की हत्या मानती तो इंदिरा गांधी तथा कांग्रेस पुनः सत्ता में न आती।

अगर संविधान की हत्या को देखें तो संविधान की हत्या का आरोप तो भाजपा पर भी लग रहा है। सर्वोच्च न्यायालय में बाबरी मस्जिद की रक्षा का मुख्यमंत्री द्वारा शपथपत्र दाखिल करने के बाद भी मस्जिद तोड़ी गई और वहां नियुक्त पुलिस बल मूकदर्शक बना रहा। बाबरी मस्जिद तोड़ने में प्रयासरत कारसेवकों पर फायरिंग कराने वाले तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की भर्त्सना करने के बाद पद्मविभूषण प्रदान किया गया। गुजरात में गोधरा कांड के बाद जो दंगे हुए उस समय वहां भाजपा का शासन था, मणिपुर में जो भयानक हिंसा हो रही है, वहां भाजपा है, पश्चिम बंगाल में जो हिंसा हो रही है, केंद्र में भाजपा है। इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया तो अमेरिका की धमकियों की परवाह न कर पाकिस्तान के दो टुकड़े भी किए। चीन के विरोध के बाद भी सिक्किम को भारतीय गणतंत्र में शामिल भी किया। हम शोशेबाजी को छोड़कर आज की गंभीर समस्याओं बढ़ती आबादी, गरीबी, बेरोजगारी, धार्मिक कट्टरता, नारियों का सम्मान, अच्छी शिक्षा तथा स्वास्थ्य, वैज्ञानिक उपलब्धियां आदि पर ध्यान केंद्रित कर इसमें व्यापक सुधार लाएं तो बेहतर होगा।

सोशल फोरम

विदेश नीति के उपकरण

> निरंतर कूटनीतिक संवाद और हस्तक्षेप, ये दो विदेश नीति के महत्वपूर्ण उपकरण रहे हैं। अफसोस की बात है अब यह सब खत्म कर दिया गया है। विदेश नीति के नाम पर इवेंट होते हैं।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भारत अब एक बंद गली में रहता है। एक जमाना था विभिन्न देशों की गरीब और जुल्म से पीड़ित जनता की मदद करना हमारी विदेश नीति की अंग था। फिलिस्तीन, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, क्यूबा, वियतनाम आदि को भारत ने जो मदद दी वह सारी दुनिया में सराही गई। यहां तक कि जाफना में तमिलों पर होने वाले जुल्मों का हमने विरोध ही नहीं किया, उनकी रक्षा के लिए सैन्य कार्रवाई की।

सिंहली राष्ट्रवादी और लिट्टे के आतंक से जाफना को मुक्त किया और स्वायत्त शासन की स्थापना में अहम भूमिका अदा की। जाफना के पुनर्निर्माण में करोडों रुपए की सालाना मदद की। लाखों तमिल शरणार्थियों को तमिलनाडु में लंबे समय तक हर तरह की मदद की। बांग्लादेश (पहले पूर्वी पाकिस्तान) में जब पाक सेना जुल्म कर रही थी तो अवामी लीग और बांग्लादेश की जनता की सभी नियम तोड़कर मदद की, बांग्लादेश को आजाद कराया। भारत ने यह नहीं सोचा कि दुनिया क्या कहेगी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस परंपरा से उलटे काम किए हैं। एक-एक करके सब पड़ोसी देशों से संबंध बिगाड़ लिए हैं। कल्पना कीजिए सन बासठ के चीन के साथ युद्ध के बाद लगातार कूटनीतिक संवाद को महत्व देकर निरंतर वार्ताएं चलाकर चीन को व्यस्त रखा गया। चीन इसके कारण भारत की जमीन का कोई टुकड़ा अपने कब्जे में नहीं ले पाया। निरंतर कूटनीतिक संवाद और हस्तक्षेप, ये दो विदेश नीति के महत्वपूर्ण उपकरण रहे हैं। अफसोस की बात है अब यह सब खत्म कर दिया गया है। विदेश नीति के नाम पर इवेंट होते हैं। इवेंट, विदेशी नेताओं से मिलना और भाषण देना विदेश नीति नहीं है। हमने विदेश नीति का अंत करके अमेरिका की सबसे बड़ी सेवा की है।

-फेसबुक वॉल से

संकट में उत्तराखंड की जड़ी-बूटियां

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> जंगल में वन औषधीय पौधे अपने आप उगते हैं, पर तस्कर बड़ी बेरहमी से जड़ों सहित इन पौधों को उखाड़ कर ले जाते हैं। तस्कर कई बार सीधे-साधे गांव वालों से कम दामों में जड़ी-बूटियां खरीद लेते हैं। गांव वाले जड़ी-बूटियों के वास्तविक मूल्य से अनभिज्ञ रहते हैं।

उत्तराखंड का पर्वतीय क्षेत्र अपनी अकूत वन संपदा और वनस्पतियों की विविधता के लिए जाना जाता है, लेकिन पिछले कुछ सालों में शिवालिक पर्वत शिखरों मे पाई जाने वाली जड़ी बूटियां अवैध दोहन और तस्करी के चलते तेजी से विलुप्त हो रही हैं। उत्तराखंड के हिमालय को हिमवंत औषधं भूमिनाम कहा गया है अर्थात् जहां औषधीय पौधों की भरमार है। महर्षि चरक, सुश्रुत, वाग्भट से लेकर धनवंतरि शर्मा के शोध ग्रंथ 'द्रव्य गुण विज्ञान' में पांच सौ से अधिक जड़ी बूटियों के इस क्षेत्र में पाए जाने का वर्णन मिलता है।

हिमालय क्षेत्र में पाई जाने वाली जड़ी बूटियां ही आयुर्वेद चिकित्सा के ज्ञान का आधार रही है, जिनका आयुर्वेदाचार्यों ने दिल खोलकर गुणगान किया है, परंतु प्रकृति प्रदत्त यह बेशकीमती संपदा अब छीज रही है। पहले स्थानीय लोग यहां की जड़ी बूटियों से परंपरागत रूप से लाभान्वित होते थे, लेकिन अब मोटी रकम कमाने की चाह में तस्करों ने गांव वालों के साथ मिलकर इनका बेजा दोहनकर पहाड़ को कई महत्वपूर्ण बूटियों से विहीन कर दिया है। ये दुर्लभ जड़ी बूटियां तस्करी के जरिए विदेश पहुंच रही हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार पहाड़ की दो सौ से अधिक जड़ी बूटियों की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। कई तो विलुप्त हो चुकी हैं। शोधकर्ता भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण विभाग ने इनके अस्तित्व पर संकट का कारण मनमाफिक दोहन, वनों का कटाव, वनों में हर साल लगने वाली आग तथा प्राकृतिक वन संपदा का क्षरण होना बताया है। अवैध दोहन का एक मुख्य कारण यह भी है कि यूरोपीय व अन्य देशों में आयुर्वेदिक दवाओं के प्रति आकर्षण के चलते कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण में उतर आई है। इस कारण तस्करी बढ़ी है और हमारी बहुमूल्य बूटियां चोरी-छिपे विदेशों में पहुंच रही हैं। पिछले कुछ सालों मे हमारी तीन दर्जन से अधिक वनौषधियों को विदेशों में पेटेंट भी करा लिया गया है। पहाड़ की संकटग्रस्त औषधीय पौधों की प्रजातियों में टैक्सस बकाटा, कूठ, पुनर्नवा, सर्पगंधा, हरड़, जटामांसी, कीड़ाजड़ी, शतावर, गूलर, चिरायता, सालमपंजा, कासनी, कालाबाशा, पिपली, जिंबू, आक, कौंच, वज्रदंती आदि शामिल हैं। इन जड़ी बूटियों में टैक्सस बकाटा अर्थात् टैक्साल को कैंसर की औषधी के रूप में प्रयोग किया जाता है। टैक्साल का मूल स्रोत 'टैक्सस ब्रेविफोलिया' नामक वृक्ष की छाल है। कुमाऊं में इसे थनेर नाम से जाना जाता है। एक से दो ग्राम टैक्साल की कीमत 3 लाख से अधिक होती है। कई जगह तस्कर चोरी-छिपे इस पेड़ की छाल निकालकर या पेड़ को ही काटकर ले जाते हैं। नतीजतन यह अमूल्य वनस्पति आज अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रही है। संकटग्रस्त प्रजातियों में खैर व भोज वृक्ष का बड़े स्तर पर अवैध कटान हो रहा है। खैर का उपयोग कत्था व गुटखा बनाने में होता है। इधर बाजार में नित नए गुटखे आने से खैर की मांग बहुत बढ़ गई है। मांग बढ़ने का अर्थ है तस्करी का भी बढ़ना। इसी तरह भोज वृक्षों की संख्या भी बहुत कम रह गई है। कभी हमारे ऋषि-मुनियों ने इसकी छाल पर कई ग्रंथ लिखे थे।

हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में एक नायाब जड़ी मिलती है, जिसे हमारे यहां 'कीड़ाजड़ी' तो तिब्बत व चीन में 'यारशागुंबा' कहा जाता है। चीन में इसका इस्तेमाल एथलीटों की क्षमता बढ़ाने के लिए प्राकृतिक स्टेरॉयड के रूप में प्रयोग किया जाता है। यही कारण है कि पिथौरागढ़ जनपद के धारचुला, मुनस्यारी के ऊंचे इलाकों में स्थानीय लोग बड़े पैमाने पर इसका दोहन व तस्करी कर रहे हैं, क्योंकि चीन में इसकी मुंहमांगी कीमत मिल रही है। इसके संग्रह और व्यापार से जुड़े लोगों में अक्सर खूनी संघर्ष तक देखने को मिलता है। यह जड़ी 3500 मीटर की ऊंचाई पर हिम आच्छादित क्षेत्र में पाई जाती है, जहां ट्री लाइन खत्म हो जाती हैं। सामान्य तौर पर यह एक जंगली मशरुम है, जो एक खास तरह के कीड़े के कैटरपिलर्स को मारकर उस पर पनपता है। स्थानीय लोग इसे कीड़ाजड़ी इसलिए कहते हैं, क्योंकि ये आधी कीड़ा है और आधी जड़ी। इसकी बड़े पैमाने पर तस्करी हो रही है। दुनियाभर में लोग आयुर्वेद की ओर मुड़ रहे हैं। विदेशों में जड़ी-बूटियां दुर्लभ हैं, पर भारत में इनकी प्रचुरता है। इसलिए दुनियाभर की दवा कंपनियों और तस्करों की नजरें भारत की इस संपदा पर टिकी है। वनौषधियों की विलुप्तता का एक कारण यह भी है कि महत्वपूर्ण जड़ी-बूटियों की पहचान करने वाले परंपरागत पीढ़ी के वनस्पति विशेषज्ञ अब नहीं रहे और जिन्हें इनका ज्ञान है वे जानकारियों को अपने तक ही सीमित रख नई पीढ़ी को इस ज्ञान से वंचित कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि जंगल से जड़ी बूटियों को खोज निकालना जितना मेहनत का काम है उतना ही श्रम साध्य है इन जड़ी-बूटियों को तोड़ना। जिस पौधे की जड़ दवा बनाने में काम आती है, उसे उखाड़ देने से पूरा पौधा ही मर जाता है।

जंगल में वन औषधीय पौधे अपने आप उगते हैं, पर तस्कर बड़ी बेरहमी से जड़ों सहित इन पौधों को उखाड़ कर ले जाते हैं। तस्कर कई बार सीधे-साधे गांव वालों से कम दामों में जड़ी-बूटियां खरीद लेते हैं। गांव वाले जड़ी- बूटियों के वास्तविक मूल्य से अनभिज्ञ रहते हैं और चंद रुपयों के बदले वनौषधियों को तस्करों के हाथों बेचकर खुश हो जाते हैं। बड़ी क्रूरता से किए जा रहे अवैध व अनियंत्रित दोहन से अनेक दुर्लभ वनौषधियों की प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और जो बची हैं वे भी विलुप्ति की कगार पर हैं।

यौमे वफात

हमने तो जिक्र हर जगह तेरा सुना है आज
अब्बास तेरे गम में जो नोहा बयां है आज
हर लब पर हाय हाय की गूंजी सदा है आज
जुल्मों सितम को सहने की बस इंतेहा है आज
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।

लफ्जे वफा को तू ने अमल से वफा किया
किरदार इश्के हैदर का तू ने अदा किया
परचम बुलंद हुसैन का तू ने सदा किया
शब्बीर के हर हुक्म को तू ने अदा किया
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।
बच्चों की प्यास देखकर रंजूर हो गए
अब्बास पानी लाने को मजबूर हो गए
जख्मों से बाजू आपके फिर चूर हो गए
नहरे फुरात पर गए महसूर हो गए
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।

बाजू कटा के लड़ता रहा था वफा शनास
गमगीन थी ज़मीन फलक भी हुआ उदास
मशकीजा भर के खेमे में पहुंचाने की थी आस
सदम रहबा हुसैनी अलसदर ऐ अब्बास
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।
शब्बीर के फिदाई अलमदार जिंदाबाद
तू ने किया वफा का वो इंतजार जिंदाबाद
तुझ से मिली है मौत को भी हार जिंदाबाद
साजिद उस ही से हमको भी प्यार जिंदाबाद
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।

-साजिद अब्बासी ,बरेली।

हरेला पर्व पर रखा पांच लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

ग्राम्य विकास, वन, शिक्षा, उद्यान, पंचायत, महिला एवं बाल कल्याण विभाग को जिम्मेदारी बांटी, पौधरोपण की होगी जियो टैगिंग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : ऊधमसिंह नगर में 16 जुलाई को हरेला पर्व मनाया जाएगा। इसके तहत प्रशासन ने 16 जुलाई से 15 अगस्त तक लगभग पांच लाख पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए ग्राम्य विकास, वन विभाग, शिक्षा, उद्यान, पंचायत, महिला एवं बाल कल्याण आदि विभागों को लक्ष्य दिया गया है।

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि हरेला पर्व का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से किया जाएगा। इसके अलावा सभी विकासखंडों में हरेला पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके तहत जनपद में वृहद पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पौधे लगाने के साथ ही उसकी सुरक्षा अति आवश्यक है। इसलिए जो भी संस्थान, विभाग पौधरोपण करेंगे उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी उनकी होगी। साथ ही पौधे की जीओ टेगिंग भी करेंगे।

उन्होंने बताया कि जनपद में वन विभाग, उद्यान, सिंचाई, शिक्षा, नगर निकाय, प्राधिकारण, ग्राम पंचायत, सुगर मिल, लोनिवि आदि विभागों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में छायादार, फलदार पौधे का रोपण करेंगे और उसकी सुरक्षा करेंगे। इसके साथ ही पंतनगर विश्वविद्यालय, सैनिक फार्म, सितारगंज चीनी मिल, प्राधिकरण के बड़े कालोनाइजर द्वारा भी अपने-अपने परिसरों में वृहद पौधारोपण कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जनता, स्वयं सेवी संस्थाओं की अधिक से अधिक सहभागिता भी करायी जाएगी। हरेला पर्व अभियान 16 जुलाई से 15 अगस्त तक जनपद में लगभग पांच लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है।

रुद्रपुर के जयनगर स्थित मां अष्टभुजा विंध्यवासिनी मंदिर में तरु यज्ञ करते आचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

तरु यज्ञ कर वितरित किए पौधे

रुद्रपुर : दिनेशपुर रोड जयनगर स्थित मां अष्टभुजा विंध्यवासिनी मंदिर में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए तरु यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें पौधों की पूजा कर आसपास के श्रद्धालुओं को निशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम के प्रेरणा स्रोत पूर्व अपर सचिव लोकायुक्त उत्तराखंड तथा पर्वतीय महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष एवं नैनीताल ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट से पूर्व प्रत्याशी रहे डॉ. जीवनचंद उप्रेती रहे। तरु यज्ञ का हवन अनुष्ठान विद्वान आचार्य कैलाशचंद जोशी ने कराया। समाजसेवी हरीश चंद्र कांडपाल, हरे कृष्णा कट्डाल, दीपक जोशी, अजय उप्रेती आदि ने भी विचार व्यक्त किये। तरु यज्ञ के बाद फलदार छायादार एवं औषधि गुण वालों पौधों का निशुल्क वितरण किया गया। शनिवार को हल्द्वानी में भी मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से आयोजित गुरु पूजा महोत्सव में 101 पौधों का वितरण किया। मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर की यज्ञशाला में आयोजित तरु यज्ञ कार्यक्रम में मुख्य रूप से योग शिक्षक हेम सिंह, रामनारायण राय प्रकाश चंद्र, ऊषा रावत, ललिता देवी, मोनिका, उमेश कुमार, धीरज, देवी दत्त भट्ट आदि उपस्थित रहे।

कैनाल कॉलोनी में पौधरोपण करते राइजिंग फाउंडेशन के सदस्य। ● अमृत विचार

कैनाल कालोनी में किया पौधरोपण

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : आओ पौधे लगाएं, धरा को हरा भरा बनाएं अभियान के तहत रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने कैनाल कालोनी में 50 से अधिक नीम, गुलमोहर, कनेर, अमलताश आदि के छायादार पौधे रोपे। फाउंडेशन मंगलवार को हरेला पर्व पर भी इसी कालोनी में पौधारोपण अभियान चलाएगी।

रविवार को राइजिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि संस्था द्वारा शहर को हरा भरा रखने के लिए पौधारोपण अभियान किया जा रहा है। इस मौके पर मुनिंदर कुमार, पुष्कर मल, ओंकार सिंह ढिल्लो, गिरीश जोशी, श्याम सुंदर अग्रवाल, सुनील आर्य, महेश कुशवाह, राजीव कामरा, आलोक जैन, गौतम थापा, राजीव जल्होत्रा, योगेश ततराड़ी, डाक्टर सुभाष यादव, मैरी थापा, राहुल ग्रोवर, दीपक अग्रवाल, अजय कुमार सिंह, माधव कुशवाह, हिमांक कुशवाहा, तेजस ढिल्लो आदि मौजूद थे।

मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ टीवी सीरियल एफआईआर की कलाकार चन्द्रमुखी चौटाला ने दिए पुरस्कार

अमृत विचार : ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज ने अपने कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान एफआईआर टीवी सीरियल की कलाकार चन्द्रमुखी चौटाला यानि कविता कौशिक ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही नए सत्र का प्रारंभ होने पर शुभकामनाएं दी।

रविवार को ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के द्वारा रामनगर रोड स्थित एक होटल होटल में समारोह का आयोजन किया। जिसको प्रोलॉग 2024 कार्यक्रम का नाम दिया गया। जिसके शुभारंभ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों को अतिथि के रूप में बुलाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर एफआईआर सीरियल की मशहूर कलाकार कविता कौशिक उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि हमें गुरुओं का आदर सत्कार करना चाहिए, क्योंकि गुरु ही हमको शिक्षा देकर ऊंचाइयों तक ले जाते हैं। इस दौरान मैनेजमेंट अध्यक्ष, संतोष मल्होत्रा, सेक्रेटरी शिवानी मल्होत्रा, डायरेक्टर एकेडमी मनोज मिश्रा, रजिस्टर सतीश कांडपाल, मुक्ता सिंह, इंदुमान, प्रतिमा सिंह समेत आदि लोग मौजूद रहे।

टीवी कलाकार कविता कौशिक के साथ मौजूद ज्ञानार्थी कॉलेज के प्रबंधक व अन्य।

मलेशिया से लौटने पर पर्वतारोही का स्वागत

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : यात्रा पूरी करके अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही के मलेशिया से जसपुर लौटने पर पूर्व विधायक ने स्वागत किया।

जसपुर क्षेत्र के गांव बढ़ियोंवाला निवासी परवेंद्र सिंह ने बीते दिन मलेशिया के 13440 फीट उंचाई वाले सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किनाबालु की चोटी पर 19 घंटे में अन्य पर्वतारोहियों से कम समय में चढ़कर देश में सर्वोच्च राजस्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। यात्रा करके जसपुर पहुंचने पर भाजपा नेता व पूर्व विधायक डॉ.शैलेंद्र मोहन सिंघल ने उनकी पीठ थपथपा उन्हें शाबाशी दी। साथ ही उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। परवेंद्र ने बताया कि 15 अगस्त के बाद रसिया एवं आर्मेनिया की चोटियां फतेह करने का लक्ष्य निर्धारित किया। शीघ्र ही यात्रा आरंभ की जाएगी। इस मौके पर अखिल अरोरा, हरमन सिंह, लोकेश, गुरप्रीत सिंह, अंकुर सक्सेना आदि मौजूद रहे।

युवा पर्वतारोही का स्वागत करते पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल।

भाजपा सरकार से लोगों का मोहभंग

काशीपुर : उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत हुई है, जिसके बाद कांग्रेसी नेता व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अरुण चौहान ने कहा है कि देशभर के साथ ही उत्तराखंड में भी भाजपा से जनता का मोहभंग हो चुका है। रविवार को प्रेस नोट जारी करते हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद उत्तराखंड में हुए विधानसभा को उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

दोनों विधानसभा सीटों के साथ ही सात राज्यों में हुए उपचुनावों में हुई भाजपा की करारी हार यह बताने को काफी है कि आगामी निकाय चुनाव में उत्तराखंड में न सिर्फ कांग्रेस का परचम लहराएगा।

10 हजार से अधिक को मिली सहायता राशि

▸▸ पिछले तीन दिनों से लगातार बाढ़ प्रभावितों को वितरित की जा रही धनराशि

▸▸ अब तक 2100 फूड पैकेट का किया जा चुका है वितरण

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सख्त निर्देश के बाद बाढ़ प्रभावित परिवारों को अहैतुक सहायता राशि वितरित करने की प्रक्रिया जारी है।

इसके तहत अब तक 10 हजार से अधिक (10300) प्रभावितों को अहैतुक सहायक राशि दी जा चुकी है, जबकि 2100 फूड पैकेटों का वितरण प्रभावित क्षेत्रों में किया जा चुका है। यहां बता दें कि विगत दिनों हुई बारिश के बाद खटीमा, सितारगंज और नानकमत्ता क्षेत्र में जलभराव हो गया था। इस दौरान प्रशासन द्वारा कराए गये प्राथमिक सर्वे में ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 6500 परिवार व शहरी क्षेत्रों में करीब 8 हजार परिवार जलभराव से प्रभावित हुए थे। वहीं जिलाधिकारी ने दैवीय आपदा राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा एवं निगरानी के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व अशोक कुमार जोशी को तहसील खटीमा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके अलावा पूर्ति विभाग की ओर से ढाकी में राहत शिविर किचन संचालित किया जा रहा है।

नगला तराई के 400 परिवारों को बांटे 20 लाख के चेक

खटीमा : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से बाढ़ पीड़ित परिवारों को सहायता राशि की घोषणा की गई है। इसी क्रम में सीमावर्ती ग्रामसभा नगला तराई में बाढ़ से प्रभावित ग्राम वासियों को अहेतुक आर्थिक सहायता के रूप में पांच-पांच हजार रुपये का चेक प्रति परिवार कानून गो राजकुमार ने सूखापूल, चौडापानी, कापड़ी पट्टी, बीस बीघा, कालापुल और दानू पट्टी के 400 परिवारों को बीस लाख की धनराशि के चेक वितरित किए। इस दौरान दान सिंह धामी, हरीश रुमाल, राहुल, सागर धामी, ललित भंडारी आदि थे।

खटीमा के नगला तराई में बाढ़ पीड़ितों को बांटे गए चेक। ● अमृत विचार

अरदास के बाद रखी 100 कमरों की नींव

नानकमत्ता : गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में धार्मिक डेरा 100 कमरों का निर्माण करवा रही है। इसके लिए गुरुद्वारा साहिब में अखण्ड पाठ साहिब के भोग के बाद गुरु की अरदास कर कमरों की नींव रखी गयी।

गुरुद्वारा प्रबन्ध कमेटी के प्रधान सरदार जोगिंद्र सिंह संधू ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब में सेवा करने वाले कर्मचारियों के कमरे काफी पुराने हो गये हैं। गुरुनानक बालिका इंटर कालेज की पुरानी इमारत को तोड़कर कमरे बनाने के लिए डेरा कार सेवा को सेवा सौंप दिया है जो जल्द ही बन के तैयार हो जाएंगे। इस मौके पर महा कमेटी के सचिव अमरजीत सिंह, बाबा बचन सिंह दिल्ली, बाबा गुरजंट सिंह, बाबा सतनाम सिंह, बाबा रविन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

मोहर्रम पर्व शांतिपूर्वक मनाएं

बाजपुर कोतवाली में मोहर्रम को लेकर बैठक करते कोतवाल मनोज रतूड़ी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : कोतवाली में मोहर्रम पर्व को लेकर रविवार को कोतवाली में कोतवाल मनोज रतूड़ी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मानने की अपील की गई। उन्होंने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर भी पुलिस प्रशासन को कड़े निर्देश दिए हैं, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित ना हो सके, इसमें लोगों से भी सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए भी पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की बात कही गई। कहा कि अगर कोई भी हुड़दंग करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण, एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल, बन्नाखेड़ा चौकी प्रभारी एसआई विक्रम सिंह धामी, एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल आदि मौजूद रहे।

ताजिए की ऊंचाई और मार्ग निश्चित किया

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : त्योहारों की तैयारियों को लेकर अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई, बैठक में मोहर्रम के दौरान निकलने वाले ताजिए उनकी ऊंचाई एवं ताजिया लगाने के मार्ग को निश्चित किया गया। रविवार को थाने में अमन कमेटी की बैठक में मोहर्रम को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक जसवीर चौहान ने की। बैठक में प्रभारी निरीक्षक जसवीर चौहान ने बताया कि मोहर्रम के दौरान निकलने वाले ताजिए 10 फुट से कम ऊंचाई के होंगे।

उन्होंने कहा उनकी संख्या में बढ़ोतरी नहीं होगी और समय से ताजिए निकाले जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी के त्योहार पर कोई सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणी ना करें।

उन्होंने कहा पुलिस सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है गलत लिखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अमन कमेटी की बैठक में लोगों द्वारा भी सुझाव रखे गए इस पर प्रभारी निरीक्षक ने उन सुझावों पर विचार करने की बात कही। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष गुलाम गोस प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक बेहड़, पूर्व अध्यक्ष पंकज सेतिया, शादाब,शाकिर अली, एलआईयू स्पेक्टर रिजवान खान उपनिरीक्षक कपिल कंबोज, संदीप चावला, राहुल अनेजा, शराफत अली, मंसूरी शकील आदि लोग मौजूद थे।

थाने में अमन कमेटी की बैठक लेते थानाध्यक्ष जसवीर चौहान। ● अमृत विचार

ढोल बजाने की परंपरा समाप्त करने का निर्णय

जसपुर : अखाड़ा कमेटी ने मोहर्रम में ढोल बजाने की वर्षों पुरानी परंपरा समाप्त करने का निर्णय लिया है। जसपुर के मोहल्ला जटवारा की अखाड़ा कमेटी ने मोहर्रम में ढोल बजाने की बरसों पुरानी परंपरा को बंद कर दिया है। अखाड़ा कमेटी के इस निर्णय की उलेमा एवं अन्य लोगों ने सराहना की है। इस्लामी नये साल के मोहर्रम माह की पहली तारीख से दस दिन तक अखाड़ा, अलमदारी, जुलूस आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें वर्षों पुरानी छोटे-बड़े ढोल बजाने की परंपरा भी शामिल है। मोहल्ला जटवारा, जामा मस्जिद अखाड़ा कमेटी के सदर माजिद हुसैन ने कहा कि उलेमा ने उनकी कमेटी को बताया कि इस्लाम धर्म में मोहर्रम व अन्य किसी मौके पर भी ढोल बजाना जायज नहीं है। इससे ध्वनि प्रदूषण तो होता ही है साथ ही कर्बला के शहीदों के सम्मान को ठेस पहुंचती है। उलेमा के निर्देशों का पालन करते हुए कमेटी के सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष मोहर्रम में ढोल न बजाकर पूरी अकीदत से करबला के शहीदों को याद किया जाएगा। इस कमेटी के आलावा नगर क्षेत्र में मोहर्रम कमेटी की छह कमेटियां और संचालित हैं। वहां नायब सदर सादिज हुसैन, सचिव मो.शाहनवाज, नावेद आलम आदि मौजूद रहे।

माजिद हुसैन।

समस्या

गांगूवाला दक्षिणी कॉलोनी में वर्षा रुकने के बाद भी रास्ते में जमा है पानी, आवागमन हो रहा प्रभावित

कॉलोनियों में जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों में भारी रोष

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : जसपुर के बाहरी हिस्से की कॉलोनियों में जल भराव हो रहा है, जिससे कॉलोनियों में रहने वाले लोग अत्यधिक परेशान हैं। वार्ड नंबर-15 काफी बड़ा वार्ड है, जिसके अंतर्गत नगर के बाहरी हिस्से की तीन कॉलोनियां आती हैं, जिनमें अस्पताल रोड स्थित गांगूवाला दक्षिणी, सुभाष नगर कलोनी व आवास विकास कॉलोनी शामिल हैं।

गांगूवाला दक्षिणी कॉलोनी में वर्षा रुकने के बाद भी रास्ते में जल भराव है, जिससे आवागमन काफी प्रभावित हो रहा है और कॉलोनी वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल भराव की समस्या से जूझ रहे कॉलोनी वासियों में भारी रोष व्याप्त है। कॉलोनी वासियों ने सड़क का निर्माण कराकर जल भराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की।

वार्ड नंबर 15 की आवास विकास कॉलोनी में भी जल भराव हो रहा है। इस कॉलोनी की टूटी फूटी सड़कों के गड्ढों में जल भराव हो रहा है, जिससे आगमन काफी प्रभावित हो रहा है। कॉलोनी वासी काफी परेशान हैं। सड़कों के गड्ढों में हुए जल भराव से लोगों को खासकर रात्रि में अधिक परेशानी हो रही है। इसके अलावा आवास विकास कॉलोनी के पार्क में भी जल खराब हो रहा है, जिससे पार्क ने तालाब का रूप धारण कर लिया है। जल भराव के कारण कॉलोनी के बच्चों के सामने खेलने लिए स्थान की समस्या पैदा हो गई है। पार्क में जल भरा होने के कारण उन्हें खेलने के लिए जगह नहीं मिल पारही है। साथ ही कॉलोनी वासियों को सुबह-शाम पार्क में घूमना नहीं मिल पा रहा है। कॉलोनी की सड़कों पर व पार्क में जलभराव होने से कॉलोनी वासी अत्यधिक परेशान हैं और उनमें खासा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने मांग की है कि कॉलोनी की सड़कों की मरम्मत करा कर उन्हें ऊंचा करके बनाया जाए व पानी के निकास के लिए नालियां बनाई जाएं तथा पार्क को भी ऊंचा करके पानी के निकास की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें जल भराव की समस्या से निजात मिल सके।

जसपुर में कॉलोनी के कच्चे रास्ते में भरा पानी। ● अमृत विचार

अपनी-अपनी बात

जसपुर दक्षिणी कॉलोनी बसे हुए कई साल हो गए हैं, लेकिन अभी तक सड़कें नहीं बनाई गई हैं। अभी तक रास्ते कच्चे हैं। सड़क बनाकर पानीके निकास हेतु नालियां बनाई जाएं।
– **केशव कुमार**, निवासी वार्ड 15, गांगूवाला दक्षिण

आवास विकास कॉलोनी जसपुर के पार्क में जल भराव होने से कॉलोनी के बच्चों व छात्रों को खेलना नहीं मिल पा रहा है। सड़कों पर हो रहे जल भराव से छात्रों को स्कूल आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। – **आशीष कुमार**, छात्र, निवासी आवास विकास कॉलोनी

आवास विकास कॉलोनी, जसपुर की सभी सड़क टूटी-फूटी हुई हैं। उनमें हो रहे गड्ढों में जलव हो रहा है। कॉलोनी का पार्क भी अव्यवस्थित है। उसमें भी जल भराव हो रहा है, जिससे कॉलोनी वासी काफी परेशान हैं।
–**रुपेंद्र सिंह तोमर**, निवासी आवास विकास कॉलोनी

बैकुंठपुर में युवक मंगल दल का गठन

बैकुंठपुर में युवक मंगल दल के गठन को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार : ग्राम पंचायत बैकुंठपुर में युवक मंगल दल का गठन किया गया। समीर सरकार अध्यक्ष बनाए गए। सुजीत गोलदार उपाध्यक्ष, संजीत हालदार सचिव, रामगोपाल सरकार कोषाध्यक्ष एवं आलोकेश सरकार, मनोज मिस्त्री, विशाल मंडल सदस्य चुने गए। रामचंद्र राय संरक्षक तथा बलई साना एडिटर बनाए गए। रामचंद्र राय ने कहा कि युवक मंगल दल का मुख्य उद्देश्य नशा उन्मूलन, युवाओं को आत्मनिर्भर, सामाजिक सौहार्द कायम रखना तथा शिक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अनिमा सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य परेश मंडल, पंचानन मंडल, प्रकाश हालदार, जीवन विश्वास, नरेन हालदार आदि लोग मौजूद थे।

सार-संक्षेप

बिल्डिंग मटेरियल ट्रांसपोर्ट यूनियन काशीपुर के नवनियुक्त पदाधिकारी।

बीएमटीयूके ने किया नई कार्यकारिणी का गठन

काशीपुर : बिल्डिंग मैटेरियल ट्रांसपोर्ट यूनियन काशीपुर ने रविवार को नई कार्यकारिणी के गठन के लिए बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से रविन्द्र राणा को यूनियन का अध्यक्ष, जबकि सचिव वसीम को मनोनीत किया गया। रविवार को हुई बिल्डिंग मटेरियल ट्रांसपोर्ट यूनियन काशीपुर की बैठक में रविंद्र राणा को अध्यक्ष, वसीम को सचिव, उपाध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, उपसचिव राजेश कुमार, महामंत्री कमल सैनी, संरक्षक हरदीप सिंह, संगठन मंत्री दीपक सपरा व सदस्य डॉ गजपाल, आनन्द कुमार, अजमत चौधरी, मनदीप सिंह को मनोनीत किया गया। वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

ट्राली की चपेट में आकर ई-रिक्शा चालक व महिला घायल

बाजपुर : ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर ई-रिक्शा चालक व उसमें बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्राम बांसखेड़ी निवासी दर्शन सिंह तुली (60) पुत्र निरंजन सिंह ई-रिक्शा चलाकर अपना व परिवार का पेट भर रहे हैं। रविवार को वह महिला सवारी लेकर बेरिया दौलत की ओर से बाजपुर आ रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच बेरिया रोड पर मीट मार्केट के सामने खनन वाहन ट्रैक्टर-ट्राली के चालक ने ई-रिक्शा को चपेट में ले लिया जिसमें ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त होने के साथ ही दर्शन सिंह व ई-रिक्शा में बैठी महिला घायल हो गई। आसपास के दुकानदारों व राहगीरों की मदद से ई-रिक्शा चालक को सरकारी अस्पताल व महिला को एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया। सरकारी अस्पताल से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है, जबकि महिला के बेहोश होने की वजह से उसका नाम व पता मालूम नहीं हो पाया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया है, जबकि आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

बाढ़ से क्षतिग्रस्त मार्गों को ठीक करवाया

बाजपुर : मानसून की पहली तेज बारिश के बाद लेवड़ा नदी में आई बाढ़ से मुख्यमार्गों पर जल प्रवाह होने के चलते नगर पालिका की अनेक टाइल्स रोड क्षतिग्रस्त हो गई, जिनका पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने स्वयं सर्वे कर लगभग सभी मार्गों को दुरुस्त करवा दिया गया है। जो मार्ग मरम्मत से रह गए हैं, उन पर भी युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में नाले-नालियों की सफाई मानसून सत्र से पूर्व ही करवा दी गई थी, लेकिन लेवड़ा नदी में अत्यधिक पानी आ जाने के कारण नगर में अनेक जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई और उसी के चलते नुकसान हुआ है।

घर में घुसकर बहन से अभद्रता और धमकी देने का आरोप

बाजपुर : घर में घुसकर गाली-गलौज व बहन से अभद्रता करने एवं भाई को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एक युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मुड़िया कलां निवासी शानू पुत्र मकसूद ने पुलिस को बताया कि आठ जुलाई की सुबह करीब 11 बजे वह काम पर गया था तथा घर पर उसकी बहन अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच गांव का ही एक युवक अपने आठ अन्य साथियों के साथ हाथों में लाठी-डंडे व तमंचा इत्यादि लेकर जबरदस्ती घर में घुस गए और गाली-गलौज करने लगे। बहन ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी।

काशीपुर के एमपी चौक पर विधान सभा के उपचुनाव में जीत का जश्न मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

किच्छा में खुशी का इजहार करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बद्रीनाथ और मंगलौर में जीत पर कांग्रेसियों में खुशी

एमपी चौक पर जीत का जश्न मनाकर किया मिष्ठान वितरण, उपचुनाव के परिणाम को सरकार की जनविरोधी नीतियों का परिणाम बताया

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : प्रदेश के मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर कांग्रेसियों में खुशी की लहर है। कांग्रेसियों ने महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन की अगुवाई में महाराणा प्रताप चौक पर एकत्र होकर मिष्ठान वितरण किया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने उपचुनाव के परिणामों को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का परिणाम बताया। कहा कि जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा का जनता ने गुरूर तोड़ दिया है। कहा कि देश की जनता भाजपा के दोहरे चरित्र और जनविरोधी नीति को समझ चुकी है और दो सीटों पर हार भाजपा के लिए शुभ संकेत नहीं है। इस मौके पर संदीप सहगल एडवोकेट, पीसीसी सचिव अरूण चौहान, मुक्ता सिंह, इंदुमान, अलका पाल, अर्पित मेहरोत्र, जितेंद्र सरस्वती, हरीश कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि दो विधानसभा उपचुनाव से कांग्रेस को मिली जीत से भाजपा की उलटी गिनती शुरू हो गई है। इस अवसर पर विमल गुड़िया, उमेश जोशी एडवोकेट, जय सिंह गौतम अब्दुल कादिर, मंसूर अली मंसूरी, विकल्प गुड़िया, मंसूर अली मेफेयर, राजू छीना, राजेंद्र शर्मा, सोहेल खान, लवदीप सिंह, रईस परवाना, डॉक्टर अशफाक हुसैन, विनोद कुमार होंडा आदि मौजूद रहे।

बाजपुर सुल्तानपुर पट्टी में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

जसपुर में मंगलौर व बद्रीनाथ उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर जश्न मनाते कांग्रेसी।

विधायक के साथ बांटी मिठाई

जसपुर : बद्रीनाथ और मंगलौर उपचुनाव में दोनों सीट कांग्रेस को मिलने पर कांग्रेसियों ने जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने उत्साहित होकर क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान के साथ जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कांग्रेस की जीत की बधाई दी। इस मौके पर गजेंद्र चौहान, आदित्य गहलोत, नईम प्रधान, मोहम्मद आरिफ, अनीश रूबी, सर्वेश चौहान, राहुल बंटी, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

ढोल-नगाड़े बजाकर खुशी का इजहार किया

बाजपुर : उत्तराखंड में विधानसभा की बदरीनाथ व मंगलौर सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुल्तानपुर पट्टी में मिष्ठान वितिरत कर जश्न मनाया। रविवार को कांग्रेस नगराध्यक्ष सुल्तानपुर पट्टी ऐजाज हुसैन सैफी की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। साथ ही ढोल-नगाड़े बजाकर खुशी का इजहार किया। इन दोनों सीटों पर हुए उपचुनावों की जीत भाईचारे की जीत है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी और मजबूत होकर उभरेगी। यह जीत पार्टी की जीत है और प्रदेश का नेतृत्व यशपाल आर्य करेंगे। इस मौके पर पूर्व चेयरमेन मो .जान, जुम्मा भारती, नगराध्यक्ष सुरेश गुप्ता, प्रेम सागर, मनोज सैनी, मो .रफी, नरेश सैनी, मंगल खां, वाहिद हुसैन, हाजी नजाकत, जाकिर शेख, नजरुद्दीन, जोगा, नईम खां आदि मौजूद रहे।

किच्छा में पार्टी के झंडे के साथ नारेबाजी कर किया मिष्ठान वितरण

किच्छा : उत्तराखंड के बद्रीनाथ एवं मंगलौर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता नगर कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हुए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार कर पार्टी के झंडे के साथ नारेबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न के मामलों के खिलाफ देश की जनता में भाजपा शासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी एवं कांग्रेस जिला सचिव एनयू खान ने कहा कि आगामी निकाय चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोली, ओमप्रकाश दुआ, दिलीप सिंह बिष्ट, अक्षय बावा, फिरासत खान, बंटी पपनेजा, फजील खान, छोटे लाल कोली, रामबाबू, मेजर सिंह, संदीप चुघ, प्रवीण सेन, त्रिपत पाल सिंह गंभीर, धर्मेंद्र सिंधी, अशोक मित्रा, राजकुमार कश्यप, मोहम्मद आरिफ, अफजाल अहमद, दलजीत सिंह, दीप हंसपाल, प्रवीण वर्मा आदि मौजूद रहे।

रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दिए

संवाददाता, दिनेशपुर/ गदरपुर

अमृत विचार : मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में शिक्षकों, अभिभावकों व पुलिस ने स्वेच्छा से 40 यूनिट रक्त दान किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रविवार को रुद्रपुर चेरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से लगाए गए शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत पूर्व अध्यक्षा सीमा सरकार व समाजसेवी हिमांशु सरकार की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में शिक्षकों, अभिभावकों एवं थाने से तैनात एसआई मनोज कुमार व उनकी टीम द्वारा रक्तदान किया गया।

चेरिटेबल ब्लड बैंक प्रबंधक सत्यम शर्मा ने कहा कुल 40 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय उप प्रधानाचार्य अमित गंगवार ने किया। वहीं गदरपुर में भारत विकास परिषद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 33 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ भारत विकास परिषद के नगर अध्यक्ष रविंद्र बजाज ने किया। इस दौरान 33 यूनिट रक्तदान किया। इस मौके पर मंदिर अध्यक्ष जयकिशन अरोरा, नगर अध्यक्ष रविंद्र बजाज, डॉ विनीत अरोरा, प्रमोद बजाज आदि मौजूद थे।

दिनेशपुर में मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल में रक्तदान करता युवक।

शिविर में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर औषधि वितरित करते आयुष प्रभारी।

शिविर में 50 से अधिक वृद्धों के स्वास्थ्य की जांच

जसपुर : आंगनबाड़ी केंद्र मोहल्ला छीपीयान में राष्ट्रीय आयुष मिशन योजना के अंतर्गत आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड की ओर से राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर जसपुर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में गठिया, घुटने का दर्द, कमर दर्द, कमजोरी, पेट के रोग कब्ज, अम्लपित्त, आनाह, अजीर्ण, बीपी, शुगर,आंख व कान की कमजोरी, प्रकृति परीक्षण किया गया। शिविर में 50 से अधिक वृद्धों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं चिकित्सा परामर्श दिया गया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि वृद्धावस्था में अश्वगंधा, अर्जुन, पुनर्नवा, शिलाजीत, ब्राह्मी, पुष्करमूल, हल्दी आदि का सेवन लाभदायक होता है। शिविर में योग प्रशिक्षक दीपक कुमार, मंगा सिंह ,प्रशांत अग्रवाल सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सहयोग रहा।

बैरियर तोड़कर हेड कांस्टेबल के ऊपर ट्रक चढ़ाने का प्रयास

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : बिना रॉयल्टी के ट्रक में रेत भरकर ले जा रहे चालक ने पुलिस चौकी का बैरियर तोड़कर हेड कांस्टेबल को जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर ट्रक चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है व ट्रक को सीज कर दिया।

हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार ने दर्ज कराये मुकदमे में कहा कि वह 12 जुलाई की रात्रि धर्मपुर चौकी की निगरानी कर रहे थे। रात्रि 12:30 बजे कैलाश रिवर माइनिंग बैंड एण्ड मिनरल्स में काम करने वाला ट्रक चालक राजशेखर ट्रक में बिना रॉयल्टी के अवैध उपखनिज भर कर ले जा रहा था। जिसे उन्होंने रोकने चाहा तो ड्राइवर ने जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर ट्रक चढ़ाने का प्रयास किया। हेड कांस्टेबल ने स्लाइडिंग बैरियर लगाकर टार्च से ट्रक को रुकने का इशारा किया तो वह बैरियर को तोड़कर अफजलगढ़ की तरफ भाग गया। इसकी सूचना उसने चौकी प्रभारी को दी। एसआई चंदन सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार, कांस्टेबल दीपक जलाल ने अपने निजी वाहन से ट्रक का पीछा किया। पुलिस चौकी से करीब 10 किलोमीटर दूर पहुंचने पर जब ट्रक को रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर ने खिड़की से मुंह बाहर निकाल कर बोला कि मुझे नासिर भाई और मेरे मालिक ने कहा कि तुम कहीं पर ट्रक मत रोकना अगर पुलिस भी मिले तो भी नहीं। उसने गाली गलौज कर जान से मारने की नीयत से ट्रक को पुलिस की गाड़ी पर चढ़ाने का प्रयास किया, जिससे वाहन को काफी नुकसान पहुंचा। ट्रक को ओवरटेक कर आगे जा रही रोडवेज बस को रुकवाया और रोड पर लगाकर ट्रक रोकना चाहा तो ट्रक को सड़क पर खड़ा कर ड्राइवर भागने लगा।

ट्रक मालिक ने जीपीएस ब्लॉक कर दिया जब उसका लॉक खुलवाकर देखा तो उसमें ट्रक मालिक का नाम पता पता चला। पुलिस ने ट्रक मालिक सादिक पुत्र मोहम्मद एहसान निवासी गली नंबर 5, कैला भट्टा गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) व नासिर भाई समेत ट्रक के अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा ट्रक को सीज कर दिया है।

वर्ग पहेली-131

बाएं से दाएं

3. शुभ अवसरों पर ख़ासकर औरतों द्वारा पैर में लगाया जाने वाला महावर जैसा लाल रंग।

5. 1. जिसका अपमान हुआ हो, निरादृत 2. तिरस्कृत, ज़लील, (इनसल्टेड)।

7. 1. निकट, पास, समीप, नज़दीक 2. लगभग, प्राय:।

9. 1. दो चीज़ों के योग या मिश्रण से बनने वाली नई चीज़ 2. दो जातियों का मिश्रण, (हाइब्रिड) 3. दोगला।

ऊपर से नीचे

1. 1. ढीलने की क्रिया या भाव, बंधन को ढीला करने की स्थिति 2. शिथिलता, ढिलाई 3. उत्साहहीनता, सुस्ती 4. व्यवहार संबंधी छूट या स्वतंत्रता 5. व्यर्थ का विलंब या देरी 6. माफ़ीदार

2. अरबी-फ़ारसी लिखावट 'इ'

3. न्यायालय द्वारा प्रस्तुत किया गया वह पत्र जिसमें किसी पर लगाए हुए आरोपों का विवरण होता है।

4. 1. एक प्रकार की दाल, खेसारी 2. दुबिया मटर 3. कोमल पतला पौधा।

6. 1. झुंड, समूह 2. ढेर, राशि 3. कोश,निधि।

8. 1. चमकदार चटक पीला रंग 2. पीला कपड़ा।



वर्ग पहेली -130 का हल

1 था	ह	रा		2 के
			3 म	झो	ला
	4 खां	डि	क		स
5 ही			तू		
ही		6 पा	ल	तू	
		ख़ा			
7 सू	ख	ना		8 टा	प

सुडोकू-44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7			4	9	1		
2		5					4	
1		6			3			7
				1		9		3
	8		4		5		7	
5		1		2				
4			8			7		5
	1					8		6
		3	7	6			1	

सुडोकू -43 का हल

4	7	3	9	8	1	2	6	5
2	8	6	5	3	7	1	9	4
9	1	5	4	6	2	8	3	7
7	3	1	2	5	8	9	4	6
8	9	2	7	4	6	3	5	1
6	5	4	3	1	9	7	2	8
5	2	8	6	7	3	4	1	9
3	6	7	1	9	4	5	8	2
1	4	9	8	2	5	6	7	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 19 .19 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-स्वाती 16 जुलाई 00 .30 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज सगे संबंधियों के द्वारा सहयोग प्राप्त होगा। समाज में नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। राजनीतिक क्षेत्र में लोगों को कोई महत्वपूर्ण पद मिल सकता है। नौकरी में उच्च अधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा।

वृष — आज व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने से लाभ के योग बनेंगे। संयम पूर्वक विपरीत परिस्थितियों का सामना करें। दूसरे लोगों का अपने जीवन में अनावश्यक हस्तक्षेप न होने दें।

मिथुन — आज नौकरी में पदोन्नति के साथ मनचाहे स्थान पर तैनाती मिल सकती है। उद्योग जगत से जुड़े लोगों को कोई बेहद शुभ समाचार मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग की अध्ययन में अभिरुचि रहेगी। सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे।

कर्क — आज व्यापार में नए अनुबंध होंगे। भवन निर्माण के कार्य में लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। किसी सरकारी योजना में सहभागी बनने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में किसी अधूरे कार्य के संपन्न होने से आपके मनोबल में वृद्धि होगी।

सिंह — आज कोई अधूरा कार्य पूरा हो सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी। कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। भवन निर्माण के कार्य में लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

कन्या — आज घर में कोई मांगलिक कार्य जैसे शादी या संतान के योग बन रहे हैं। मित्रों से सहयोग तथा बिगड़े हुए कार्य बनने के योग हैं। मन की एकाग्रता बनी रहेगी। सामाजिक कार्यों में आपकी सक्रिय भूमिका रहेगी।

तुला — आज दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार के साथ होगी। नवीन उद्योग धंधे को लेकर अधिक व्यस्तता रहेगी। शासन सत्ता में बैठे व्यक्ति से निकटता बढ़ेगी। व्यापार में आई बाधा दूर होगी। विद्यार्थी वर्ग की अध्ययन में अभिरुचि रहेगी।

वृश्चिक — आज आपकी कोई पुरानी इच्छा पूर्ण होगी। विरोधियों से सावधान रहें। विद्यार्थी वर्ग को शुभ समाचार मिलेगा। निर्माण संबंधी कार्य की बाधा किसी वरिष्ठ परिजन की सहयोग से दूर होगी। घर के सभी लोगों में सामंजस्य बनाकर रखें।

धनु — आज नई योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए समय उत्तम है। अपने प्रेमी अथवा लवमेट्स को प्रपोज कर सकते हैं। संतान के व्यवहार से मन खिन्न रहेगा। आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में भागदौड़ करने की आवश्यकता रहेगी। मित्रों के साथ मिलकर कार्य करना लाभदायक होगा। अपने बुद्धि विवेक से निर्णय लें। किसी के बहकावे में न आए। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा।

कुंभ — आज मित्रों के साथ व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा। कोई भी काम जल्दबाजी में न करें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। दोपहर के बाद अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास रहेगा। पारिवारिक कारणों से मन बेचैन हो सकता है।

मीन — आज का दिन आपके लिए संघर्ष युक्त रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य में विभिन्न बाधाएं आएगी। समस्याओं को अधिक समय तक न बढ़ने दें। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ मतभेद आदि बढ़ सकते है। सरकारी कार्यों में आपको परेशानी हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
मेला — सुबह : 11 .11
कल किसने देखा — शाम : 04 .37
मि. एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11 .09
द ताशकंद फाइल्स — रात : 08 .00

SONY PIX
वंडर वुमेन 1984 — सुबह : 11 .04
क्लैश ऑफ द टाइटंस — शाम : 04 .51

&pictures

ZEE CINEMA
गदर — दोपहर : 12 .54
भोला — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
ब्रदर्स — सुबह : 09 .49
गॉडफादर — रात : 07 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर दोपहर : 12 .54 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ऑफिस में लेट पहुंचा
बॉस- कहां थे अब तक?
गप्पू- जी वो गर्लफ्रेंड को कॉलेज छोड़ने गया था।
बॉस- शटअप, कल से ऑफिस टाइम से आना, नहीं तो खैर नहीं...
गप्पू-ठीक है तो फिर अपनी बेटी को खुद ही कॉलेज छोड़ देना।

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था,चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता- और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।
बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया।

विनियमितीकरण न होने से वन श्रमिकों में आक्रोश

बैठक कर तीन सूत्रीय मांगों का शीघ्र निराकरण करने की उठाई मांग, जल्द मांगें पूरी नहीं होने उग्र आंदोलन करने की दी चेतावनी

अल्मोड़ा एनटीडी स्थित चिंतन सभागार में रविवार को आयोजित बैठक में कुमाऊं वन श्रमिक संघ के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: विनियमितीकरण समेत तीन सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होने से वन श्रमिकों में आक्रोश हैं। नाराज श्रमिकों ने रविवार को कुमाऊं वन श्रमिक संघ के बैनर तले चितंन सभागार परिसर के गेट पर प्रदर्शन किया। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शासन की ओर से स्वीकृति मिलने के बाद भी विभाग में तीन-चार दशकों से कार्यरत श्रमिकों का विनियमितीकरण नहीं किया गया है। जबकि श्रमिक लगातार विनियमितीकरण की मांग उठा रहे हैं। इसके अलावा श्रमिकों ने कहा कि करीब चार सालों तक महंगाई भत्ता और न्यूनतम वेतन दिया गया। लेकिन वर्तमान में उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के आदेश के बाद भी महंगाई भत्ता रोक दिया गया है। वहीं विभाग में तैनात कई दैनिक श्रमिकों को दो वर्ष से वेतन का भी भुगतान नहीं किया गया है। कहा, कि श्रमिक पूरे मनोयोग से कार्य कर रहे हैं। बीते 13 जून को बिनसर अभयारण्य क्षेत्र में हुए अग्निकांड में अपनी प्राणा गंवा दिए। लेकिन इसके बाद भी श्रमिकों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। जिससे श्रमिकों के अंदर आक्रोश है। वहीं श्रमिकों ने बीमा करने, आग बुझाने के दौरान पर्याप्त उपकरण देने की भी मांग उठाई।

बैठक में ये लोग रहे मौजूद

खिलानंद भट्ट, उत्तम सिंह, दिनेश चंद्र चंदोला, शिवराज सिंह, सरस्वती देवी, गणेश सिंह, ठाकुर सिंह, दरपान सिंह, दीवान सिंह, श्याम सिंह, गोविंद सिंह, माधवानंद जोशी, जीवन सिंह, सुंदर सिंह, गणेश लाल, मनोज सिंह नेगी, बलवंत सिंह कार्की, बचे सिंह, गोविंद सिंह बोरा, यशपाल सिंह, शिवराज सिंह, घनानंद भट्ट, चंदन सिंह, कमलेश सिंह, बाला दत्त भट्ट, कैलाश चंद्र, पूरन सिंह कनवाल, पूरन राम, खजान चंद्र त्रिपाठी आदि रहे।

मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

संवाददाता, अल्मोड़ा

- रानीधारा सीवर लाइन निर्माण की जांच की मांग को लेकर लोगों का धरना जारी
- जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

अमृत विचार: रानीधारा सीवर लाइन निर्माण की एसआईटी जांच समेत दो सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर लोगों का धरना-प्रदर्शन जारी है। रविवार को 24 वें दिन भी लोगों ने धरना- प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी। इस दौरान शासन प्रशासन पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया। जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने सीवर लाइन की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि सीवर लाइन में वो कनेक्शन नहीं देंगे, क्योंकि सीवर लाइन शुरू होने से पूर्व ही सीवर लाइन के कारण उनके घरों में सीवर लाइन बनने से लीकेज होकर पानी आ रहा है। जिससे घरों की दीवार कमजोर हो चुकी है। बारिश में बहुत अधिक मात्रा में उनके घरों में पानी आने लगा है, जो बड़े खतरे को दावत दे रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

प्रदर्शन में ये रहे शामिल

विनय किरौला, दीप चंद्र पांडे, कमला दरम्वाल, सुनीता पांडे, मीनू पंत, नीमा पंत, शम्भू दत्त बिष्ट, सुमित नज्जौन, हरीश कुमार वर्मा, चंद्रा नेगी, मोहित गुप्ता, हंसी रावत, कमला बिष्ट, माया कांडपाल, मीश पंत, पुष्पा तिवारी, सुधा उप्रेती, मीनू जोशी, डिम्पल जोशी, कमला किरौला, नीलाक्षी पंत, रवि गोयल, नरेंद्र नेगी, रमेश जोशी, डॉ. अनुपम पंत, हेमा जोशी, रेखा मेर, चेतना बिष्ट आदि मौजूद रहे।

रानीधारा सीवर लाइन निर्माण कार्य की जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

जल्द करा लें गैस कनेक्शन का सत्यापन

सल्ट। विकासखंड सल्ट में गैस कनेक्शन का सत्यापन कार्य जारी है। मानिला गैस एजेंसी के प्रबंधक प्रकाश शर्मा ने बताया कि 31 जुलाई तक सभी एलपीजी उपभोक्ता अपने-अपने कनेक्शन के ई-केवाईसी सत्यापन करा लें। उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थियों को ई-केवाईसी करना आवश्यक है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सत्यापन के साथ ही फोन नंबर भी अपडेट कराना अनिवार्य है।

रसायन विज्ञान की आंतरिक परीक्षा 18 को

अल्मोड़ा। एसएसजे परिसर के रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. जीसी साह ने बताया कि बीएससी चतुर्थ व छठे सेमेस्टर के जिन छात्रों की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा किन्हीं कारणों से छूट गई है। उनको परीक्षा देने का एक और मौका दिया जा रहा है। उनकी आंतरिक परीक्षा 18 जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे होगी। सभी छात्र परीक्षा देने के लिए पहुंचे। दोबारा आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा कराया जाना संभव नहीं हो सकेगा।

पौधरोपण कार्यक्रम का आज होगा शुभारंभ

अल्मोड़ा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 15 से 30 जुलाई तक पौधरोपण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शचि शर्मा ने बताया कि हरेला के उपलक्ष्य में 15 दिवसीय पौधरोपण अभियान चलाया जाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों, नगरीय क्षेत्रों, स्कूल, कालेजों आदि में पीएलवी, वन विभाग, ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं के सहयोग से फलदार व औषधीय पौधों रोपण किया जाएगा।

एसएसजे में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

अल्मोड़ा। एसएसजे परिसर में प्रवेश की अंतिम तिथि आज यानी सोमवार को है। अब तक 1088 छात्रों ने परिसर में प्रवेश ले लिया है। इसमें बीए में 550, बीएससी गणित वर्ग में 144, बीएससी जीव विज्ञान वर्ग में 155, बीकॉम में 70, बीसीए में 96, बीएफए में 46 और बीबीए में 27 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश ले लिया है। परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट ने बताया कि सोमवार को प्रवेश की अंतिम तिथि है।

गौरव का नवोदय व अर्चना का एथलेटिक्स में चयन

अल्मोड़ा। कल्याण पब्लिक स्कूल के छात्र गौरव कपकोटी का जवाहर नवादेय विद्यालय ताड़ीखेत में कक्षा नौ के लिए और छात्रा अर्चना जोशी का एथलेटिक्स गेमों में चयन आवासीय विद्यालय अगस्त्यममुनि रुद्रप्रयाग के लिए हुआ है। बच्चों के चयन पर विद्यालय प्रबंधक गीता बोरा, प्रधानाचार्य रमेश बोरा, राजेंद्र बिष्ट, दिनेश कुंजवाल, रविंद्र बिष्ट, राधा सनवाल, तारा बिष्ट, गोविंद सिंह, भावना कपकोटी ने बधाई दी है।

गौरव कपकोटी।

उपचुनाव में कांग्रेस की जीत ऐतिहासिक: सती

अल्मोड़ा। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री केवल सती ने कहा कि उपचुनाव के नतीजों ने दलबदलुओं को पूर्ण तरह नकार दिया है। कहा कि कांग्रेस ने आम लोगों तक पहुंचकर इस जीत को हासिल किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्ताधारी भाजपा में लोग महंगाई और भष्ट्राचार से परेशान हो गए हैं और कांग्रेस की ओर उम्मीद लगाए हैं। कहा कि कांग्रेस की जीत ने दलबदलुओं को सबक सिखाया है, ये जनता का सम्मान जनक व स्वागत योग्य निर्णय है।

शपथ लेते राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिला कार्यकारिणी के नए पदाधिकारी।

भूपेंद्र अध्यक्ष और अशोक बने जिला महामंत्री

टनकपुर : नगर पालिका सभागार में रविवार को नगर पालिका के ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी की अध्यक्षता एवं जीवन चंद्र ओली के संचालन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रांतीय द्विवार्षिक अधिवेशन हुआ। मुख्य अतिथि रमेश सिंह देव व विशिष्ट अतिथि नगेंद्र जोशी, भूपेंद्र देव "ताऊ" ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखंड की कार्यकारिणी को मजबूत करने का आह्वान किया गया। कार्मिकों ने पुरानी पेंशन बहाली, गोल्डन कार्ड में आ रही विसंगतियों के निराकरण की मांग की। द्वितीय सत्र में परिषद के जिला संगठन के लिए भूपेंद्र प्रकाश जोशी टनकपुर को जिलाध्यक्ष, दिनेश सोराड़ी, को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बलदेव प्रसाद को उपाध्यक्ष, रीता बिष्ट महिला उपाध्यक्ष, अशोक फर्त्याल महामंत्री, दुर्ग विजय यादव संयुक्त मंत्री, तपन गड़कोटी कोषाध्यक्ष, विशाल बाबू संप्रेक्षक, हर्षित धोनी को सर्वसम्मति से संगठन मंत्री चुना गया। फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन के महामंत्री जीवन चंद्र ओली ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को गोपनीयता की शपथ दिलाई।

स्वतंत्रता सेनानी संगठन ने किया पौधरोपण

अल्मोड़ा। उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन अल्मोड़ा ने रविवार को एक वृक्ष अपने पूर्वजों के नाम के तहत राइंका स्यालीधार में पौधरोपण किया। इस दौरान देवदार, आंवला, मोरपंखी, तून, रीठा आदि के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण को आगे आने का आह्वान किया। वही, पर्यावरण संरक्षण में भविष्य में भी अपना योगदान प्रदान करने की बात कही। यहां प्रधानाचार्य उमेश चंद्र पांड़े, पूरन सिंह, कमलेश पांड़े, तारा चंद्र शाह, शिव शंकर बोरा, कैलाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

वरिष्ठ भाजपा नेता व केमिस्ट मोहन सिंह रावत का निधन

बागेश्वर। जनपद में भाजपा के संस्थापक सदस्य व केमिस्ट एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन सिंह रावत (82) का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार कार्तिकेय घाट पर किया गया। उनके निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं व केमिस्ट एसोसिएशन ने शोक व्यक्त किया है। गरुड़ अणां निवासी मोहन सिंह रावत का जनपद में भाजपा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके निधन पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष देवकीनंदन जोशी, नंदन अल्मियां, जगदीश रावत, गोपाल रावत, मोहन सिंह, कैलाश बिष्ट, मोहन सिंह रावत, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, मंगल राणा, आदि ने उन्हें श्रदधांजलि दी। इधर श्री रावत के निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, विधायक पार्वती दास व सुरेश गड़िया, राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, भाजपा नेता खड़क सिंह टंगणियां, जिपं अध्यक्ष बसंती देवी, एडवोकेट कुंदन परिहार, ललित दोसाद, संजय परिहार, राजेंद्र परिहार, दीपा आर्या, सुबोध साह, गोपाल राम टम्टा आदि ने दुख व्यक्त किया है। इधर श्री रावत के निधन पर केमिस्ट एसोसिएशन ने शोक सभा की। इस दौरान जिलाध्यक्ष गोकुल जोशी, मदन हरड़िया, भुवन जोशी, मनोज ओली, जीवन सिंह, रमेश सिंह, शैलेष कालाकोटी आदि ने शोक व्यक्त किया।

पंचेश्वर से कांवड़ लेकर केदारनाथ रवाना होते शिव भक्त। ● अमृत विचार

पंचेश्वर से कांवड़ लेकर केदारनाथ रवाना हुए शिव भक्त

टनकपुर : नेपाल सीमा से लगे पुलहिंडोला क्षेत्र के शिव भक्तों का दल पंचेश्वर से पवित्र जल लेकर बम-बम भोले के जयकारों के साथ केदारनाथ की पैदल यात्रा पर रवाना हो गया है। दल में 10 भक्त शामिल हैं। पुलहिंडोला से चलने के बाद रविवार की शाम जत्था घाट के रामेश्वर मंदिर पहुंचा। रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को दल ने आगे की यात्रा शुरू करेगा। दल के मुखिया नकुल पंत ने बताया यात्रा एक माह की होगी। यात्रा गंगोलीहाट, बेरीनाग, कांडा, बागेश्वर, बैजनाथ, गरुण, ग्वालदम, कर्णप्रयाग होते हुए केदारनाथ पहुंचेंगी। जहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। वहां से जत्था तुंगनाथ, बद्रीनाथ के लिए रवाना होगा। पिछले वर्ष भी जत्था केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुआ था। यात्रा में शामिल युवा लोगों को नशामुक्ति का भी संदेश दे रहे हैं। दल का मार्गदर्शन फणीन्द्र दास कर रहे हैं। दल में डिकर सिंह भंडारी, मनीष पांडे, नीरज भंडारी, रवि पाटनी, रोहित भंडारी, नरेश भंडारी, प्रदीप राय, खिलांनद खोलिया शामिल हैं।

सार-संक्षेप

हिमालयी क्षेत्र में बाहरी लोगों के हस्तक्षेप की जांच करे सरकार

बागेश्वर : कपकोट के उच्च हिमालयी क्षेत्र में बाहरी क्षेत्र से आकर धार्मिकता के नाम पर रिसोर्ट नुमा कुटिया बनाने के विरोध के स्वर उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। कांग्रेस नेता दीपक गड़िया ने कहा है कि बाहरी क्षेत्र से आए साधु देवीकुंड का उपयोग स्वीमिंग पूल की तरह कर रहे हैं। जबकि इस स्थान में मात्र देव डांगर स्नान के लिए जाते हैं। कहा कि यह क्षेत्रीय जनता की आस्था पर चोट है। कहा कि पोथिंग गांव में भी पूर्व में सुकुंडा तालाब था जो कि इस तरह की उपेक्षा का शिकार होकर सूख चुका है। उन्होंने कहा कि बाहर से आए लोग भद्रतुंगा को पांचवा धाम कहकर क्षेत्र का दोहन कर रहे हैं। कुछ जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग अज्ञानता के चलते बाहरी तत्वों का साथ दे रहे हैं जबकि उनकी नीयत साफ नहीं लग रही है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से बाहरी तत्वों की जांच कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने कहा कि आस्था के नाम पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विनोद गड़िया, चंदन चौहान, चंदन दानू, आदि ने भी प्रशासन से बाहरी क्षेत्र से आ रहे संतों का सत्यापन करने, अतिक्रमण कर सरकार व वन विभाग की भूमि पर कब्जा करने व आस्था को चोट पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



रानीखेत माउंटेन बाइकिंग की जानकारी देते आयोजक मंडल के सदस्य।

रानीखेत माउंटेन बाइकिंग का आयोजन 21 को

रानीखेत : रानीखेत माउंटेनियरिंग और आउटडोर क्लब आरएमओसी की बैठक में द्वितीय रानीखेत माउंटेन बाइकिंग एमटीबी का आयोजन 21 जुलाई को करने का निर्णय लिया गया। स्थानीय प्रशासन, एसएसबी और कुमाऊं रेजिमेंट केंद्र के सहयोग से आरएमओसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए दो अलग-अलग वर्ग रखे गए हैं। 13 किलोमीटर की फैली फन राइड तथा 35 किलोमीटर की स्पर्धा होगी। उत्तराखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिभागी अपना बाइकिंग कौशल दिखाएंगे। प्रतियोगिता में 55,000 रुपये का पुरस्कार पूल है। यह पुरस्कार राशि चार श्रेणियों में वितरित की जाएगी। जिससे अपने-अपने वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान मान्यता मिलेगी। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण जारी हैं। फन राइड में प्रतिभागियों का स्वागत 150 रुपये के पंजीकरण शुल्क के साथ किया जाता है। जबकि प्रतिस्पर्धी सवारी का विकल्प चुनने वाले 500 रुपये का पंजीकरण करा सकते हैं। सरकारी स्कूलों के छात्र रैली में नि :शुल्क प्रवेश कर सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति आरएमओसी वेबसाइट के माध्यम से अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं। दोनों दौड़ों का ग्रैंड फिनाले और उसके बाद का जश्न होटल पार्वती इन में होगा।

लमगड़ा थाने के बाहर धरना-प्रदर्शन करते ग्रामीण।

दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी को लमगड़ा थाने का घेराव

अल्मोड़ा : विकासखंड लमगड़ा में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों का आक्रोश भड़क गया है। रविवार को राष्ट्रीय सेवा संघ ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ थाने का घेराव किया। घटना के 24 दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। लोगों ने कहा कि बीते 24 दिन पूर्व जैंती क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना सामने आई थी। पीड़ित की ओर से पुलिस में तहरीर दी गई। पूर्व में भी एसएसपी से मुलाकात कर आरोपी की गिरफ्तारी की लोग मांग कर चुके हैं। इसके बाद भी आरोपी पकड़ से बाहर है। इस दौरान गुस्साए ग्रामीणों से वार्ता करने सीओ सदर मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को जल्द आरोपी को पड़कने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। यहां गोविंद फुलारा, दीपक सुयाल, हरेंद्र रौतेला, सुभाष मिश्रा, भुवन बिष्ट समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

लाट और देवली में जरूरतमंदों को बांटी राहत सामग्री

अल्मोड़ा। रेडक्रास सोसायटी की ओर से विकासखंड हवालबाग के ग्राम पंचायत लाट और देवली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों को तिरपाल समेत राहत सामग्री बांटी गई। वहीं मौके पर डॉ. जेसी दुर्गापाल ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष मनोज सनवाल ने ग्रामीणों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इधर, सोसायटी की ओर से गंगनाथ मंदिर मनोज विहार खत्याड़ी में पौधरोपण किया।

सेना भर्ती की तैयारी में जुटे युवक की मौत

- स्टेडियम के लोहे के गेट पर अचेत अवस्था में लटका मिला युवक
- चिकित्सकों ने कही प्राइवेट पार्ट्स दबने की बात

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : सेना भर्ती की तैयारी कर रहा नायकगोठ निवासी विवेक भंडारी (22) पुत्र देवेन्द्र भंडारी रविवार सुबह यहां स्पोर्टस स्टेडियम में लोहे के मुख्य गेट के ऊपर बेहोशी की हालत में लटका मिला।

युवक को लटका देख स्टेडियम स्टाफ और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को नीचे उतारा और एंबुलेंस से उपजिला चिकित्सालय टनकपुर पहुंचाया। जहां डॉ. मानवेन्द्र शुक्ला ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करने वाले डॉ. आफताब आलम ने बताया कि युवक का प्राइवेट पार्ट बुरी तरह दबा हुआ है। माना जा रहा है कि स्टेडियम का गेट खुला न होने पर युवक ने लोहे के गेट के ऊपर चढ़कर अंदर जाने का प्रयास किया होगा और इस दौरान उसका प्राइवेट पार्ट गेट में दब गया। उन्होंने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों की जानकारी पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी। वहीं स्टेडियम गेट में करंट आने से घटना होने की बात भी कही जा रही है। इधर युवा पुत्र की मौत से माता-पिता और स्वजनों में कोहराम मचा है। मृतक विवेक भंडारी के पिता देवेन्द्र भंडारी ने बताया कि विवेक रोज की तरह सुबह स्टेडियम गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। वह मोटर मैकेनिक से आईटीआई कर रहा था। इन दिनों वह सेना भर्ती की तैयारी कर रहा था। इधर एसडीएम आकाश जोशी और कोतवाल योगेश उपाध्याय ने भी अस्पताल पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली।

विवेक भंडारी।

पेड़ पर लटका मिला सैनिक के पिता का शव

लोहाघाट : धूनाघाट क्षेत्र के जंगल में एक सैनिक के पिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम करवाने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। लोहाघाट थाने के उप निरीक्षक पूरन सिंह तोमर ने बताया कि मृतक की पहचान 52 वर्षीय महेश सिंह पुत्र दान सिंह, निवासी ग्राम कमलेख के रूप में हुई है। उन्होंने बताया मृतक 10 जुलाई को अपने घर से बिना बताए लापता हो गए थे। स्वजनों ने रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद स्वजनों ने 12 जुलाई को लोहाघाट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की जांच अपर उप निरीक्षक धर्मेंद्र प्रसाद को सौंपी गई है। मृतक के दो पुत्र हैं। एक पुत्र भारतीय सेना में तथा दूसरा घर पर है। घटना से स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दुकान का ताला तोड़ नगदी उड़ाई

अल्मोड़ा : भगोती क्षेत्र के जेठुआ में शनिवार देर रात दुकान से चोरों ने 10 हजार नगदी व घोगखाड़ेश्वर शिव मंदिर कुटिया से दो हजार रुपये व एक मोबाइल चुरा लिया। दुकान स्वामी ने मासी चौकी में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। शनिवार देर रात मासी-चौखुटिया मुख्य मोटरमार्ग के प्राथमिक पाठशाला जेठुआ के समीप भूपाल सिंह की दुकान के आगे के दरवाजों के दो ताले तोड़कर चोर कैश काउंटर में रखे लगभग 10 हजार रुपये उड़ा ले गए। वहीं 100 मीटर की दूरी पर स्थित शिव मंदिर में बाबा सूरदास के कमरे से लगभग दो हजार की नगद राशि व एक मोबाइल फोन भी चोरी किया गया। रविवार सुबह पीड़ित दुकान पहुंचा तो ताला टूट देख हक्का- बक्का रह गया।

अल्मोड़ा में 2357 ने दी परीक्षा

- पीसीएस परीक्षा को नगर में 3881 अभ्यर्थी थे पंजीकृत
- 1554 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को आयोजित पीसीएस की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 3881 अभ्यर्थियों में से 2357 ने परीक्षा दी, जबकि 1554 ने परीक्षा छोड़ी।

जिला मुख्यालय के विभिन्न केंद्रों में सुबह-शाम दो पालियों में परीक्षा संपन्न कराई गई। जिसमें पहली पाली की परीक्षा में पंजीकृत 3881 में से 1524 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में कुल 2327 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 1554 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों की परीक्षा से पूर्व डीएफएमडी व एचएचएमडी चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी व नोडल अधिकारी अंबा दत्त बलोदी ने बताया कि सभी केंद्रों में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

अल्मोड़ा में रविवार को परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

इन केंद्रों में संपन्न हुई परीक्षा

अल्मोड़ा इंटर कॉलेज अल्मोड़ा, अटल उत्कृष्ट विद्यालय राइंका अल्मोड़ा, एडम्स गर्ल्स इंटर कॉलेज अल्मोड़ा, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, रैमजे इंटर कॉलेज, विवेकानंद इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विवेकानंद बालिका इंटर कॉलेज, स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल, रानीखेत मिशन इंटर कॉलेज, नेशनल इंटर कॉलेज रानीखेत, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत।

इंद्रा कॉलोनी में बार खुलने की आशंका पर भड़के लोग

- बार खोलने पर उग्र आंदोलन शुरू करने की दी चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: नगर से सटे न्यू इंद्रा कॉलोनी में शराब बार खुलने की आशंका को लेकर वार्ड वासी मुखर हो गए हैं। रविवार को सिमकनी खेल मैदान में बैठक कर लोगों ने बार खुलने पर विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया।

इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नगर के लोअर मालरोड के पास बार खुलने की आशंका जताई जा रही है। इससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। कहा कि पूर्व में भी यहां शराब बार खोलने के लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया था। लेकिन अब तक मामले में कोई भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी है।

न्यू इंद्रा कॉलोनी में बार खोले जाने के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

विरोध जताने वालों में ये लोग रहे मौजूद

केपी जोशी, आनंद सिंह बिष्ट, आनंद सिंह लटवाल, नरेंद्र सिंह बघरी, भूपेंद्र सिंह अल्मिया, हरीश बिष्ट, दिनेश जोशी, गिरीश सिंह धर्मशक्तू, चंदन सिंह भोज, तारा दत्त खुल्बे, मनोहर नेगी, श्याम सुंदर, चतेंद्र सिंह, दीप चंद्र, दीवान सिंह भाकुनी, पूरन सिंह बिष्ट, हरी दत्त उप्रेती, बिशन सिंह राणा, देवी दत्त, दीवान धपोला, देवी दत्त तिवारी, मोहन सिंह कुमेया, राम सिंह रावत, आरसी पंत, प्रकाश लोहनी, मानस बिष्ट, एएस कंडवाल, नंदा सिंह दसौनी, सुजीत आदि रहे।

शराब की दुकान में तोड़फोड़ पर केस दर्ज

टनकपुर : चम्पावत के देवीधुरा में अंग्रेजी शराब की दुकान में तोड़फोड़ करने और सेल्समैन के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि शनिवार को देवीधुरा शराब की दुकान में कुछ लोगों ने तोड़फोड़ कर सेल्समैन नारायण सिंह बोरा के साथ गाली गलौज और मारपीट की। दुकान में कार्यरत दूसरे सेल्सममैन पवन सिंह ने पाटी थाने में टीकम सिंह मेहरा व चंदन सिंह मेहरा निवासी हल्द्वानी के विरुद्ध तहरीर सौंपी। जिसमें दोनों के द्वारा अंग्रेजी शराब की दुकान में तोड़फोड़ करने और सेल्समैन नारायण सिंह बोरा के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष देवनाथ गोस्वामी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता मंजूर नहीं, देंगे चुनौती

मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के राष्ट्रीय अधिवेशन में ऐलान, जिसकी लाठी-उसकी भैंस वाला माहौल नहीं बनने देंगे, मॉब लिंचिग रोकी जाए

कार्यालय संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार: आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अधिवेशन में सुप्रीम कोर्ट के तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने के फैसले को ख्वातीन की जिंदगी और खराब करने वाला बताया गया। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कहते हुए बोर्ड के प्रस्ताव में कहा गया कि जिस तरह हिंदुओं को हिंदू कोड लॉ के मुताबिक जिंदगी जीने का अधिकार है, उसी तरह मुसलमानों के लिए भी शरीयत एप्लीकेशन एक्ट 1937 मौजूद है। संविधान ने मजहब के मुताबिक (आर्टिकल 25) जिंदगी गुजारने का बुनियादी हक दिया है।

रविवार को मस्जिद झील पियाऊ, बहादुर शाह जफर मार्ग पर आयोजित बोर्ड के अधिवेशन में कई मुद्दों पर नाराजगी जताते हुए कहा गया कि लोकसभा चुनाव में जिस तरह का परिणाम आया था, उससे लगा कि मुसलमानों के खिलाफ नफरत कुछ कम होगी, लेकिन माब लिंचिंग जैसी घटनाएं अब भी हो रही हैं। कानून से खिलवाड़ ठीक नहीं है, ऐसे तो मुल्क में जिसकी लाठी, उसकी भैंस का माहौल बन जाएगा, बोर्ड इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। अधिवेशन में बोर्ड ने 9 प्रस्ताव पारित किए। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफ उल्लाह रहमानी और संचालन राष्ट्रीय महामंत्री मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दी ने किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौलाना सैयद अरशद मदनी, सैयद सआदत उल्लाह हुसैनी, डा. सैयद अली मोहम्मद नकवी और सचिव मौलाना अहमद वली, फैसल रहमानी, मौलाना मोहम्मद यासीन अली उस्मानी, मोहम्मद रियाज उमर, एआईएमआईएम मुखिया असदउद्दीन ओवैसी, जमीअत उलमा हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयदत महमूद असद मदनी, मोहतमा अतिया सिद्दीका समेत तमाम बड़ी हस्तियां मौजूद रहीं।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में शामिल राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दी, मौलाना अरशद मदनी आदि। ● अमृत विचार

उत्तराखंड के समान नागरिकता कानून को देंगे चुनौती

एक प्रस्ताव में कहा गया कि अल्पसंख्यकों को जो अधिक दिए गये हैं, उन्हें समान नागरिकता कानून खत्म कर देगा। केंद्र या राज्य सरकार को समान नागरिकता कानून की बात नहीं करनी चाहिए। ये मुसलमानों को कबूल नहीं है। उत्तराखंड सरकार के समान नागरिकता कानून के खिलाफ बोर्ड अदालत जाएगा।

वक्फ बोर्ड को कानूनी अधिकार दिए जाएं

वक्फ जायदाद दीनी और खैराती उद्देश्य से मुसलमानों के जरिए दिए गए हैं। मुसलमान ही इसके मुतवल्ली और सरपरस्त हैं, वही हकदार हैं। सरकार 2013 में वक्फ पर बनाए कानून पर कायम रहे। बोर्ड को कानूनी अधिकार दिए जाएं, ताकि वह वक्फ जायदाद कब्जेदारों से खाली करा सके।

सादगी से निकाह कर मिसाल पेश करें

● बुलढाणा में मेडिकल छात्र-छात्रा के निकाह को आदर्श बताकर आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने अमल में लाने को कहा

संवाददाता, मुंबई

अमृत विचार: मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बुलढाणा में सादगी भरे निकाह को बतौर मिसाल लोगों के सामने निकाह को आसान बनाने का फार्मूला रखा है। बोर्ड ने गुजारिश की कि यदि शरीयत पर कायम रहकर निकाह करेंगे तो लड़की वाले कभी दावत, दहेज के बोझ तले दबकर कर्जदार नहीं होंगे।

बुलढाणा में शनिवार को मोहम्मद इब्राहिम नूर के एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष में अध्ययनरत बेटे मोहम्मद आदिल का निकाह बारहदारी, मिलकापुर के मोहम्मद जाकिर कलीम की मेडिकल छात्रा बेटी से सादगी से मस्जिद-ए-मदीना, सैकलपुरा मिलकापुर में हुआ। बोर्ड ने इसे आदर्श बताकर दहेज की बुराई खत्म करने और फिजूलखर्ची से बचने का आह्वान किया है।

आसान और मस्नून निकाह के लिए अभियान चला रहा बोर्ड

बोर्ड की इस्लाह-ए-मुआशरा (समाज सुधार) कमेटी ने आसान और मस्नून निकाह के अपने अभियान में इस निकाह को शामिल करते हुए गुजारिश की कि वे इस फार्मूले को अपनाकर कजर्दार होने से बचें। निकाह का उद्देश्य दीन और ईमान की हिफाजत तथा फितनों से बचने की कोशिश है। शरीअत ने निकाह सादगी से करने और फिजूलखर्ची से बचने का हुक्म दिया है। कुरआन में भी इसराफ (फिजूलखर्ची) से मना किया गया है।

वलीमा में दिखावा से बचें

बोर्ड का कहना है कि वलीमा में दिखावा और फिजूलखर्ची नहीं होनी चाहिए। वलीमा में गरीबों को बुलाना चाहिए। रसूल (स.अ.व.) ने फरमाया है 'बुरी दावत वह है जिसमें सिर्फ अमीरों को बुलाया जाए।' वलीमा घर पर करें, हॉल में नहीं। हॉल में कई गैर इस्लामी काम होते हैं। इसी तरह हदया और तोहफों में दिखावे से बचें।

एक नजर

30 साल बाद खुला देवी उमा भगवती का मंदिर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित देवी उमा भगवती का मंदिर 30 साल से अधिक समय बाद रविवार को केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय की मौजूदगी में फिर से खोला गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीर्णोद्धार कार्य के बाद उद्घाटन समारोह के दौरान मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। राजस्थान से लाई गई देवी उमा की मूर्ति को धार्मिक मंत्रोच्चार के बीच गर्भगृह में स्थापित किया गया।

यौन उत्पीड़न के आरोप में स्कूल शिक्षक गिरफ्तार

महिसागर (गुजरात)। महिसागर पुलिस ने सरकारी स्कूल के शारीरिक प्रशिक्षक को 16 वर्षीय छात्रा का यौन उत्पीड़न करने तथा धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक कमलेश वसावा ने बताया कि लोगों ने जिले के वीरपुर तालुका के रंजीतपुरा गांव स्थित उच्च विद्यालय में तोड़फोड़ की। शिक्षक नाबालिग को परेशान कर उस पर उससे संबंध बनाने और चैटिंग के लिए दबाव डाल रहा था।

ग्वालियर के विद्यालय में छात्र के साथ कुकर्म

ग्वालियर। जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय के 9वीं के छात्र से वरिष्ठ विद्यार्थी ने कथित तौर पर कुकर्म किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना स्कूल के स्वास्थ्य केंद्र के बाशरूम में शनिवार को घटी। एएसपी निरंजन शर्मा ने कहा कि स्कूल प्राचार्य की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। 12 वर्षीय पीड़ित और आरोपी दोनों नाबालिग हैं और विद्यालय के छात्रावास में रहते हैं।

आर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

चेन्नई,एजेंसी

● तमिलनाडु में बसपा इकाई के अध्यक्ष की 5 जुलाई की रात को छह बदमाशों ने की थी हत्या

तमिलनाडु में बसपा इकाई के अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल मुख्य आरोपियों में से एक थिरुवेंगदम रविवार सुबह उत्तरी चेन्नई में माधवरम क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। आर्मस्ट्रांग की पांच जुलाई की रात को छह सदस्यीय गिरोह ने हत्या कर दी थी।

सीबीसीआईडी-पुलिस जांच कर रही है और अब तक 11 लोग गिरफ्तार किए गए। पुलिस हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद करने के लिए थिरुवेंगदम को उसके बताये गए स्थान पर ले गई तो आरोपी ने भागने के प्रयास में पुलिस उपनिरीक्षक पर हमला कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई जिससे आरोपी मारा गया। थिरुवेंगदम और 10 अन्य लोग 11 जुलाई से पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में है। वी पोन्नई बालू, के मणिवन्नन, थिरुवेंगडम, डी रामू, जे संतोष, एस थिरुमलाई, जी अरुल, डी सेल्वराज ने हत्या के तुरंत बाद आत्मसमर्पण कर दिया था।

लाल बत्ती लगाकर प्रयुक्त हुई आईएएस पूजा की कार जब्त

पुणे(महाराष्ट्र)। पुणे पुलिस ने विवादों में रहीं आईएएस की परिवीक्षाधीन अधिकारी पूजा खेडकर द्वारा कथित तौर पर लाल बत्ती लगाकर इस्तेमाल की गई लग्जरी कार रविवार को जब्त कर ली। पुणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने शहर की निजी कंपनी को नोटिस जारी किया था। खेडकर की यहां नियुक्ति के दौरान उनके द्वारा इस्तेमाल की गई ऑडी इसी कंपनी के नाम से पंजीकृत है।

अधिकारियों के अनुसार पंजीकृत उपयोगकर्ता का पता हवेली तालुका के शिवाने गांव था। खेडकर हाल में पुणे में अपने पदस्थापन के दौरान अलग कक्ष और कर्मचारी जैसी मांगों को लेकर विवाद खड़ा करने के बाद चर्चा में रही थीं। भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुने जाने के लिए उन्होंने दिव्यांगता और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा का कथित तौर पर दुरुपयोग किया था। खेडकर ने ऑडी पर लाल बत्ती का इस्तेमाल किया और बिना अनुमति उसपर महाराष्ट्र सरकार भी लिखवाया था।

ईडी ने अपने कार्यालयों में 29 अफसरों को किया नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देश भर में स्थित अपने कार्यालयों में विभिन्न पदों पर 24 से अधिक नवनियुक्त और हाल ही में पदोन्नत हुए अधिकारियों को तैनात किया है। ईडी ने पिछले सप्ताह सहायक निदेशक, उप-निदेशक और संयुक्त निदेशक के पदों पर कुल 29 अधिकारियों को नियुक्त किया था। इसमें ईडी कैडर के नौ अधिकारी हैं, जिन्हें केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पदोन्नत किया था।

एजेंसी में पहली बार हुआ है जब इतने सारे अधिकारियों को संयुक्त निदेशक (जेडी) बनाया गया है। आदेश के मुताबिक, कैडर के अधिकारियों को भुवनेश्वर, रायपुर, भोपाल, चेन्नई, गुवाहाटी स्थित कार्यालयों और दिल्ली स्थित मुख्यालय में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात किया गया है। ईडी में संयुक्त निदेशक एक महत्वपूर्ण पद है, जो धनशोधन से जुड़े मामले और विदेशी मुद्रा उल्लंघन से संबंधित जांच की निगरानी करते हैं।

युवक ने स्वयं को आईपीएस बता जींद में कालेज छात्रा की लूटी अस्मत

सिरसा। हरियाणा के पड़ोसी राज्य राजस्थान के हनुमानगढ़ के अजय नामक युवक ने स्वयं को आईपीएस अफसर बताकर इंस्टाग्राम के जरिए हरियाणा के जींद की एक कॉलेज छात्रा से फ्रेंडशिप कर ली। छात्रा से मिलने जींद चला आया। छात्रा को होटल में ले गया और छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक ने अश्लील वीडियो भी बना ली।

● राजस्थान के युवक ने इंस्टाग्राम के जरिए हरियाणा की छात्रा से की दोस्ती

जींद शहर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिंह ने बताया कि पीड़ित युवती जींद सदर थाना अंतर्गत एक गांव की है तथा जींद शहर में कालेज में पढ़ती है। स्वयं को आइपीएस बताने वाला युवक छात्रा को सरकारी नौकरी का झांसा देकर 3 लाख रुपए व जेवरात भी ले गया।

असमः बाढ़ में सुधार, तेजी से घट रहा पानी

गुवाहाटी, एजेंसी

● बाढ़ से 8,40,000 से अधिक लोग प्रभावित, अब तक 107 की हो चुकी है मौत

असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार जारी रहा और जलस्तर तेजी से घट रहा है। गुवाहाटी स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने बराक घाटी और मध्य असम के कुछ जिलों में बारिश की भविष्यवाणी के अलावा कोई चेतावनी जारी नहीं की है। शनिवार रात असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार धेमाजी जिले के गोगामुख राजस्व सर्कल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अब तक कुल 107 लोगों की मौत हो चुकी है।

बारपेटा, कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, गोलाघाट, हैलाकांडी, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नगांव, नलबाड़ी, शिवसागर और दक्षिणी सलमारा जिलों में बाढ़ से 8,40,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें कहा गया है कि कछार सबसे अधिक प्रभावित है, जहां लगभग डेढ़ लाख लोग बाढ़ से पीड़ित हैं, इसके बाद धुबरी में 1.27 लाख लोग और नागांव में 88,500 से अधिक लोग बाढ़ से पीड़ित हैं। प्रशासन 13 जिलों में 221 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र संचालित कर रहा है, जिसमें 72046 लोग है।

लोस में गौरव गोगोई बने कांग्रेस के उपनेता सुरेश मुख्य सचेतक

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने रविवार को सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा में पार्टी का उपनेता बनाने के साथ ही पार्टी सांसद के. सुरेश को मुख्य सचेतक तथा दो सचेतक नियुक्त किए।

कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन में कांग्रेस के उपनेता, मुख्य सचेतक और सचेतकों की नियुक्ति के बारे में सूचित किया है।

एनआरए की निष्क्रियता पर सरकार मौन : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी सरकार को कठघरे में किया खड़ा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) को लेकर मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चार साल पहले जिस एजेंसी को युवाओं के लिए वरदान बता रहे थे, वह आज किस वजह से निष्क्रिय हुई है इस बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए।

खरगे ने कहा कि एनआरए की घोषणा करते हुए मोदी ने अगस्त 2020 में कहा था - एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान है। सामान्य पात्रता परीक्षा से यह कई परीक्षाओं को समाप्त कर देगा और कीमती समय के साथ संसाधनों की भी बचत करेगा। इससे पारदर्शिता को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने मोदी से सवाल करते हुए कहा कि एनआरए ने चार वर्षों से एक भी परीक्षा क्यों नहीं कराई। क्यों एनआरए को 1,517.57 करोड़ का फंड देने के बावजूद 58 करोड़ ख़र्चा हुआ है। क्या जानबूझकर इसको निष्क्रिय रखा गया ताकि एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस युवाओं से आरक्षण का हक़ छीना जा सके।

एनआरए ने 4 वर्षों में एक भी परीक्षा नहीं कराई

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने का बीड़ा उठाया है। एनआरए ने चार वर्षों में एक भी परीक्षा क्यों नहीं कराई। खरगे ने जोर दिया था कि तीन से चार वर्षों में 8 करोड़ नई नौकरियों के सृजन ने बेरोजगारी के बारे में फर्जी बातें फैलाने वालों को चुप कर दिया है। एनटीए के जरिये धांधली, पेपर लीक व घोटाला कराया गया और एनआरए से परीक्षा ही नहीं करवाई गई। एनटीए नीट-यूजी जैसी परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर विवाद में है।

कारोबार/कृषि

एक नजर

10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करे झारखंडः केंद्र

नई दिल्ली। खान मंत्रालय ने झारखंड सरकार से सोने की खदान सहित 10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करने को कहा है। साथ ही मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि यदि राज्य ऐसा करने में विफल रहा, तो केंद्र इन खानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू करेगा। सूत्रों ने कहा कि ये ब्लॉक खोज के जी2 (सामान्य) और जी3 (प्रारंभिक) स्तर के हैं। 10 ब्लॉक में एक तांबे की खदान, एक चूना पत्थर की खदान और एक ग्रेफाइट खदान शामिल है।

मर्सिडीज की भारत में और ईवी असेंबल की योजना

नई दिल्ली। जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज-बेंज न केवल लागत लाभ हासिल करने बल्कि शून्य उत्सर्जन वाले परिवहन और कार्बन निरपेक्षता लक्ष्यों को हासिल करने के लिए देश में अपने संयंत्र में अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को असेंबल करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया फिलहाल अपने चाकन संयंत्र में अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक लक्जरी सेडान ईक्यूएस को असेंबल करती है।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5500 मसूरी- 5500 बासमती- 10000-10500 परमल- 3800-4000 दाल दलहन : काला चना-7700 साबुत चना दाल-7500-8600 मूंग साबुत-10500 राजमा-15000-16000 दाल उड़द-11500 साबुत मसूर दाल-7400-7600 मसूर दाल-8500 उड़द साबुत-13000 काबुली चना-12200-12800 अरहर दाल-16300-17000 लोबिया/करमानी-9000 सोयाबीन- 4500 मूंगफली-11200 मटर (सूखी)-5100 मक्का-2500

बजट सत्र में पेश हो सकता है बीमा संशोधन विधेयक

कंपनियों को स्वास्थ्य या सामान्य बीमा पॉलिसियों को अंडरराइट करने की मिलेगी अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

● इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता

सरकार 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है। संशोधन विधेयक में शामिल किए जा सकने वाले कुछ प्रावधानों में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना शामिल हैं। इस कदम से बैंकिंग क्षेत्र की तरह विभेदित बीमा कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। बैंकिंग क्षेत्र को इस समय सार्वभौमिक बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

समग्र लाइसेंस के प्रावधान से जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा या सामान्य बीमा पॉलिसियों को अंडरराइट करने की अनुमति मिलेगी। बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं, जबकि साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं।

इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता है। ऐसे में एक बीमा कंपनी एक इकाई के रूप में जीवन और गैर-जीवन, दोनों उत्पाद नहीं दे सकती है। सूत्रों ने बताया कि विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाना है। वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि इसे आगामी सत्र में पेश किया जाएगा।

आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करे सरकार

कोलकाता। प्रत्यक्ष कर पेशेवरों के निकाय ने सरकार से आगामी बजट में आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करने का अनुरोध किया है। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) के अध्यक्ष नारायण जैन ने रविवार को कहा कि सरकार को आयकर छूट की सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये करना चाहिए। उन्होंने अनुपालन को सुगम बनाने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जैन ने वित्त मंत्री दिए ज्ञापन में कहा कि पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच की आय पर 10 प्रतिशत, 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के लिए 20 प्रतिशत और 20 लाख रुपये से अधिक की आय पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाए। जैन कलकत्ता सिटीजंस इनिशिएटिव के भी अध्यक्ष हैं।

महंगाई को ध्यान में रख मानक कटौती किए जाए एक लाख

नई दिल्ली। परामर्श एजेंसी केपीएमजी ने उम्मीद जताई है कि 23 जुलाई को संसद में पेश होने वाले आम बजट 2024-25 में मानक कटौती को दोगुना करके एक लाख रुपये किए जाने, आवास ऋण पर दिए जाने वाले ब्याज पर कर छूट बढ़ाने और पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था को युक्तिसंगत बनाने की उम्मीद है। केपीएमजी ने एक टिप्पणी में कहा कि चिकित्सा व्यय, ईंधन लागत और समग्र मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसे में व्यक्तिगत व्यय में हुई बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए मानक कटौती को मौजूदा 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किए जाने की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि अधिक खर्च करने योग्य आय उपभोक्ताओं के हाथ में देने के लिए उम्मीद है कि नयी कर व्यवस्था के तहत मूल कर छूट सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया जाएगा।

एफपीआई ने पहले पखवाड़े में शेयरों में किए 15,352 करोड़ रुपये निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुधार की प्रतिबद्धता व मजबूत मांग से एफपीआई का भारतीय बाजार में प्रवाह बढ़ा

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजारों में 15,352 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। सरकार की सुधारों को जारी रखने की प्रतिबद्धता और मजबूत घरेलू मांग से एफपीआई का भारतीय बाजार में प्रवाह बढ़ा है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि विदेशी निवेशकों के लिए आम बजट आर्थिक वृद्धि के लिए सरकार की योजनाओं को समझने का सबसे प्रमुख घटनाक्रम है।

डिपॉजिटरी के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अबतक (12 जुलाई तक) शेयरों में शुद्ध रूप से 15,352 करोड़ रुपये डाले हैं। इससे पहले जून में उन्होंने शेयरों में 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया था। आम चुनाव को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने मई में शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की थी। एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉण्ड बाजार में 8,484 करोड़ का निवेश किया है। इससे इस साल अबतक बॉण्ड बाजार में उनका निवेश 77,109 करोड़ पहुंच गया। एफपीआई ने जनवरी, अप्रैल और मई में कुल मिलाकर 60,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं।

एमटीएनएल के बॉण्ड ब्याज का भुगतान करेगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

● 20 जुलाई की तय तारीख से पहले चुका दी जाएगी राशि : सूत्र

सरकार महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के बॉण्ड बकाया का भुगतान करेगी। दूरसंचार विभाग के एक सूत्र ने भरोसा दिया कि कोई चूक नहीं होगी और यह राशि 20 जुलाई की तय तारीख से पहले चुका दी जाएगी। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे एमटीएनएल के सामने खड़ा संकट टल जाएगा।

कंपनी ने बढ़ते वित्तीय संकट के बीच इस सप्ताह शेयर बाजार को बताया था कि वह अपर्याप्त कोष से कुछ बॉण्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई, 2024 को देय है। दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने कहा कि सरकार कदम उठाएगी और उक्त बकाया का भुगतान करेगी, और जोर देकर कहा कि इसपर कोई चूक नहीं होगी। एमटीएनएल ने कहा कि टीपीए के प्रावधानों के मद्देनजर, यह सूचित किया जाता है कि अपर्याप्त कोष के कारण, एमटीएनएल एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि जमा नहीं कर सकी है।

इंडियन ऑयल ने रेसिंग कार के ईंधन स्टॉर्म-एक्स का शुरू किया उत्पादन

नई दिल्ली। इंडियन ऑयल ने एड्रेनालाइन-पंपिंग मोटर रेसिंग के ईंधन का उत्पादन शुरू किया है और इसकी पहली खेप भेज दी है। कंपनी ने कहा कि ओडिशा के पारादीप में उसकी रिफाइनरी ने स्टॉर्म-एक्स का उत्पादन शुरू कर दिया है।

यह हाई-ऑक्टेन पेट्रोल विशेष रूप से रेसिंग कारों के लिए तैयार किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के निदेशक वी सतीश कुमार ने स्टॉर्म-एक्स की पहली खेप को रवाना किया। आईओसी की ईंधन बाजार में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

10 में 7 कंपनियों की पूंजी 1.72 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

● सबसे अधिक लाभ में आईटी क्षेत्र की कंपनी टीसीएस रही

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,72,225.62 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 522.74 अंक या 0.65 प्रतिशत के लाभ में रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजी 62,393.92 करोड़ बढ़कर 15,14,133.45 करोड़ रुपये पहुंच गया। टीसीएस का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रहा है। शुक्रवार को टीसीएस का शेयर 7 प्रतिशत चढ़ा। आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 31,858.83 करोड़ रुपये बढ़कर 5,73,258.78 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस 26,905.14 करोड़ बढ़कर 7,10,827.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जबकि एलआईसी 22,422.12 करोड़ रुपये बढ़कर 6,64,947.01 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर 17,668.92 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,156.81 करोड़ रुपये पर और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 9,066.19 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 21,60,628.75 करोड़ पर पहुंच गया। भारती एयरटेल 1,910.5 करोड़ रुपये बढ़कर 8,15,705.36 करोड़ रुपये हो गई।

इन कंपनियों की बाजारी पूंजी में आई गिरावट

एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 18,069.29 करोड़ रुपये घटकर 12,35,825.35 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 356.99 करोड़ रुपये घटकर 7,67,204.26 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 210.5 करोड़ रुपये घटकर 8,67,668.16 करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

अल्काराज ने जीता चौथा ग्रैंडस्लैम

लंदन, एजेंसी

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने रविवार को यहां सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 से हराकर 21 साल की उम्र में लगातार दूसरा विंबलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किया। यह ऑल इंग्लैंड क्लब के घसियाले कोर्ट पर पिछले साल के फाइनल मैच का दोहराव था जिसमें अल्काराज ने पांच सेट में जोकोविच को हराया था।

सेंटर कोर्ट पर रविवार को खेला गया फाइनल अल्काराज के लिए काफी आसान रहा जिसमें दर्शकों में कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन के वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन ने ट्रॉफी भेंट की। अल्काराज सिर्फ तीसरे सेट में 5-4 पर जीत के लिए सर्विस करते समय तीन मैच प्वाइंट बरकरार रखते समय लड़खड़ाए, पर उन्होंने खुद को संभाला और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में मिली जीत के बाद लगातार दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 2022 अमेरिकी ओपन में किशोर के तौर पर अपना पहला स्लैम खिताब जीता था। किसी भी खिलाड़ी ने 22 साल का होने से पहले उनसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीते हैं। इससे मेजर फाइनल्स में उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया। वहीं 37 वर्षीय जोकोविच अपने आठवें विंबलडन और 25वें ग्रैंडस्लैम खिताब से चूक गए। वह सर्जरी हुए घुटने पर पट्टी लगाए थे।

● लगातार दूसरे विंबलडन फाइनल में जोकोविच को हराकर कार्लोस बने चैंपियन

<< अल्काराज को विंबलडन की ट्रॉफी भेंट करतीं वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन।

सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने जीता महिला युगल खिताब

लंदन। कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने फाइनल में गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ को हराया। सिनियाकोवा का विंबलडन में यह तीसरा महिला युगल खिताब है। वहीं, हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट बचाकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। पैटन और हेलियोवारा ने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन को हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता।

ओलंपिक का जश्न मनाने के लिए मैराथन

ओलंपिक 12 दिन शेष

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के ओलंपिक अभियान और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) से ईस्पोर्ट्स को मान्यता मिलने का जश्न मनाने के लिए रविवार को यहां पेरिस में भारत मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। भारत के कुल 118 खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे। इनमें भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। आइओसी ने हाल में ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान की थी। आईओसी और सऊदी अरब सरकार के बीच अगले साल सऊदी अरब में ईस्पोर्ट्स ओलंपिक के आयोजन को लेकर करार भी हुआ है। पेरिस में भारत कार्यक्रम पारंपरिक खेलों के बीच ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान करता है। इस दौड़ का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को तेजी से बढ़ते भारतीय ईस्पोर्ट्स के साथ जोड़ना है। इस अवसर पर गिरिराज ने कहा डिजिटल इंडिया के बढ़ते अवसर ईस्पोर्ट्स जैसे नए खेलों का लाभ उठाने की बहुत संभावनाएं प्रदान करते हैं।

हजारों युवाओं ने भारतीय ईस्पोर्ट्स के साथ लिया मैराथन जश्न में हिस्सा। ● एजेंसी

खेल डायरी

अंशुमन की मदद के लिए बीसीसीआई ने बढ़ाए हाथ

मुंबई। कैंसर से लड़ रहे पूर्व क्रिकेटर और कोच अंशुमान गायकवाड़ की मदद के लिये भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाथ बढ़ाए हैं। बीसीसीआई पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज के इलाज के लिए एक करोड़ रुपये की तत्काल वित्तीय सहायता देगा। यह निर्णय 71 वर्षीय दिग्गज के समर्थन में क्रिकेट जगत और प्रशंसकों की व्यापक अपील के बाद आया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान समर्थन और सांत्वना देने के लिए गायकवाड़ के परिवार से व्यक्तिगत रूप से बात की। शाह ने कहा बीसीसीआई शीर्ष परिषद ने वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है, और हमने गायकवाड़ के इलाज के लिए तत्काल प्रभाव से एक करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया है। हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हमें विश्वास है कि वह इस बीमारी से उबरेंगे और मजबूत होकर उभरेंगे। प्रसिद्ध बल्लेबाज और कोच गायकवाड़ ने 1975 और 1987 के बीच 40 टेस्ट और 15 एकदिवसीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

सनीथ, तस्नीम ने वीवी नाटू मेमोरियल में जीते खिताब

पुणे। कर्नाटक के सनीथ डीएस और गुजरात की तस्नीम मीर ने रविवार को यहां वीवी नाटू मेमोरियल अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ क्रमश: पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। तीसरे वरीय सनीथ ने पुरुष एकल फाइनल में अपने ही राज्य के क्वालीफायर तुषार सुवीर को 44 मिनट में 21-15, 21-12 से हराकर खिताब जीता। तस्नीम ने बेंगलुरू में पिछला रैंकिंग टूर्नामेंट जीतने वाली देविका को महिला एकल फाइनल में 21-16, 21-13 से हराया। असम के सूरज गोएला और ध्रुव रावत की जोड़ी ने पुरुष युगल खिताब जीता जबकि महिला युगल खिताब आरती सारा सुनील और वीएस वर्षिणी की जोड़ी के नाम रहा। शिखा गौतम और नितिन कुमार की दूसरी वरीय जोड़ी ने मिश्रित युगल खिताब जीता।

अनहत और शौर्य स्क्वाश चैंपियनशिप के चौथे दौर में

नई दिल्ली। भारत की अनहत सिंह और शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमश: लड़कियों और लड़कों के वर्ग के चौथे दौर में प्रवेश किया। मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनहत ने तीसरे दौर में अमेरिका की सामंथा जाफे को 11-7, 12-10, 11-6 से मात दी। अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना जापान की अकारी मिडोरिकावा से होगा। वहीं बावा ने तीसरे दौर में अमेरिका के रस्टिन विसर को 4-11, 11-7, 12-10, 11-6 से पराजित किया जिससे प्री क्वार्टर फाइनल में उनकी भिड़ंत अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टाबेल्स से होगी।

पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर बिली इबादुल्ला का निधन

लाहौर। पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर बिली इबादुल्ला का शुक्रवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1964 और 1967 के बीच चार टेस्ट खेले और टेस्ट डेब्यू पर शतक लगाने वाले पाकिस्तान के पहले बल्लेबाज थे। इबादुल्ला ने 1964 में कराची में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और पहली पारी में 166 रन बनाए। वह अपने साथी डेब्यूटेंट और विकेटकीपर अब्दुल क़ादिर के साथ 249 रन की ओपनिंग साझेदारी का हिस्सा थे। यह साझेदारी एक कीर्तिमान थी, जो आज तक कोई भी नहीं तोड़ पाया है। यह टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए दो पदार्पण करने वालों बल्लेबाजों के बीच की सर्वोच्च साझेदारी थी।

आखिरी टी-20 में भारत ने जिम्बाब्वे को 42 रन से हराया, 4-1 से कब्जाई ट्रॉफी, मुकेश ने चटकाए चार विकेट

भारतीय युवा ब्रिगेड ने जीती श्रृंखला

हरारे, एजेंसी

संजू सैमसन (58) की मुश्किल समय में खेली गई अर्धशतकीय पारी और मुकेश कुमार (22 रन पर चार विकेट) की उम्दा गेंदबाजी की मदद से भारत ने पांचवें टी-20 मैच में रविवार को जिम्बाब्वे को 42 रन से धो दिया और इसके साथ ही भारत की युवा ब्रिगेड ने सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लिया।

हरारे स्पोर्टस क्लब मैदान पर भारत ने पहले खेलते हुए छह विकेट पर 167 रन बनाए जिसके जवाब में जिम्बाब्वे की पूरी टीम 125 रन पर सिमट गई। भारत की युवा टीम ने विदेशी दौरे में शानदार प्रदर्शन किया। पहला टी-20 मैच हारने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पलटवार करते हुए सीरीज के बचे हुए सभी चार मैच एकतरफा अंदाज में जीते। आज के मैच में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम एक समय 40 रन पर तीन अहम विकेट गंवा कर मुश्किल में फंस गई थी। ऐसे में संजू ने एक छोर संभाल कर मेजबान गेंदबाजी आक्रमण का संयम से सामना किया और रियान पराग (22) के साथ भारत के स्कोर को तीन अंको तक पहुंचाया। ब्लेसिंग मुजाराबानी की गेंद पर आउट होने से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज ने कई दर्शनीय शाट्स खेले जिसमें उनके चार ऊंचे छक्के शामिल थे। रियान के आउट होने के बाद संजू का साथ देने आए शिवम दुबे (26) ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और महज 12 गेंदो की पारी में दो चौके और दो छक्के जड़े, हालांकि वह पारी के आखिरी ओवर में रन चुराने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे लेकिन दूसरे छोर पर रिंकू सिंह (11 नाबाद) ने स्कोरबोर्ड को 167 रनो तक पहुंचाने में सफलता हासिल की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे का पहला विकेट पहले ही ओवर में मुकेश कुमार ने झटक कर अपने इरादे जता दिए थे। मुकेश ने स्पेल के अगले ओवर में ब्रायन बेनेट (10) को चलता कर मेजबान टीम को दूसरा झटका दिया। तड़िवनाशे मारुमानी (27) और डिओन मेयर्स (34) ने कुछ देर तक भारतीय आक्रमण के सामने टिकने की कोशिश की लेकिन वशिंगटन सुंदर ने मारुमानी को पगबाधा आउट कर पनप रही साझीदारी का अंत किया। कप्तान सिंकदर रजा (8) को शिवम ने सीधे थ्रो से रन आउट किया। मेयर्स की पारी का अंत शिवम दुबे ने ही किया। पुछल्ले बल्लेबाज में सिर्फ फराज अकरम (27) ही कुछ देर चले। उन्होने दो चौके और दो छक्के लगा कर दर्शकों का मनोरंजन किया मगर यह भारत को जीत से दूर करने के लिये अपर्याप्त पारी थी। भारत के लिए मुकेश कुमार के अलावा शिवम दुबे ने दो विकेट निकाले जबकि तुषार देशपांडे, अभिषेक शर्मा और वशिंगटन सुंदर को एक एक विकेट मिला।

पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में जिम्बाब्वे को 4-1 से हराने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती भारतीय युवा टीम। ● एजेंसी

स्कोर बोर्ड

भारत	167/6 (20 ओवर)		
	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल बो रजा	12	5	0/2
शुभमन गिल का रजा बो नगारवा	13	14	2/0
अभिषेक शर्मा का मेडेंडे बो मुजरबानी	14	11	1/1
संजू सैमसन का मरूमानी बो मुजरबानी	58	45	1/4
रियान पराग का नगारवा बो मावुता	22	24	0/1
शिवम दुबे रन आउट	26	12	2/2
रिंकू सिंह नाबाद	11	9	0/1
वाशिंगटन सुंदर नाबाद	1	1	0/0

अतिरिक्त : 10, **गेंदबाजी :** रजा 4-0-37-1, नगारवा 4-0-29-1, अकरम 4-0-39-0, मुजरबानी 4-0-19-2, मावुता 4-0-39-1

जिम्बाब्वे	125/10 (18.3 ओवर)		
	रन	गेंद	4/6
वेस्ली माधेवेरे बो मुकेश	0	3	0/0
ताडिवनाशे मरूमानी पगबाधा बो सुंदर	27	24	5/0
ब्रायन बेनेट का दुबे बो मुकेश	10	8	2/0
डियोन मायर्स का अभिषेक बो दुबे	34	32	4/1
सिकंदर रजा रन आउट	8	12	0/0
जॉनाथन कैंपबेल का देशपांडे बो दुबे	4	7	0/0
क्लाइव मेडेंडे का सैमसन बो अभिषेक	1	4	0/0
फराज अकरम का सैमसन बो मुकेश	27	13	2/2
ब्रेंडन मावुता का एवं बो देशपांडे	4	7	0/0
ब्लेसिंग मुजरबानी नाबाद	1	2	0/0
रिचर्ड नगारवा बो मुकेश	0	1	0/0

अतिरिक्त : 9, **गेंदबाजी :** मुकेश 3 .3-0-22-4, देशपांडे 3-0-25-1, बिश्नोई 3-0-23-0, सुंदर 2-0-7-1, अभिषेक 3-0-20-1, दुबे 4-0-25-2

शुभंकर 61वें और थेगाला चौथे स्थान पर

नॉर्थ बेरविक, एजेंसी

भारत के शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में इवन पार 70 का स्कोर बनाया जिससे वह जेनेसिस स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 61वें स्थान पर पहुंच गए। शुभंकर ने छह बर्डी लगाई लेकिन इसके साथ वह इतनी ही बोगी कर बैठे।

तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन अंडर है। स्वीडन के लुडविग एबर्ग ने 17 अंडर के कुल स्कोर के साथ दो शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। स्थानीय खिलाड़ी रॉबर्ट मैकइंटायर 15 अंडर के साथ दूसरे जबकि पीजीए टूर विजेता एडम स्कॉट 14 अंडर का कुल स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी साहित थेगाला (65-66-66) अमेरिका के कोलिन मोरिकावा (66), दक्षिण कोरिया के सुंगजे इम (67) और फ्रांस के एंटोनी रोजनर (68) के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इन सभी का कुल स्कोर 13 अंडर है।

अदिति एवियन चैंपियनशिप में 22वें स्थान पर पहुंचीं

एवियन लेस बैंस (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने तीसरे दौर के आखिरी चार होल में तीन बर्डी लगाकर चार अंडर 67 का कार्ड बनाया जिससे वह 22 पायदान की छलांग लगाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंच गईं। अब तक 30 से अधिक मेजर खेल चुकी अदिति का कुल स्कोर तीन दौर के बाद पांच अंडर पर है। इस प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि 80 लाख अमेरिकी डॉलर है, जिसमें से विजेता को 12 लाख डॉलर मिलेंगे। तीसरे दौर के बाद ऑस्ट्रेलिया की स्टेफनी काइरियाकौ जापान की अयाका फुरु और अमेरिका की लॉरेन कफ़लिन से एक स्ट्रोक आगे चल रही हैं।

पेरिस ओलंपिक में पदक का रंग बदलना चाहता हूं : निशांत देव

नई दिल्ली, एजेंसी

आत्मविश्वास से लबरेज मुक्केबाज निशांत देव की निगाहें इस महीने पेरिस ओलंपिक में भारत के मुक्केबाजी पदकों के रंग को कांसे से बदलकर स्वर्ण में करने पर लगी हैं। भारत के लिये तीन मुक्केबाज विजेंदर सिंह (2008), एमसी मैरीकॉम (2012) और लवलीना बोरगोहेन (2021) ने ओलंपिक पदक जीते हैं जिसमें सभी का रंग कांस्य पदक रहा है।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा कराई बातचीत के दौरान देव ने कहा मेरा लक्ष्य मुक्केबाजी में मिले पदकों का रंग बदलना है। हमारे देश के मुक्केबाजों ने अब तक कांस्य पदक जीते हैं, पर स्वर्ण और रजत पदक नहीं जीत सके हैं। देव ने कहा मैं कांस्य को रजत नहीं बल्कि स्वर्ण में बदलना चाहता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि मैं यह उपलब्धि हासिल कर सकता हूं।

● जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा कराई बातचीत के दौरान देव ने कहा, मुझे भरोसा है मैं यह उपलब्धि हासिल करूंगा

बॉलीवुड हलचल

रवि के साथ काम करेंगी उर्वशी

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, दक्षिण भारतीय अभिनेता रवि तेजा के साथ फिल्म प्रजाला मनीषी में काम करती नजर आ सकती हैं। प्रजाला मनीषी एक हाई-वोल्टेज मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म होगी। प्रोडक्शन हाउस, पीपल मीडिया फैक्ट्री, इस प्रोजेक्ट का निर्माण करेगा। यह फिल्म एक दमदार मास एंटरटेनर होगी। इस फिल्म में रवि तेजा, उर्वशी रौतेला और डिंपल हयाती मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म प्रजाला मनीषी को बहुत बड़े बजट में बनाया जाएगा। रवि तेजा, हरीश शंकर की मिस्टर बच्चन और भानु भोगवरपु द्वारा निर्देशित अपनी अनाम 75वीं फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। वे इस साल इन दोनों फिल्मों की शूटिंग पूरी कर लेंगे। इसके बाद अगले साल फिल्म प्रजाला मनीषी की शूटिंग शुरू होगी।

श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित फिल्म बनाएंगे सिद्धार्थ आनंद

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक सिद्धार्थ आनंद, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित फिल्म बनाने जा रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद एक इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं। यह फिल्म गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के जीवन की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कोलंबिया के 52 साल पुराने गृहयुद्ध को बिना एक भी गोली चलाए सुलझा दिया था। नीतू महावीर जैन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। यह एक वीडियो पोस्ट है जिसमें श्री श्री रविशंकर को अलग-अलग इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर सम्मानित किया जा रहा है। नीतू महावीर जैन ने वीडियो पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी है कि सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन एक इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म बनाने के लिये साथ आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में बताया है कि इस कहानी को बताना जरूरी है क्योंकि 52 साल पहले गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की वजह से ही बिना एक भी गोली चलाए कोलंबिया का गृहयुद्ध सुलझा था। इस फिल्म की कहानी लैटिन अमेरिका की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसे दुनिया भर के दर्शकों के लिए बनाया गया है। इसमें दुनिया भर से कई मशहूर कलाकार और क्रू मेंबर्स शामिल हैं।

कनाडा को हराकर तीसरे स्थान पर रहा उरुग्वे

चार्लोट (अमेरिका), एजेंसी

स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से बराबरी करने वाले उरुग्वे ने कनाडा को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया।

उरुग्वे निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले तक एक गोल से पीछे था लेकिन सुआरेज के गोल की मदद से वह 2-2 से बराबरी करने में सफल रहा। पेनल्टी शूट आउट में उरुग्वे की तरफ से फेडेरिको वाल्वरडे, रोड्रिगो बेंटानकुर, जियोर्जियन डी अर्रास्काएटा और सुआरेज ने जबकि कनाडा की तरफ से जोनाथन डेविड, मोइज बॉम्बिटो और मैथ्यू चोइनियर ने गोल किए। इससे पहले बेंटानकुर ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिला दी थी लेकिन कनाडा ने 22वें मिनट में इस्माइल कोने और 80वें मिनट में डेविड के गोल से 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।

कोपा कप के अपने आखिरी मुकाबले में कनाडा के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद उरुग्वे के खिलाड़ी। ● एजेंसी

अर्जेंटीना को हराने के लिए कोलंबिया को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : लोरेंजो

न्यू जर्सी। कैफेटेरोस के मैनेजर नेस्टर लोरेंजो ने शनिवार को कहा कि कोपा अमेरिका फाइनल में अर्जेंटीना को हराने के लिए कोलंबिया को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मौजूदा कोपा अमेरिका और विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना, फीफा की नवीनतम विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर है। इस बीच, कोलंबिया जो अपने दूसरे और 2001 के बाद से पहले कोपा अमेरिका खिताब की तलाश में है। 2022 की शुरुआत में 28 गेम अजेय रहने के बावजूद, रैंकिंग में 12वें स्थान पर है। लोरेंजो ने कहा हमें हर चीज के चैंपियन को हराने के लिए कोलंबिया का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने की जरूरत है। लोरेंजो ने 2022 कॉनमबोल-यूईएफए कप ऑफ चैंपियंस में इटली पर अर्जेंटीना की जीत का भी संकेत दिया। उन्होने कहा "अगर हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होता तो हम यहां नहीं होते। लेकिन अर्जेंटीना को हराने के लिए आपके पास प्रत्येक खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ संस्करण होना चाहिए और उसे गुणा करना होगा। केवल 10 खिलाड़ियों के साथ 45 मिनट से अधिक समय तक खेलने के बावजूद, कोलंबिया अपने आखिरी मैच में उरुग्वे को 1-0 से हराकर फाइनल में पहुंचा। दूसरे सेमीफाइनल में अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर आगे बढ़ाया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

इराक व सीरिया में जल्द खत्म होगा सैन्य अभियान : एर्दोआन

इस्तांबुल, एजेंसी

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने शनिवार को उत्तरी इराक और सीरिया में कुर्द लड़ाकों के खिलाफ तुर्की बलों के अभियान के शीघ्र समाप्त करने की घोषणा की। एर्दोआन ने इस्तांबुल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के स्नातक समारोह के दौरान कहा कि हम जल्द ही उत्तरी इराक में ऑपरेशन को बंद कर रहे हैं।

तुर्की ने उत्तरी इराक के मेटिना, जैप और अवासिन-बास्यान क्षेत्रों में गैरकानूनी कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी के ठिकानों को लक्षित करने के लिए वर्ष 2022 में उत्तरी इराक में ऑपरेशन क्लॉ-लॉक शुरू किया था। राष्ट्रपति ने कहा कि अलगाववादी संगठन अब तुर्की की सीमाओं के भीतर कार्रवाई करने में सक्षम नहीं है, जबकि इराक

● इस्तांबुल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के स्नातक समारोह के दौरान की घोषणा

और सीरिया में वह तेजी से घिरता जा रहा है। एर्दोआन ने सीरियाई कुर्द पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स (वाईपीजी) के खिलाफ उत्तरी सीरिया में तुर्की सेना के अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता के आधार पर, हमारी दक्षिणी सीमा पर सुरक्षा बेल्ट के लापता लिंक को पूरा करेंगे।

केपी शर्मा ओली नेपाल के नए प्रधानमंत्री नियुक्त

काठमांडू। नेपाल में सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष के. पी. शर्मा ओली को नयी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए रविवार को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। ओली (72) ने पुष्प कमल दहल प्रचंड की जगह ली है, जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हार गए थे। इसके बाद संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार नयी सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने ओली को नेपाल-यूनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस गठबंधन सरकार का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली नयी मंत्रिपरिषद के साथ सोमवार को शपथ लेंगे।

नेपाल में बस हादसे में मृतक संख्या पांच हुई

काठमांडू, एजेंसी

● चितवन जिले में भूस्खलन के कारण उफनती नदी में दो बसें बह जाने के बाद से लापता थे

नेपाल में बचावकर्मियों ने रविवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया जो पिछले सप्ताह चितवन जिले में भूस्खलन के कारण उफनती नदी में दो बसों के बह जाने के बाद लापता हो गया था। यह जानकारी पुलिस ने दी। इसके साथ ही इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है, जिनमें एक भारतीय भी शामिल है। बचाव दल को रविवार को गैंडाकोट-7 में पांचवां शव मिला।

बचाव दल शुक्रवार को भूस्खलन के बाद उफनती त्रिशूली नदी में दो बसों के बह जाने के बाद लापता यात्रियों की तलाश कर रहे थे। मायरिपब्लिका न्यूज पोर्टल ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि तलाशी अभियान के दौरान अब तक एक भारतीय समेत केवल पांच शव बरामद किए गए हैं।

अधिकारी ने बताया कि भारतीय नागरिक समेत तीन मृतकों की पहचान सार्वजनिक कर दी गई है, जबकि दो अन्य शवों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि पहला शव शनिवार सुबह दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर बरामद किया गया था। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बिहार के ऋषि पाल शाही (40) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि शव चितवन जिले की नारायणी नदी में रेत में दबा हुआ मिला था और उसकी जेब से एक भारतीय पहचान पत्र मिला है।

प्रकृति की नजारा

प. बंगाल के नादिया जिले में एक आदमी सूर्यास्त से पहले हुगली नदी के पार अपनी नाव चलाता हुआ। ● एजेंसी

एक नजर

इजराइल ने दमिश्क में स्थलों को निशाना बनाया

दमिश्क। इजराइल ने रविवार की आधी रात को सीरिया की राजधानी दमिश्क में सिलसिलेवार हमला करते हुए कई ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे पूरे शहर विस्फोट से गूंज उठा। सीरियाई राज्य टीवी ने कहा कि सीरियाई हवाई सुरक्षा दमिश्क के ग्रामीण इलाकों में इजरायली हमले को रोक रही है। सीरियाई वायु रक्षा मिसाइलों की लगातार आवाज के बीच इस बार का हमला सामान्य हमलों से बड़ा था। राजधानी के कुछ हिस्सों में एम्बुलेंस के सायरन सुने गए। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि यह हमला बहुत हिंसक था।

कंबोडिया में लापता सैन्य हेलीकाप्टर, तलाश जारी

नोम पेन्ह। कंबोडिया में लापता सैन्य हेलीकाप्टर के लिए खोज एवं बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि खराब मौसम की स्थिति के बीच खोज और बचाव अभियान जारी है। लापता सैन्य हेलीकॉप्टर में दो लोग सवार हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान पुरसैट और कोह कांग प्रांतों में घने जंगलों वाले कार्डामोन पर्वत श्रृंखला के ऊपर से उड़ान भरते समय हेलिकॉप्टर का वायुसेना मुख्यालय से संपर्क टूट गया। इसका कारण खराब मौसम बताया गया है। बयान में कहा गया, हेलीकॉप्टर में दो व्यक्ति सवार है जिनमें एक कैप्टन और एक पायलट। बयान में कहा गया कि खराब मौसम और धुंध के बावजूद खोज और बचाव अभियान जारी है।

दक्षिण अफ्रीका के जंगलों में आग से सात की मौत

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के क्वाज़ुलु-नताल प्रांत के जंगल में लगी भीषण आग के कारण सात लोगों की मौत हो गई और 196 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए। यह जानकारी प्रांतीय सरकार ने शनिवार को दी। सहकारी शासन और पारंपरिक मामलों के प्रांतीय विभाग ने एक बयान में कहा कि एक सप्ताह पहले लगी जंगल की आग ने कुल 751 लोगों को प्रभावित किया है और किंग सेत्सवेयो, इलेम्बे, उथुकेला और ज़ुलुलैंड सहित जिलों में खेतों और घरों को नुकसान पहुंचाया है। विभाग ने कहा कि आग से 14,000 हेक्टेयर से अधिक चरागाह भूमि नष्ट हो गई है और 1,600 जानवर मारे गए हैं। परिवहन और मानव बस्तियों की प्रांतीय परिषद के एक अधिकारी सिबोनिसो ड्यूमा ने कहा कि नष्ट हुए घरों की संख्या बढ़ रही है क्योंकि जंगल की आग बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वे प्रभावित परिवारों को खोजने का काम कर रहे हैं।

प. जापान में भूस्खलन में तीन लोगों की मौत

टोक्यो। जापान के पश्चिमी क्षेत्र एहिमे में भूस्खलन में फंसने से तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन कर्मियों और पुलिस ने एहिमे प्रान्त के मात्सुयामा में शनिवार दोपहर को आपदा प्रभावित क्षेत्र की तलाशी ली जहां दो पुरुष और एक महिला मृत पाए गए। बाद में पुष्टि की गई कि वे उस परिवार के सदस्य थे जो भूस्खलन के बाद से लापता थे। यह घटना शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग चार बजे हुई जब एक पहाड़ से लगभग 50 मीटर चौड़ी और 100 मीटर ऊंची ढलान ढह गई, जिससे मिट्टी आसपास के घरों में चली गई। पीड़ितों में 90 साल का एक पुरुष, 80 साल की एक महिला और 40 साल का उनका बेटा था, परिवार के सभी लोग एक लकड़ी के घर में रहते थे जो भूस्खलन के कारण ढह गया किसी के लापता होने की कोई रिपोर्ट नहीं है और भूस्खलन स्थल पर तलाश बंद कर दी गई है।

राजनीतिक हिंसा को बढ़ावा देगा ट्रंप पर हमला

अमेरिकी मीडिया ने पूर्व राष्ट्रपति पर हुए हमले को भयावह क्षण करार दिया और गंभीर खतरे से चेताया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी मीडिया ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को रविवार को भयावह क्षण करार दिया और कहा कि यह देश में लोकतंत्र के समक्ष राजनीतिक हिंसा से उत्पन्न होने वाले खतरे की गंभीर चेतावनी है। ट्रंप (78) पर शनिवार को पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान एक युवा हमलावर ने गोली चलाई, जो उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी।

द न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि शनिवार को अमेरिकियों को हमारे लोकतंत्र के समक्ष मौजूद राजनीतिक हिंसा के खतरे की चेतावनी मिली। समाचार पत्र ने कहा, अब दोनों दलों के नेताओं और व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से अमेरिकियों की यह जिम्मेदारी है कि वे हिंसा और इसे बढ़ावा देने वाले भड़काऊ बयानों का विरोध करें। अमेरिकियों को भी इस चुनौती के बारे में स्पष्ट रूप से सोचना चाहिए जिसका सामना यह देश कर रहा है। शनिवार की घटना को अपवाद नहीं माना जा सकता। हिंसा अमेरिकी राजनीति को संक्रमित व प्रभावित कर रही है।

द वॉल स्ट्रीट जनरल ने कहा कि हत्या का प्रयास अमेरिका के लिए

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के बाद अमेरिका मीडिया में प्रकाशित खबरें। ● एजेंसी

● द न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि दोनों दलों के नेता सामूहिक रूप से भड़काऊ बयानों का विरोध करें

● द वॉल स्ट्रीट जनरल ने कहा कि राजनीतिक शत्रुता और घृणित बयानबाजी से बढ़ती है ऐसी घटना

एक भयावह क्षण है जो इससे भी बदतर हो सकता था, लेकिन हम यह नहीं कह सकते कि यह पूरी तरह से आश्चर्यजनक है। समाचार पत्र ने कहा कि राजनीतिक शत्रुता और घृणास्पद बयानबाजी एक ऐसे स्तर पर पहुंच गई है, जिसकी वजह से अमेरिका में हिंसा व हत्या के प्रयास हुए हैं और हममें से कुछ लोगों को अब भी 1968 की घटना अच्छी तरह याद है। हमलावर अपने किए के लिए खुद ही जिम्मेदार है, लेकिन दोनों पक्षों के नेताओं को चुनाव के दौरान भड़काऊ बातें कहनी बंद कर देनी चाहिए, अगर कोई एक उम्मीदवार चुनाव जीत जाता है तो लोकतंत्र खत्म नहीं होगा। समाचार पत्र ने कहा, अगर ट्रंप जीतते हैं तो देश में तानाशाही नहीं आ जाएगी।

सीएनएन ने एक लेख में कहा कि एक पूर्व राष्ट्रपति और नवंबर में होने वाले चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से नामांकन स्वीकार करने से कुछ ही दिन पहले एक चुनावी रैली में ट्रंप को निशाना बनाया जाना निश्चित रूप से लोकतंत्र और अपना नेता चुनने के प्रत्येक अमेरिकी के अधिकार पर हमला है।

हमलावर को एक छत से दूसरी छत पर जाते देखा

वाशिंगटन। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार बेन मैकर नामक एक व्यक्ति ने कहा कि उसने हमलावर को एक छत से दूसरी छत पर जाते देखा। उसने एक अधिकारी को बताया कि ट्रंप अपने समर्थकों को जिस स्थान से संबोधित कर रहे थे, उससे लगभग 200 से 250 गज दूरी पर हमलावर था। मैकर ने कहा, जब मैं वापस अपनी जगह पर जाने के लिए मुड़ा तो गोलियां चलने लगीं और फिर चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। हम सब वहां से भाग गए। बटलर निवासी रयान नाइट ने भी कहा कि उसने संदिग्ध हमलावर को अमेरिकन ग्लास रिसर्च बिल्डिंग के ऊपर देखा था। नाइट ने कहा, मैं गोलीबारी से करीब 20 मिनट पहले उस घेराबंदी के पास जाकर खड़ा हो गया, जहां ट्रंप थे। जब मैं ऐसा कर रहा था तो मैं एजीआर बिल्डिंग के निकट ही था और हमलावर वहीं था। उसने कहा, जब मैं वहां बैठा था तो एक व्यक्ति ने कहा कि उसके पास एक बंदूक है। जब मैंने ऊपर देखा तो इमारत के ऊपर एक आदमी था जिसके पास एक एम16 और एक कंबल था और उसका निशाना राष्ट्रपति की ओर था। उसने गोली चलानी शुरू कर दी। चार से पांच गोलियां चलीं। मैं नीचे कूद गया।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने कहा कि वह रैली के चौंकाने वाले दृश्यों से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा, किसी भी रूप में राजनीतिक हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है और मेरी संवेदनाएं इस हमले के सभी पीड़ितों के साथ हैं।

फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने हत्या के प्रयास को एक त्रासदी करार दिया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, यह हमारे लोकतंत्रों के लिए एक त्रासदी है। फ्रांस अमेरिकावासियों के सदमे और आक्रोश को साझा करता है।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि वह ट्रम्प के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि चुनाव अभियान के आने वाले महीनों में संवाद और जिम्मेदारी नफरत तथा हिंसा पर हावी हो सकती है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने एक्स पर लिखा, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अभियान रैली के दौरान हुई गोलीबारी से मैं बहुत स्तब्ध हूं। उन्होंने ट्रंप के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की कोशिश की कड़ी निंदा की और शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की।

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानी ने कहा, यह उन लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत एक अक्षम्य हमला था, जो ऑस्ट्रेलियाई और अमेरिकी साझा करते हैं तथा स्वतंत्रता, जिसे हम संजोते हैं। ये मूल्य वे हैं जो दोनों देशों को एकजुट करते हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वे पेंसिल्वेनिया में चुनावी रैली में ट्रम्प पर गोली चलाए जाने की घटना से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा, इस तरह की हिंसा का कोई औचित्य नहीं है और दुनिया में कहीं भी इसके लिए कोई जगह नहीं है।

ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा, हमारे लोकतंत्र में किसी भी प्रकार की राजनीतिक हिंसा स्वीकार्य नहीं है। मैं हमले से प्रभावित पीड़ितों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि दुनिया को लोकतंत्र को चुनौती देने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा के खिलाफ़ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक हिंसा किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।

इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह और उनकी पत्नी ट्रम्प के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सारा और मैं राष्ट्रपति ट्रंप पर हुए हमले से स्तब्ध हैं। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

अमेरिकी राजनेताओं पर हुए हमलों का इतिहास

वाशिंगटन। अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को हुए जानलेवा हमले से पहले भी इस देश में राष्ट्रपतियों, पूर्व राष्ट्रपतियों और प्रमुख दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को निशाना बनाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। वर्ष 1776 से देश के राजनीतिक इतिहास में हत्या और हत्या के प्रयासों की कुछ ऐसी ही घटनाएं इस प्रकार हैं :

■ **अब्राहम लिंकन** : अब्राहम लिंकन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति थे, जिनकी जॉन वाइक्स बूथ ने 14 अप्रैल 1865 की गोली मार कर हत्या कर दी थी। घटना के दौरान वह अपनी पत्नी मेरी टॉड लिंकन के साथ वाशिंगटन के फोर्ड थियेटर में अवर अमेरिकन कजिन नाटक देख रहे थे। बूथ की 26 अप्रैल 1865 को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। वह वर्जीनिया के बाउलिंग ग्रीन के समीप खेत में छिपा मिला था।

■ **एम्स गारफील्ड** : गारफील्ड देश के दूसरे राष्ट्रपति थे जिनकी कार्यभार संभालने के छह महीने बाद हत्या कर दी गयी थी। वह दो जुलाई 1881 को वाशिंगटन में एक ट्रेन स्टेशन की ओर जा रहे थे तभी चार्ल्स गिटेऊ ने उन्हें गोली मार दी थी। गिटेऊ को जून 1882 में दोषी ठहराया गया और मृत्युदंड दिया गया।

■ **विलियम मैकिनले** : मैकिनले को छह सितंबर 1901 में न्यूयॉर्क के बफेलो में तब गोली मारी गई थी जब वह भाषण देने के बाद लोगों से हाथ मिला रहे थे। एक व्यक्ति ने नजदीक से उनकी छाती में दो गोली मारी। मैकिनले की 14 सितंबर 1901 में मौत हो गयी थी। उनके बाद उपराष्ट्रपति थियोडर रूजवेल्ट देश के राष्ट्रपति बने थे। डेट्रॉइट के 28 वर्षीय लियोन एफ ने गोली चलाने का अपराध स्वीकार किया गया था। उसे 29 अक्टूबर 1901 को करंट देकर मृत्युदंड दिया गया था।

■ **फ्रेंकलिन डी. रूजवेल्ट** : रूजवेल्ट ने मियामी में एक खुली कार से भाषण दिया ही था कि तभी गोलियां चलने की आवाज सुनायी दी। फरवरी 1933 में हुई इस घटना में रूजवेल्ट घायल नहीं हुए लेकिन इसमें शिकागो के मेयर एंटन कर्माक की जान चली गयी। इस हमले के दोषी गिसिप्पे जंगारा को मौत की सजा दी गयी।

■ **हैरी एस. ट्रूमैन** : ट्रूमैन नवंबर 1950 में वाशिंगटन के ब्लेयर हाउस में थे तभी दो बंदूकधारी उसमें घुस गए थे। बंदूकधारियों के साथ गोलीबारी में ट्रूमैन तो बच गए थे लेकिन व्हाइट हाउस का एक पुलिसकर्मी और एक हमलावर मारा गया था। व्हाइट हाउस के दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस हमले में ऑस्कर कैलाजो को गिरफ्तार किया गया था और उसे मौत दी गयी थी। 1952 में ट्रूमैन ने उसकी मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर ने 1979 में उसे जेल से रिहा कर दिया था।

■ **जॉन एफ. केनेडी** : केनेडी नवंबर 1963 में जब प्रथम महिला जैकलीन केनेडी के साथ डलास गए थे तो एक बंदूकधारी ने घात लगाकर उन पर हमला कर दिया था। केनेडी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने कुछ घंटों बाद ली हार्वे ओस्वाल्ड को गिरफ्तार कर लिया था और दो दिन बाद ओस्वाल्ड की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जब उसे पुलिस मुख्यालय से जेल ले जाया जा रहा था।

■ **गेराल्ड फोर्ड** : फोर्ड पर 1975 में कुछ ही हफ्तों के भीतर दो जानलेवा हमले किए गए थे और वह दोनों घटना में बच गए।

■ **रोनाल्ड रीगन** : रीगन मार्च 1981 में वाशिंगटन में भाषण देकर निकल रहे थे तभी भीड़ में शामिल जॉन हिंकले जूनियर ने उन्हें गोली मार दी। वह उपचार के बाद स्वस्थ हो गए थे।

■ **जॉर्ज डब्ल्यू बुश** : बुश 2005 में जॉर्जिया के राष्ट्रपति मिखाइल साकाश्विली के साथ रैली में भाग ले रहे थे तभी एक हथगोला फेंका गया। हथगोला फटा नहीं और कोई भी हताहत नहीं हुआ था।

■ **प्रत्याशी थियोडोर रूजवेल्ट** : पूर्व राष्ट्रपति रूजवेल्ट को 1912 में मिलवाकी में प्रचार के दौरान गोली मारी गयी थी। उन्हें इस हमले में कोई गंभीर चोट नहीं आयी थी।

■ **प्रत्याशी रॉबर्ट एफ. केनेडी** : केनेडी डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी बनने की दौड़ में शामिल थे तभी 1968 में लॉस एंजिलिस में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

■ **प्रत्याशी जॉर्ज सी. वालेस** : वालेस डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल थे तभी 1972 में मैरीलैंड में एक प्रचार अभियान के दौरान गोली मारी गयी थी। इस घटना के कारण उन्हें कमर के निचले हिस्से में लकवा मार गया था।

ट्रंप के फेसबुक, इंस्टाग्राम पर लगा प्रतिबंध हटाया

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

● प्रवक्ता ने कहा कि वह संभावित उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति बिडेन के बराबर में ला रहा

मेटा ने कहा कि कंपनी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर पहले लगाए गए किसी भी जुर्माने और प्रतिबंध को हटा रही है। मेटा के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह संभावित जीओपी उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति बिडेन के बराबर में ला रहा है।

वाशिंगटन डी.सी. में 6 जनवरी, 2021 के विद्रोह के तुरंत बाद कंपनी ने पहली बार ट्रम्प के सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके अकाउंट को दो वर्षों के लिए निलंबित कर दिया था।

जनवरी 2023 में मेटा ने कहा कि वह ट्रम्प को अपने मंच पर बहाल करेगा और अगले महीने उन्हें अपने अकाउंट तक पहुंच प्राप्त हुई लेकिन फिर भी उन पर जुर्माना और प्रतिबंध लगाए गए। मेटा की नवीनतम घोषणा के बाद, अगर ट्रम्प मेटा के सामुदायिक दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हैं, तो उन्हें बहुत कम संभावित निलंबन का सामना करना पड़ेगा जो केवल कुछ दिनों तक रह सकता है। मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष, निक क्लेग ने एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा है कि मूल निलंबन और दंड चरम और असाधारण परिस्थितियों की प्रतिक्रिया थी, और इसे लागू करने की आवश्यकता नहीं थी। क्लेग ने लिखा, अगले सप्ताह रिपब्लिकन सम्मेलन सहित पार्टी सम्मेलन जल्द ही होने के साथ, अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों को जल्द ही औपचारिक रूप से नामांकित किया जाएगा। राजनीतिक अभिव्यक्ति को स्वतंत्र रखना हमारी ज़िम्मेदारी है।

बंधुआ मजदूरी के आरोप में दो भारतीय नागरिक गिरफ्तार

रोम। इटली के वेरोना प्रांत में 33 कृषि श्रमिकों से बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप में दो भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी मजदूर भारतीय हैं। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। इससे कुछ दिन पहले एक सिख कृषि मजदूर की मौत से देश स्तब्ध हो गया था। समाचार एजेंसी एएनएसए ने शनिवार को खबर दी कि वित्त पुलिस ने संदिग्धों की 4,75,000 यूरो की संपत्ति भी जब्त की है, जो कृषि क्षेत्र की दो कंपनियों के मालिक हैं और इनमें कोई कर्मचारी नहीं है और उन पर कर चोरी का आरोप भी है। इतालवी समाचार एजेंसी ने बताया कि दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ बंधुआ मजदूरी और श्रमिकों के शोषण सहित अन्य अपराधों के लिए जांच की जा रही है।

इमरान खान और बुशरा बीबी फिर गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एवं उनकी पत्नी बुशरा बीबी को कथित भ्रष्टाचार के एक नये मामले की जांच के वास्ते रविवार को आठ दिनों की हिरासत के लिए भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारियों को सौंप दिया।

जिला एवं सत्र अदालत ने शनिवार को गैर इस्लामी शादी मामले में दोनों की दोषसिद्धि खारिज कर दी थी, जिसके शीघ्र बाद उन्हें राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने गिरफ्तार कर लिया था। इस अदालत के संक्षिप्त आदेश में यह भी कहा गया था कि यदि अन्य मामलों में दोनों वांछित नहीं हैं तो उन्हें तत्काल रिहा कर दिया जाए। खान दंपती के विरूद्ध नया तोशखाना मामला दर्ज करने वाली एनएबी ने रविवार को दोनों को जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अली वारिच के सामने पेश किया। न्यायाधीश ने कड़े सुरक्षा कारणों से अडियाला जेल के अंदर ही सुनवाई की।

भ्रष्टाचार मामला

● अदालत ने दोनों को 22 जुलाई को पेश करने का आदेश दिया

खान दंपती को गिरफ्तार करने वाली टीम की अगुवाई करने वाले एनएबी के उपनिदेशक मोहसिन हारून ने अदालत से अनुरोध किया कि दोनों को ब्यूरो की हिरासत में भेजा जाए। अदालत ने वकीलों की दलीलें सुनने के बाद दोनों को आठ दिनों के लिए एनएबी की हिरासत में भेज दिया। अदालत ने दोनों को 22 जुलाई को पेश करने का भी आदेश दिया।

पाकिस्तान में अस्थिरता और अनिश्चितता फैलाने में लगी ताकतों को बेनकाब किया जाए : शाहबाज

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने देश में अस्थिरता एवं अनिश्चितता फैलाने में लगे तत्वों को बेनकाब करने की जरूरत पर बल दिया है क्योंकि आर्थिक रूप से खस्ताहाल उनकी सरकार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। एआरवाई न्यूज की खबर है कि शरीफ ने सीनेट (पाकिस्तानी संसद के एक सदन) में पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के संसदीय दल के नेता तथा विदेश मामलों से संबंधित सीनेट की स्थायी समिति के अध्यक्ष इरफान सिद्दिकी के साथ बैठक के दौरान परोक्ष रूप से विपक्ष की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। किसी भी दल का नाम लिये बगैर प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को सरकार, देश एवं राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थानों के विरुद्ध चल रहे संगठित अभियान को विफल करने की प्रभावी रणनीति विकसित करने पर जरूर ध्यान देना चाहिए। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी सभी मोर्चों पर सरकार का विरोध कर रही है और आरोप लगा रही है कि पीएमएल-एन ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के जनादेश को चुरा लिया है। खान जेल में बंद हैं। विदेश मामलों से संबंधित सीनेट की स्थायी समिति का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सिद्दिकी को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने उम्मीद जतायी कि उनके नेतृत्व में यह समिति दुनिया में पाकिस्तान की सकारात्मक और शांतिपूर्ण छवि को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देगी।